ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● माघ शुक्ल पक्ष 12 ● विक्रम संवत 2079 ● गुरुवार, 02 फरवरी 2023 ● वर्ष-29 ● अंक -109 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

त्वरित टिप्पणी

चेहरे पर मुस्कान लानेवाला बजट

आनंद सिंह

साल 2023-24 का बजट बुधवार को पेश कर दिया गया। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार पांचवी बार बजट पेश किया। यह पांचवां पूर्ण बजट था। इसके बाद 2024-25 के लिए जो बजट पेश होगा, वह अंतरिम होगा, क्योंकि अगले साल लोकसभा के चुनाव होंगे।

मोटे तौर पर देखें तो इस बजट में क्या है? जवाब है : इस बजट में सभी को साधने की कोशिश की गई है। मजदूर से लेकर विद्यार्थी तक और व्यापारी से लेकर सामान्य स्वास्थ्यकर्मी तक। सभी के लिए कुछ न कुछ है। डायरेक्ट टैक्स देनेवाले इस देश की कुल आबादी के मात्र दो फीसद लोग इसलिए प्रसन्न हैं कि इनकम टैक्स का नया स्लैब बना दिया गया है। पुराना वाला भी है, लेकिन नया और पुराना, आप जो चाहें चुन सकते हैं। आपके पास ऑप्शन है। नए स्लैब में जाएंगे तो आपको कई स्थानों पर फायदा मिलेगा। मसलन, अगर आपकी सालाना आमदनी सात लाख रुपये तक है तो आपको एक रुपया भी टैक्स नहीं देना होगा। पहले यह स्लैब 5 लाख रुपये तक ही था। अब इस स्लैब को 5 लाख से बढ़ा कर 7 लाख रुपये कर दिया गया है। अगर सात लाख रुपये से ज्यादा है तो फिर आपको (3 से 6 लाख तक के लिए) 5 प्रतिशत, (6 से 9 लाख तक के लिए) 10 प्रतिशत, (9 से 12 लाख तक के लिए) 15 प्रतिशत कर देना होगा। तो, जो दो प्रतिशत लोग हैं, उनके लिए यह बजट बम-बम करनेवाला है। इसकी डिमांड पहले से भी की जा रही थी लेकिन एक कुशल डॉक्टर की तरह निर्मला सीतारमण अब तक बढ़िया पर थोड़ी कड़वी गोली ही देती आ रही थीं। इस बार उन्होंने मीठी गोली दी है। बीमारों की बीमारी बहुत हद तक उन्हें दूर हो गई लगती है।

सुबह 11 बजे जब वित्तमंत्री ने बजट भाषण पढ़ना शुरू किया तो बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज 550 अंक आगे बढ़ चुका था और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज 150 अंक आगे चल रहा था। दोपहर बारह बज कर 16 मिनट पर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की बढ़त मात्र 550 अंकों से गिरकर मात्र 375 अंकों की रह गई थी जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की बढ़त 150 अंकों से गिर कर मात्र 96 अंकों पर आकर फ्लक्चुएट कर रही थी। लेकिन, जैसे ही दोपहर के 1 बजे, ज्योंही वित्तमंत्री ने आयकर छूट की घोषणा की, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की बढ़त 1172.34 पर जा पहुंची। आप समझ सकते हैं तो समझें, इस बजट को बाजार ने सराहा है। शाबाशी दी है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स आज सेसेंक्स 61000 के पार चला गया था।

यह अमृतकाल का पहला बजट था। अमृतकाल के इस पहले बजट में कपास की खेती के लिए पीपीपी सिस्टम के तहत काम करने की बात कही गई है। कहा गया है कि आईसीएमआर के लैब्स पूरे देश में खोले जाएंगे। भारत को 2047 तक पूरी तरह एनीमिया मुक्त कर दिया जाएगा। 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोलने की भी घोषणा की गई है। इसके अलावा आप गौर करें तो पाएंगे कि वित्त मंत्री ने उन कैदियों की भी सुध ली है, जो बेचारे धनाभाव में जेल में पड़े हुए हैं। सरकार उन्हें वित्तीय मदद देने की सोच रही है। इसके अलावा एकलव्य स्कूलों के लिए 38800 शिक्षकों की भर्ती की भी बात इस बजट में है। चिकित्सा के क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर को बढ़ावा देने की बात की गई है तो खेती में स्टार्टअप को बढ़ावा देने का भी प्रस्ताव दिया गया है। रेलवे पर कुल 2.4 लाख करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे और रेलवे की 100 नई योजनाओं पर तेजी के साथ काम किया जाएगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के कुल आवंटन में 66 फीसद की बढ़ोत्तरी करते हुए इसका बजट 79 हजार करोड़ रुपये करने का भी प्रस्ताव है। बागवानी सेक्टर में भी 2200 करोड़ रुपये का बजट आवंटित करने का प्रस्ताव है तो व्यापार करनेवालों के लिए अब उनकी पहचान का काम उन्हें जारी पैन कार्ड से ही हो जाएगा। इतना ही नहीं, अब केवाईसी की प्रक्रिया को भी आसान बनाने की पहल की जा रही है। आने वाले दिनों में केवाईसी को लेकर जो इतना लफड़ा होता रहता था, वह सब दूर हो जाएगा।

अपने पांचवे बजट भाषण में वित्तमंत्री ने किसानों पर दरियादिली दिखाई है। उन्होंने किसानों के केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) पर मिलनेवाली छूट को बरकरार रखा है तो खेती के क्षेत्र में प्राइवेट लोगों के प्रवेश के लिए भी रास्ता बना दिया है। किसानों की आमदनी बढ़े, इसके लिए वह किसानों को डिजिटल ट्रेनिंग देने का भी प्रस्ताव दे रही हैं। इस बार वित्तमंत्री का ध्यान ई-न्याय ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

बम बम बजट

7 लाख रुपए तक की सालाना आय पर नहीं लगेगा कोई टैक्स

विशेष प्रतिनिधि। नई दिल्ली

साल 2023-24 के लिए पेश बजट में वित्तमंत्री सीतारमण ने टैक्स कटौती समेत तमाम बड़े ऐलान किए। अब 7 लाख रुपए तक की सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। वित्त मंत्री ने महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को बड़ी सौगात दी, तो किसानों, युवाओं और छात्रों के लिए बड़े ऐलान भी करने में पीछे नहीं रहीं। देशभर में 50 नए एयरपोर्ट्स का निर्माण करने की बात आई तो एक साल के लिए फ्री राशन स्कीम का ऐलान भी उन्होंने किया। वित्तमंत्री ने कहा कि कृषि से जुड़े स्टार्टअप को प्राथमिकता दी जाएगी। युवा उद्यमियों द्वारा कृषि-स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि त्वरक कोष की स्थापना की जाएगी तो वहीं, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन को ध्यान में रखते हुए कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये करने का ऐलान कर दिया। एग्रीकल्चर एक्सीलेटर फंड बनाने की भी घोषणा की गई। वित्त मंत्री ने हस्तशिल्प और अन्य वस्तुओं के निर्माण में लगे सीमांत श्रमिकों के लाभ के लिए एक नई पीएम विकास योजना की घोषणा भी की। एक नई योजना- पीएम प्रणाम योजना की भी शुरुआत होगी। यह योजना वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए होगी। इसके अलावा गोबर्धन स्कीम के तहत 500 नए संयंत्रों की स्थापना की जाएगी। अगले 3 सालों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए मदद की जाएगी। 10,000 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर खोले जाएंगे। 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे।

वित्तमंत्री ने बुधवार को महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को भी तोहफा दिया। उन्होंने महिला सम्मान बचत पत्र योजना की शुरुआत की घोषणा की। इसमें महिलाओं को 2 लाख की बचत पर 7.5 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा। वरिष्ठ नागरिक खाता स्कीम की सीमा 4.5 लाख से 9 लाख की जाएगी। रेलवे के बजट को बढ़ाकर इस बार 2.4 लाख करोड़ कर दिया गया है। रेलवे में 100 नई योजनाओं की शुरुआत होगी। निजी क्षेत्र की मदद से 100 योजनाओं की पहचान की गई है, जिस पर आगे काम किया जाएगा। रेलवे की नई योजनाओं के लिए 75 करोड़ रुपये का अतिरिक्त फंड दिया गया है। आने वाले वित्त वर्ष में जो नई परियोजना शुरू होंगी उन पर इसे खर्च किया जाएगा।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में बच्चों और किशोरियों के लिए एक नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी बनाने का प्रस्ताव रखा है। इससे जरिए कोरोना महामारी के दौरान बच्चों की पढ़ाई को हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। महिला सम्मान बचत पत्र योजना शुरू होगी। इसमें महिलाओं को 2 लाख की बचत पर 7.5 फीसदी का ब्याज मिलेगा। वरिष्ठ नागरिक खाता स्कीम की सीमा 4.5 लाख से 9 लाख की जाएगी।

हर वर्ग का सपना होगा पूरा

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट 2023-24 को लेकर अपने संबोधन में कहा कि करोड़ों विश्वकर्मा इस देश के निर्माता हैं। मूर्तिकार, शिल्पकार यह सभी देश के लिए मेहनत करते हैं। देश इस बजट में पहली बार अनेक प्रोत्साहन योजना लेकर आया है। ऐसे लोगों के लिए टेक्नोलॉजी, क्रेडिट और मार्केट की योजना की गई है। पीएम विश्वकर्मा योजना यानी विकास इन विश्वकर्माओं के लिए बड़ा बदलाव लाएगा। उन्होंने कहा : गांव में रहनेवाली महिलाओं से लेकर शहरी महिलाओं के लिए सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। ऐसे अनेक कदमों को पूरी ताकत से आगे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा महिलाओं के सेल्फ हेल्प ग्रुप भारत में बड़ी जगह अपने लिए ले चुका है। इन्हें संबल देने के लिए नई पहल बजट में किया गया है। महिलाओं के लिए एक विशेष बजट योजना भी शुरू की जा रही है। जन धन अकाउंट के बाद यह विशेष बचत योजना सामान्य परिवार की माओं को बड़ा फायदा देने वाली है।

मोदी ने कहा : भारत सरकार ने सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना बनाई है। सबसे बड़ी स्टोरेज कैपेसिटी के लिए। अब हमें डिजिटल पेमेंट की सफलता के लिए कृषि सेक्टर में दोहराना है। इसलिए इस बजट में हम डिजिटल एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर की बड़ी योजना लेकर आए हैं। हम मोटा अनाज (बाजरा) के लिए बड़ी योजना लेकर आए हैं। जब यह घर-घर पहुंच रहा है, पूरी दुनिया में पॉपुलर हो रहा है, तो इसका सबसे ज्यादा फायदा भारत के किसानों को होना है। इसलिए बजट में इसके लिए श्रीअन्न की बड़ी योजना बनाई गई है। इससे हमारे आदिवासी भाई-बहन जो किसानी करते हैं, उन्हें फायदे मिलेंगे और देश को इस क्षेत्र में बढ़ावा मिलेगा। बजट में हमने तकनीक और न्यू इकोनॉमी पर बहुत बल दिया है। डिजिटल भारत आज रेल, मेट्रो, वॉटरवेज आदि जगहों पर है।

भारत को नियमित रूप से बाजार अध्ययन, वैश्विक व्यापार की गतिशीलता को समझने के लिए क्षेत्र विशेष अध्ययन, व्यापार में बाधाएं, बाजार में प्रवेश के अवसर आदि के अध्ययन के लिए एक संस्थागत तंत्र की आवश्यकता है। इसमें एमएसएमई समूहों के लिए विशिष्ट बाजारों की मैपिंग भी शामिल हो सकती है। निर्यात सूचना पोर्टल के माध्यम से निर्यातकों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

- फिक्की

बजट में क्या खास ?

- सरकार ने नए टैक्स रिजीम के तहत इनकम टैक्स के स्लैब में भी बदलाव किए हैं। व्यक्तिगत आयकर की नई टैक्स दर अब 0-3 लाख रुपये की सालाना इनकम तक शून्य, 3 से 6 लाख रुपये तक 5 फीसदी, 6 से 9 लाख रुपये तक 10 फीसदी, 9 से 12 लाख रुपये 15 फीसदी, 12 से 15 लाख रुपये तक 20 फीसदी और 15 लाख से ऊपर 30 फीसदी रहेगी।
- वित्त मंत्री ने रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपये का ऐलान किया, जो अब तक का सबसे बड़ा रेल बजट है। साथ ही यह साल 2013-14 में रेलवे को दिए गए पैसे का करीब 9 गुना है।
- वित्त मंत्री ने 5.94 लाख करोड़ के रक्षा बजट का ऐलान किया। इस बार रक्षा बजट में सरकार ने नए हथियारों की खरीद, सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण, रक्षा क्षेत्र से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर और आत्मनिर्भर भारत पर खासा जोर दिया है।
- वित्त मंत्री ने कहा कि कस्टम ड्यूटी, सेस, सरचार्ज दर में बदलाव किया गया है। खिलौनों पर लगने वाले सीमा शुल्क घटाकर 13 फीसदी किया गया यानी अब खिलौने सस्ते हो जाएंगे। इसके अलावा साइकिल को भी सस्ता किया गया है। लिथियम आयन बैटरी पर कस्टम ड्यूटी में राहत दी गई है।
- वित्त मंत्री ने बताया कि अगले तीन वर्षों में 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए 38 हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। वहीं बच्चों की शिक्षा व्यवस्था भी बेहतर होगी।
- अगले वित्त वर्ष में जीडीपी के 5.9 फीसदी पर रहेगा राजकोषीय घाटा। वित्त मंत्री ने अगले वित्त वर्ष के दौरान देश के राजकोषीय घाटा या फिस्कल डेफिसिट के जीडीपी के 5.9 फीसदी पर रहने का अनुमान जताया।
- वित्त मंत्री ने कहा कि 2,200 करोड़ रुपये के एक्सपेंडिचर से हाई वैल्यू बागवानी फसलों के लिए रोग-मुक्त, क्वालिटी वाले पौध सामाग्री की उपलब्धता बढ़ाने के लिए आत्मनिर्भर स्वच्छ पौध कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।
- वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान पैकेज का ऐलान किया। इसके जरिए कारीगरों और शिल्पकारों की गुणवत्ता में सुधार लाने, उनके उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाने और एमएसएमई वैल्यू चेन से जोड़ने की कोशिश की जाएगी।

आत्मनिर्भरता वाला बजट

अमृतकाल का 2023 का बजट वित्त मंत्री ने आम आदमी गरीबों किसानों, ग्रामीण युवाओं के साथ-साथ मध्यमवर्गीय नौकरी पेशा को ध्यान में रखकर एक सराहनीय बजट प्रस्तुत किया गया है। इसमें देश में समावेशी विकास की ओर ले जाने का प्रयास किया गया है। शहरी महिलाओं से लेकर ग्रामीण महिलाओं के साथ-साथ वीमेन सेल्फ हेल्प के साथ सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण विकास पर बल दिया गया है। आधुनिक खेती के लिए किसानों को डिजिटल ट्रेनिंग के साथ उनके कृषि विकास के लिए ऋण की सुविधा का प्रावधान कर सतत विकास पर बल दिया है। पूंजीगत निवेश में 10 प्रतिशत की वृद्धि तथा संसाधनों के विकास पर लगभग 10 लाख करोड़ का निवेश, निश्चित रूप से रोजगार का सृजन होगा तथा लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) में 2 लाख करोड़ का निवेश आर्थिक विकास को बल प्रदान करेगा। यदि इसका कार्यान्वयन ईमानदारीपूर्वक समयबद्ध रूप में किया जायेगा। रेलवे के विकास के लिए 2.4 लाख करोड़ का प्रावधान कर वित्त मंत्री ने इसमें रोजगार में वृद्धि के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों के विकास पर भी बल दिया है। पिछड़े राज्य विशेषकर झारखंड प्रदेश के विकास के लिए 50 साल के लिए 1.5 लाख करोड़ ऋण की व्यवस्था का प्रोत्साहन देकर जिले के विकास पर भी बजट को केंद्रित किया गया है। नगर निगम अपना ब्रांड ला सकते हैं। इसके अंतर्गत जिले के विकास में भी वृद्धि हो सकती। अप्रत्यक्ष एवं प्रत्यक्ष कर में छूट देकर गांव के काश्तकारों से लेकर नौकरीपेशा, मध्यमवर्गीय नागरिकों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ प्रदान करेगा। गोवर्धन स्कीम के अंदर 500 प्लांट बनाने का प्रावधान किया गया, इससे झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। साथ ही हरित विकास के माध्यम से पर्यावरण पर विशेष बल दिया गया है। ऑर्गेनिक खेती के साथ-साथ ग्रामीण शिल्पकार एवं कर्मकार के लिए भी इस बजट में विशेष प्रावधान किया गया है। झारखंड के आदिवासी किसानों को भी हरित ऋण के माध्यम से इनके विकास निश्चित रूप से सराहनीय कदम माना जा सकता है। संक्षेप में इसे एक आत्मनिर्भर बनानेवाली बजट की संज्ञा दी जा सकती है। बशर्ते राजकोषीय घाटा को 5.9 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया जाना चाहिए था। आय से व्यय में यह अंतर आर्थिक रूप से देश पर ऋण का बोझ बढ़ाने की आशंका रहेगी।

- प्रो. एस. के. एल दास (पूर्व विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र एवं पूर्व डीन, बीबीएमकेयू)

क्या सस्ता

- मोबाइल फोन और कैमरे के लेंस सस्ते होंगे।
- विदेश से आनेवाली चांदी सस्ती होगी।
- एलईडी टीवी और बायोगैस से जुड़ी चीजें सस्ती होंगी।
- कुछ टीवी पुर्जों पर कस्टम ड्यूटी घटा दी गई है।
- इलेक्ट्रिक कारें, खिलौने और साइकिल सस्ती होंगी।
- हीट क्वायल पर कस्टम ड्यूटी घटाई।

क्या महंगा

- सोना-चांदी और प्लेटिनम महंगा होगा।
- सिगरेट महंगी होगी, ड्यूटी बढ़ाकर 16 प्रतिशत की गई।
- इंपोर्टेड दरवाजे और किचन चिमनी।
- विदेशी खिलौने महंगे होंगे।

करदाताओं को चुनावी उपहार

अब नया टैक्स रिजिम डिफॉल्ट रिजिम होगा

आय	टैक्स
0-03 लाख तक	कुछ नहीं
3-06 लाख तक	05%
6-09 लाख तक	10%
9-12 लाख तक	15%
12-15 लाख तक	20%
15 लाख से अधिक पर	30%

आशुतोष मिश्रा

वित्तमंत्री की मध्यम वर्ग को साधने की शानदार कोशिश

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश कर दिया है। इस बजट में उन्होंने बड़ा ऐलान करते हुए सात लाख रुपये तक की कुल कमाई करने वालों को बड़ी राहत दी है। इन लोगों को अब कोई टैक्स नहीं देना होगा। इसके अलावा इनकम टैक्स स्लैब की संख्या भी घटाकर 5 कर दी गई है। इससे मध्यम वर्ग जीवन के हर क्षेत्र में मुख्य धारा बना है। इस बजट में मध्यम वर्ग को सबसे ज्यादा राहत देने की कोशिश की गई है। इसस उनका जीवन स्तर सुधरेगा। सरकार ने मध्यम वर्ग के हित में कई फैसले लिए हैं। टैक्स कम किया गया है और उसकी प्रक्रिया भी आसान कर दी गई है। बजट में वित्त मंत्री ने महिला बचत सम्मान योजना लॉन्च करने का भी ऐलान किया है। उनका कहना है कि इससे महिलाएं बचत के लिए प्रोत्साहित होंगी। इसके तहत 7.5 फीसदी का सालाना ब्याज मिलेगा।

अन्नदाता किसानों के लिए भी वित्त मंत्री ने श्री अन्न योजना लॉन्च करने का ऐलान किया है। इसके तहत मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। श्री अन्न योजना शुरू करने का ऐलान किया है। इसके तहत बाजरा, ज्वार, रागी जैसे मिलेट्स के उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा मिलेट्स संस्थान की भी हैदराबाद में स्थापना की जाएगी।वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए कहा कि दुनिया में मंदी के माहौल में भी भारत की आर्थिक ग्रोथ सात फीसदी तक रहने का अनुमान है। यह भारत के लिए बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि देश की इकॉनमी का आकार बढ़ा है और हम दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि यह अमृतकाल का पहला बजट है। बीते कुछ सालों में हमने इकॉनमी को मजबूत करने के लिए जो नींव रखी थी, अब उस पर मजबूत इमारत खड़ा करने का मौका है। बजट में रेलवे के लिए 2.4 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वहीं अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए हर वर्ष 10 हजार करोड़ रुपये की रकम जारी की जाएगी।वित्त मंत्री ने शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट फंड का ऐलान किया है। टायर 2 और टियर 3 के शहरों के विकास में 10 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा वित्त मंत्री ने कहा कि शहरी स्थानीय निकायों को भी वित्तीय स्थिति मजबूत करने के लिए इन्सेंटिव दिए जाएंगे।

फार्मास्यूटिकल उद्योग के विकास में सरकार 1250 करोड़ रुपये करेगी खर्च

जल जीवन मिशन के मामले में यह आंकड़ा है 70 हजार करोड़ रुपये

बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा, अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट फंड बनाया जाएगा। इसका मैनेजमेंट नेशनल हाउसिंग बैंक देखेगा। इसका इस्तेमाल उन सरकारी एजेंसियों के लिए किया जाएगा जो कि टियर-2 और टियर-3 के शहरों का विकास करेंगी। उन्होंने कहा कि राज्यों को यूआईडीएफ का फायदा मिलेगा। इसके अलावा सरकार शहरों को इन्सेंटिव देगी जिससे कि वे अपनी अर्थव्यवस्था सुधार सकें और म्यूनिसिपल बॉन्ड के लिए तैयार हो सकें। सरकार ने स्वास्थ्य से लेकर आवास तक कई योजनाओं में बड़े स्तर पर खर्च की तैयारी की है। आंकड़े बताते हैं कि फार्मास्यूटिकल उद्योग के विकास में सरकार 1250 करोड़ रुपये खर्च करेगी। जल जीवन मिशन के मामले में यह आंकड़ा 70 हजार करोड़ रुपये है।

(लेखक गंगोत्री देवी महाविद्यालय, गोरखपुर के व्यवस्थापक हैं)।

इलेक्ट्रिक व्हीकल के निर्माण में 5172 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री आवास योजना में 79,590 करोड़ रुपये, एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल में 5943 करोड़ रुपये, पूर्वोत्तर में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 2491 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।युवा उद्यमियों द्वारा कृषि-स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि कोष बनाया जाएगा। वहीं, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मिशन मोड पर काम किया जाएगा।

वर्ष 2023 : बजट को किसी ने सराहा, तो किसी ने नकार

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद में आम बजट पर लोगों ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा लोकसभा में आम बजट पेश की। वित्त मंत्री के बजट पेश करने के बाद से लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है। आम बजट पर हुसैनाबाद शहर के विभिन्न वर्ग के लोगों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। किसी ने बजट की जमकर सराहा तो किसी ने इसे नकार दिया है। बजट को लेकर सरकार समर्थक और विरोधी बंटे हुए नजर आए। बजट का समर्थन करने वाले

भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह का कहना है कि इस बजट से देश आत्मनिर्भर हो सकेगा तथा आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा होगा। यह बजट पूरी तरह से संतुलित बजट है।

पूर्व राजद विधायक संजय कुमार सिंह यादव का कहना है कि यह बजट देशहित में नहीं है, बल्कि यह पूरी तरह से उद्योगपतियों एवं पूजीपतियों के हित में है। यह बजट आम जनता के हित से बिल्कुल परे है ।

शारदा भारती ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट गरीब, किसान मजदूर, छात्र, युवाओं महिलाओं के समग्र कल्याण और आत्मनिर्भर भारत के आधारभूत संरचना को मजबूत करने तथा जन जन को समर्थ बनाने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि बजट से गरीबों व किसानों, युवाओं व महिलाओं को बेहतर प्रदान करने वाला बजट है।

भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने आखिरी पूर्ण बजट वंचितों को वरीयता देने वाला, समाज के सपनों को पूरा करेगा। अमृत काल का पहला बजट विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव रखेगा। यह बजट गरीब, मध्यम वर्ग, किसान सहित आकांक्षी समाज के सपनों को पूरा करेगा। यह बजट बेहतर है।

सरोज देवी ने कहा कि पूरे देश में महंगाई आसमान छू रही है। बीते चार सालों में गैस सिलेंडर के भाव में रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। मौजूदा समय में गैस के दाम 1100 से उपर है। ऐसे में इस बार के बजट से महिलाओं को कोई खास फायदा नहीं हुआ है।

अभाविप छात्र नेता शशि कांत ने बताया कि केंद्रीय 2023-24 के इस बजट से मजबूत नींव का निर्माण होगा। यह बजट अमृत काल का पहला बजट विकसित भारत निर्माण की मजबूत नींव रखेगी। यह बजट गरीब, मध्यम वर्ग, किसान सहित आकांक्षी समाज के सपनों को पूरा करेगा। इस बजट से महिला का सम्मान बढ़ा, बच्चों और किशोरों के लिए डिजिटल लाइब्रेरी की घोषणा से जिला स्तर पर बच्चे कैसे पढ़ेंगे और बढ़ेंगे इसका उल्लेख किया गया है। नारी शक्ति एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण कैसे कर सकती है ।इसका प्रतिबिंब इस बजट में दिखता है। यह बजट मध्यम वर्ग के हित में है । इस बजट में जनजाति समाज की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए पीएम पीबीटीजी विकास मिशन शुरू किया जायेगा, ताकि पीबीटीजी बस्तियों को मूलभूत सुविधाओं से परिपूर्ण किया जा सके।

भाजपा नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलख पांडे ने बताया कि सबका साथ सबका विकास को देखते हुए सरकार के द्वारा यह बजट पेश किया गया है। यह बजट आम जनता के हित में राहत भरा है। बजट में सरकार ने सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए बनाया है। साथ ही सरकार महिला युवा बुजुर्ग व्यवसाय के हित में लाया है । विशेष रुप से अमृत महोत्सव को ध्यान में रखते हुए महिला सम्मान बचत पत्र जारी करने का निर्णय लिया है। यह एक सराहनीय कदम सरकार की ओर से है । रेलवे ,शिक्षा, स्वास्थ, सड़क का भी इस बजट में मुख्य रूप से ध्यान दिया गया है। आयकर सीमा सात लाख तक बढ़ाकर मध्यवर्गीय परिवार को राहत दिया गया है। इस बजट के लिए श्री पांडे ने प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

महिला मोर्चा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने आम बजट 2023 पर बताया कि सभी वर्गों को ध्यान में रखकर यह बजट बनाया गया है। जिसमें मध्यमवर्गीय परिवारों को बहुत ही राहत मिली है ।वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिये यह आम बजट मील का पत्थर साबित होगा। 1 साल के लिए बढ़ाई गई गरीब खाद्यान योजना लोगों के लिए राहत का कार्य करेगी । सात लाख की आय पर टैक्स नहीं लगने के कारण गरीब तबके के लोगों को बहुत फायदा होगा। कुल मिला जुला कर यह आम बजट किसानों ,महिलाओं एवं युवाओं के साथ साथ सभी वर्गों के सपनों को साकार करेगा।

वेद प्रकाश ने कहा कि खासकर युवाओ एवं छात्रों के लिए इस बजट में कौशल आधारित शिक्षा नीति, एक राज्य एक उत्पाद योजना , 47 लाख युवाओं को 3 साल तक भत्ता दिया जायेगा । अगले तीन वर्षो में सरकार आदिवासी छात्रों को समर्थन देने वाले 740 एकलव्य मॉडल स्कूलों के लिए 38, 800 शिक्षको और सहायक कर्मचारियों को नियुक्ति करेगी एवं 157 नए नर्सिंग कॉलेज की स्थापना भी की जायेगी । हमारे हिसाब से इस बजट में सभी वर्गो को ध्यान में रखते हुए इस बजट को लाया गया है। जिसके लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण धन्यवाद के पात्र हैं। उम्मीद करते है यह बजट लोककल्याण में साबित होगी।

झामुमो प्रखंड अध्यक्ष श्रवण प्रसाद ने कहा कि बजट जो आज पेश हुआ है। वह जनता के हित में नहीं है । यह सरकार हमेशा जनता के हित में कभी बजट पेश किया ही नहीं हमेशा पूंजी पतियों को ध्यान में रखकर बजट पेश किया गया है । ताकि पूंजीपतियों का भला हो । जनता के हित में कभी बजट पेश हुआ ही नहीं, जनता इस बजट से नाखुश है ।

भाजपा के समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि यह बजट बहुत ही लाभकारी है। देश के प्रधानमंत्री यशस्वी नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी परिणाम देगा यह बजट। देश के लिए यह एक अच्छा बजट है । खास कर यह बजट किसान व महिला को सम्मान देने का काम केंद्र सरकार ने किया है। साथ ही साथ गरीब मजदूर का भी हित इसमें है । मोदी ने देश के स्वाभिमान हैं । इनके नेतृत्व में भारत दुनिया में नंबर वन बनेगा और फिर से मोदी का डंका बजेगा।

दुष्कर्म से आहत युवती ने की आत्महत्या

मृतका की मां ने करायी प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। पीपरा थाना क्षेत्र के सरैया पंचायत अंतर्गत पिठौरा गांव की 15 वर्षीय नाबालिक युवती ने दुष्कर्म से आहत होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसकी प्राथमिकी दर्ज मृतका की मां ने पीपरा थाने में करायी है। यह घटना बीते रविवार 29 जनवरी के रात की है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार मृतिका की मां रीता देवी ने उसी गांव के पड़ोसी गोतिया महेन्द्र पाल के पुत्र गौतम पाल तथा रामाशीष पाल के पुत्र संतोष पाल को नामजद अभियुक्त बनाया है। जिसमें जबरन घर में घुसकर युवती का मुंह दबाते हुए दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप है। मौके पर पहुंची उसकी मां ने जब यह देखा और शोर मचाते हुए मौके ए वारदात पर संतोष पाल को धर दबोची तो आरोपियों ने उसके साथ भी धक्का मुक्की किया और झकझोर कर भाग निकले। वहीं घटना की जानकारी जब मां ने अपने दो बच्चों को देने गयी, तो उधर घटना से आहत होकर युवती ने घर के अंदर लकड़ी के धरण में अपने दुपटे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। गौरतबल है कि घटना के दिन मृतका की मां घर पर थी। जबकि उसके पिता श्रीकांत पाल गया में मजदूरी करने गया था। घटना के संबंध में पीपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि मृतका की मां के फर्द ब्यान पर मामला दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। साथ ही आरोपियों की धड़ पकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद से सभी नामजद आरोपी फरार है। उक्त आरोपियों को धारा 376 (1), 306, 34 भादवी एवं 4/8 पोक्सो एक्ट का अभियुक्त बनाया गया है।

पंचमुखी हनुमान मंदिर का भव्य निर्माण

नवीन मेल संवाददाता

नावा बाजार। स्थित ग्राम केतात एनएच के बगल में ग्रामीणों एवं भक्तों के द्वारा श्री मनोकामना सिद्ध पंचमुखी हनुमत मंदिर का भव्य निर्माण कराया गया है। जिसके प्राण प्रतिष्ठा के लिए 21 फरवरी दिन मंगलवार को महायज्ञ शुरू की जानी है। जिसका कलश यात्रा 22 फरवरी को एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा 25 फरवरी दिन शनिवार को यज्ञ पूणार्हुति एवं महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में अयोध्या एवं हरिद्वार काशी के विद्वानों पंडितों के द्वारा कथा प्रवचन प्रतिदिन श्रद्धालुओं को श्रवण कराया जायेगा । इस कार्यक्रम को लेकर केतात ग्राम के ग्रामीणों में पूजा अर्चना के प्रति काफी आस्था झलक रही है। लोग काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। जोर शोर से लोग तैयारी में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाई है । मौके पर सुरेश पांडे, राघवेंद्र चौबे, मनोज चौबे ,धनंजय चौबे,अर्जुन चौबे ,राजेश चौबे, रंजन चौबे ,अरविंद चौबे ,कश्यप चौबे ,अनिल चौबे ,अवध किशोर चौबे ,सेठ चौबे ,सुमित चौबे सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा।
(जिला निलाम शाखा)

:-प्रेस विज्ञप्ति:-

संविदा पर नीलाम पत्र पदाधिकारियों की नियुक्ति हेतु आवेदन

राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड, रांची का पत्रांक–2150/रा0, दिनांक–26.08.2020 के आलोक में जिले में नीलाम पत्र वादों के अधिक संख्या में लंबित रहने एवं पदाधिकारियों की कमी के कारण यह निर्णय लिया गया है कि केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार के सेवानिवृत पदाधिकारियों को संविदा पर एक वर्ष के लिये नीलाम पत्र पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति हेतु जिला नीलाम पत्र शाखा, चतरा (समाहरणालय, चतरा) में आवेदन जमा कर सकते है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि– 24.02.2023 है। नियुक्ति से संबंधित सभी जानकारी एवं आवेदन प्रारूप विभागीय वेबसाइट www.jharkhand.gov.in के अंतर्गत राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड, रांची के Publication & Announcement में Recruitment से अथवा सीधे bit.ly/2t6sjFv से डाउनलोड किया जा सकता है या जिला नीलाम पत्र शाखा, चतरा (समाहरणालय) से सम्पर्क किया जा सकता है। (www.chatra.nic.in)

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,
चतरा।

PR 288932 (District) 22-23 (D)

वीर भगत फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

उंटारी रोड। प्रखंड क्षेत्र के जोगा (जरही टोला) स्थित आजनवन विकास समिति सह वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में बुधवार को तीसरा लीग मैच हुसैनाबाद प्रखंड बनाम हैदरनगर प्रखंड के बीच खेला गया। जिसके मुख्य अतिथि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा सामाजिक कार्यकर्ता अभिमन्यु सिंह उर्फ बब्लू सिंह ने सर्वप्रथम खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद फुटबॉल को किक मारकर खेल का शुभारंभ किया। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभाओं की कमी नहीं है । जरूरत है सीमित संसाधन व सही मार्गदर्शन की । उन्होंने यह भी कहा कि यदि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद रहा तो आजनवन खेल मैदान को स्टेडियम का रूप दिया जाएगा। वहीं खेल शुरू होने से मध्यांतर तक दोनों टीमों के बराबरी के बाद दूसरे हाफ में हुसैनाबाद की टीम ने तीन शानदार गोल दागकर अगले चक्र सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

होल्डिंग टैक्स को लेकर बकायेदारों का भौतिक सत्यापन

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। नगर पंचायत में होल्डिंग टैक्स चोरी करने वालों व बिना ट्रेड लाइसेंस के व्यवसाय करने वालों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। नगर पंचायत प्रशासन ने सभी बकायेदारों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया है। कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को सिटी मैनेजर राकेश सिंह,नजीबुल्लाह अंसारी, हिमानी बाड़ा, एसएसपीएस के टीम लीडर राहुल चंदेल ने शहर के वार्ड एक स्थित ब्लॉक रोड में एक दर्जन से अधिक बकायेदारों के यहां जाकर भौतिक सत्यापन किया गया। साथ ही बकायेदारों को कड़ी चेतावनी दी गई कि यथाशीघ्र बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान करें । अगर निर्धारित समय पर होल्डिंग टैक्स जमा नहीं किया गया तो नगरपालिका एक्ट के तहत कारवाई की जाएगी। सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी ने बताया कि कई निजी भवन व व्यवसायिक प्रतिष्ठान का भौतिक सत्यापन किया गया है। उन्होंने कहा कि अभी भी अधिकांश मकान मालिक व दुकानदार वास्तविक तथ्य छुपाते हुए काफी कम टैक्स जमा कर रहें हैं। कई लोगों ने तो अभी तक होल्डिंग नम्बर भी नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि शहर के दर्जनों दुकानदारों को चिन्हित किया गया है। जो बिना ट्रेड लाइसेंस के दुकान का संचालन कर रहें हैं। उन्हें एक सप्ताह के अंदर ट्रेड लाइसेंस लेने का निर्देश दिया गया है। समय सीमा के अंदर ट्रेड लाइसेंस नही लेने वाले दुकानदारों पर भी कार्रवाई होगी। उन्होंने शहर के साफ -सफाई व विकास के लिए ससमय होल्डिंग टैक्स का भुगतान करने तथा दुकानदारों से ट्रेड लाइसेंस लेकर व्यवसाय करने की अपील की है।

प्रमंडलीय आयुक्त के सेवा निवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन

अजय पांडेय

मेदिनीनगर। प्रमंडलीय आयुक्त जटा शंकर चौधरी के सेवा निवृत्ति के अवसर पर मंगलवार की देर रात स्थानीय परिसदन भवन में जिला प्रशासन की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्रमंडल के तीनों जिले के उपायुक्त एवं वरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। समारोह में आयुक्त जटा शंकरी चौधरी ने कहा कि सेवा काल में उन्हें जो भी कार्य मिला उसे समय सीमा के अंदर पूरा किया। वे हमेशा कर्म पर भरोसा रखते हैं। मौके पर पलामू डीसी ऐ दोड्डे ने कहा कि आयुक्त ने अपने कुशल व्यवहार एवं कार्य से लोगों के दिलों में जगह बनाई। उन्होंने कहा कि पहली बाद आयुक्त से उन्हें काम करने का अनुभव प्राप्त हुआ है।

पलामू: तीन किलो गांजा के साथ तीन व्यक्ति गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के नावाजयपुर थाना की पुलिस ने नावाजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कसवाखाड़ा गांव से तीन किलोग्राम गांजा जब्त किया है। अवैध गांजा के साथ तीन आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी संजय रजक ने बताया है एसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना एवं डीएसपी सुरजीत कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए चिह्नि ठिकानों पर जांच की गई। चेकिंग अभियान के दौरान तरहसी के डेल्हा गांव निवासी नवीन कुमार के पास से गांजा बरामद किया गया है। पूछताक्ष में नवीन कुमार ने बताया कि कसवाखाड़ गांव निवासी अपने बहनोई के घर आया था तथा बहनोई दीपनारायण महतो से गांजा लेकर बरामद कर वापस जा रहा था। इसकी निशानदेही पर दीपनारायण महतो को हिरासत में लिया गया तथा साढ़े तीन किलोग्राम बरामद किया गया। पूछताक्ष के दौरान एक अन्य व्यक्ति मुकेश भुइया को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिय गया है। गिरफ्तार व्यक्तियों में दीपनारायण मेहता उम्र 40 पे0 ब्रहमदेव महतो ग्राम कसवाखाड़ थाना नावाजयपुर,नवीन कुमार मेहता उम्र 23 वर्ष पे0) जयकुमार महतो,मुकेश कुमार भुईयाँ उम्र 19 वर्ष पे0 जलेश्वर भुईयाँ दोनों ग्राम देलहा थाना तरहसी के नाम शामिल हैं।

छापामारी दल में शामिल टीम

डीएसपी सुरजीत कुमार,पु०नि० बिनुदेव पासवन, नावा जयपुर थाना प्रभारी संजय कुमार रजक,एसआई मुकेश कुमार साव, चालक अजीम अंसारी, हवलदार देवेन्द्र नाथ महतो, कमलाकांत महतो, बासिल केरकेटा, थाना के जवान विकास राम,चंद्रभूषण कुमार दुबे सहित अन्य जवान शामिल थे।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।

शुद्धि – पत्र

इस प्रमण्डल अन्तर्गत इस कार्यालय से आमंत्रित निविदा सूचना संख्या– **EE/RDSD/PALAMAU-17/2022-23/G.R.No.05** (जिसका P.R.संख्या 287130 है) से प्रकाशित निविदा सूचना अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल पलामू।

PR 288956 Rural Development(22-23)D

Garhwa Nagar Parishad
Address: Near Jyoti Shree Cinema Hall, Sahijana Road, Garhwa, Phone No.:

Reference No.- GNP/RFP-01/2022-23 Date: 31.01.2023

Tender Notice, IMPORTANT INFORMATION

Sr. No.	Particulars	Details
1.	Name of Work	Construction & Commissioning of Fecal SludgeTreatment Plant of Capacity 17 KLD at Garhwatown (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years
2.	Estimated Cost (INR)	Construction Cost: ₹ 2,47,95,439 Operation & Maintenance Cost: ₹ 1,58,86,388Total: ₹ 4,06,81,827
3.	Bid Security (INR)	₹ 406818.00/-. (Rupees Four Lakhs Six Thousand Eight Hundred Eighteen Only)
4.	Cost of Bid Document (INR)	₹ 25,000/- (Rupees Twenty Five Thousand Only); non-refundable
5.	Time of Completion	1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month oftrial run and 5 years of O&M post, DLP
6.	Date of e-publication of tender	06.02.2023
7.	Document downloading start Date	07.02.2023
8.	Start date for seeking clarification	07.02.2023
9.	End date for seeking clarification	14.02.2023
10.	Pre bid meeting date, Time & Venue	15.02.2023
11.	Bid submission end date	24.02.2023
12.	Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document	27.02.2023
13.	Bid opening date (online	28.02.2023
14.	Mode of Submission of Bids	e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in)
15.	Name &Address of office Inviting Tender	Executive Officer, Garhwa Nagar Parishad
16.	Helpline Number	8409053313, 7004403551

Complete bid document is available on website http://Jharkhandtenders.gov.in

Executive Officer
Garhwa Nagar Parishad

PR 288898 Urban Development(22-23)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 16/2022–23

(प्रथम आमंत्रण)

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 07.02.2023 के अपराह्न 3.30 बजे से
4. प्री बीड मिटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– 14.02.2023 के अपराह्न 12:30 बजे से, अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
5. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 23.02.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
6. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान :– 24.02.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक, 1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।
7. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 25.02.2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
9. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 9431516030
10. कार्य की विवरणी :– **Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Scheme on Solar Energy based Mini Water Supply Scheme in different blocks of Lohardaga District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 years Operation and maintenance works on "Turn-key basis" under D.W.& S.Division, Lohardaga for the year 2022-23 under JJM.**

क्र0	प्रखण्ड	ग्रामों की संख्या	टोलों की संख्या	योजना की संख्या	FHTC की संख्या	ग्रुप संख्या	प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Lohardaga	4	30	47	1089	Loh/SVS/Cluster- 6	507.89722	10.16000	0.10000	09 months
2	Lohardaga	4	31	57	1319	Loh/SVS/Cluster-7	510.56180	10.22000	0.10000	09 months
3	Lohardaga	3	19	68	1509	Loh/SVS/Cluster-8	593.72556	10.88000	0.10000	09 months
4	Lohardaga	6	41	86	1907	Loh/SVS/Cluster-9	754.24683	15.09000	0.10000	09 months
5	Bhandra	6	30	104	1524	Loh/SVS/Cluster-10	789.05950	15.79000	0.10000	09 months
6	Bhandra	9	42	124	2209	Loh/SVS/Cluster-11	993.46926	19.87000	0.10000	09 months
7	Senha	5	37	54	1075	Loh/SVS/Cluster-12	505.78692	10.12000	0.10000	09 months
8	Senha	4	31	42	1312	Loh/SVS/Cluster-13	537.93743	10.76000	0.10000	09 months
9	Senha	5	28	55	1661	Loh/SVS/Cluster-14	601.40896	12.03000	0.10000	09 months
10	Senha	11	39	61	1579	Loh/SVS/Cluster-15	643.00376	12.87000	0.10000	09 months
11	Kairo	5	25	72	992	Loh/SVS/Cluster-16	501.43400	10.03000	0.10000	09 months
12	Kairo	4	22	65	1562	Loh/SVS/Cluster-17	612.66272	12.26000	0.10000	09 months
13	Kairo	6	36	96	1436	Loh/SVS/Cluster-18	739.67122	14.80000	0.10000	09 months
14	Kuru	9	27	118	2226	Loh/SVS/Cluster-19	980.87506	19.62000	0.10000	09 months
15	Kuru	6	20	79	1316	Loh/SVS/Cluster-20	611.14632	12.23000	0.10000	09 months
16	Kuru	13	53	135	1944	Loh/SVS/Cluster-21	996.28516	19.93000	0.10000	09 months
17	Kuru	5	26	87	1420	Loh/SVS/Cluster-22	679.60156	13.60000	0.10000	09 months
18	Kuru	6	20	84	1443	Loh/SVS/Cluster-23	663.37082	13.27000	0.10000	09 months
19	Kuru	3	14	72	1240	Loh/SVS/Cluster-24	571.79594	11.44000	0.10000	09 months
20	Bhandra	3	20	83	1405	Loh/SVS/Cluster-25	659.52636	13.20000	0.10000	09 months
21	Bhandra	7	36	101	1308	Loh/SVS/Cluster-26	732.32002	14.65000	0.10000	09 months
22	Bhandra	6	28	81	1059	Loh/SVS/Cluster-27	588.31242	11.77000	0.10000	09 months

नोट : 1. निविदा की नियम एवं शर्ते आदि कार्यालय सूचना पट्ट एवं झारखण्ड सरकार के वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
3. संवेदकों का **UCAN** निबंधन अनिवार्य है।
4. प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 288946 Lohardaga(22-23)D

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • माघ शुक्ल पक्ष 12 • विक्रम संवत 2079 • गुरुवार, 02 फरवरी 2023 • वर्ष-29 • अंक-109 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

मैं अलग-अलग रोल करना चाहती... पेज 12 पर

सात लाख तक की इनकम टैक्स फ्री

बजट में 7 प्राथमिकताओं पर जोर

सीतारमण बोलीं, 'अमृतकाल में ये 'सप्तर्षि' हमें दिखायेंगे रास्ता'

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को संसद में भारत सरकार का आम बजट पेश किया। निर्मला सीतारमण ने बताया कि बजट में 7 मुख्य प्राथमिकताओं पर जोर दिया गया है। उन्होंने इन सातों प्राथमिकताओं को सप्तर्षि का नाम दिया और कहा कि अमृतकाल में ये सप्तर्षि हमें रास्ता दिखायेंगे।

क्या है 7 प्राथमिकताएं : 1. समावेशी विकास 2. आखिरी पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचना 3. इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश 4. क्षमता को उजागर करना 5. हरित विकास 6. युवा शक्ति 7. फाइनेंशियल सेक्टर

क्या है सप्तर्षि का सोच : गौरतलब है कि सप्तर्षि (सप्त + ऋषि) सात ऋषियों को कहते हैं । वेदों का अध्ययन करने पर जिन सात ऋषियों या ऋषि कुल के नामों का पता चलता है। उनमें वशिष्ठ, विश्वामित्र, कण्व , भारद्वाज, अत्रि, वामदेव और शौनक शामिल हैं।

वहीं पुराणों के अनुसार सप्तऋषि की नामावली इस प्रकार है:- क्रतु, पुलह, पुलस्त्य, अत्रि, अंगिरा, वसिष्ठ और मरीचि। कारीगरों और शिल्पकारों के लिए नई योजना वित्तमंत्री ने कारीगरों और शिल्पकारों के लिए एक बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि उनकी सहायता के लिए पीएम विश्व कर्म कौशल सम्मान- पैकेज तैयार किया गया है। इसके जरिये उन्हें गुणवत्ता में सुधार, उनके उत्पादों के लिए बाजार के विस्तार और पहुंच बढ़ाने के साथ ही एमएसएमई वैल्यू चेन से जोड़ने की कोशिश की जायेगी। मीडिल क्लास और सैलरीड क्लास की उम्मीदों को देखते हुए सरकार ने पर्सनल इनकम टैक्स में कई बड़े बदलाव किए हैं। वित्त मंत्री के ऐलान के मुताबिक, नए टैक्स रिजीम बदलाव किया गया है। इसके तहत टैक्स रिबेट को बढ़ाकर 7 लाख रुपये कर दिया गया है। यानी 7 लाख रुपये तक इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। इसके अलावा बेसिक एग्जेम्प्शन लिमिट 3 लाख रुपए कर दी गई। वही अब छह की जगह पांच स्लैब होंगे। न्यू टैक्स रिजीम में 15.5 लाख इनकम तक पर 52500 का स्टैंडर्ड डिडक्शन। न्यू टैक्स रिजीम में सरचार्ज घटकर 25 फीसदी हुआ। इसके साथ ही न्यू टैक्स रिजीम डिफॉल्ट टैक्स रीजीम बन जायेगी। अभी तक के ऐलानों में उन्होंने मुख्य रूप से मुफ्त खाद्यान्न योजना को एक साल के लिए बढ़ाने का ऐलान किया। साथ ही सरकार ने किसान, गरीब वर्ग के लिए कई पहल की हैं। इसके अलावा इकोनॉमी के लिए कैपेक्स से जुड़ा ऐलान खासा अहम रहा है। सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कैपेक्स टारगेट 33 फीसदी बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। सरकार इंपोर्ट घटाकर देश में इनके उत्पादन पर फोकस बढ़ाना चाहती है। वहीं लोकसभा चुनाव से पहले सरकार के लिए भी यह बजट बेहद अहम है। उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार इस बार के बजट में सबको खुश करने की कोशिश में जुटी हुई है। चुनावी साल होने के चलते लोगों की उम्मीदें भी काफी ज्यादा बढ़ी है।

कहां से आएगा रुपया

मोदी सरकार 2023-24 में जो एक रुपये खर्च करेगी वो पैसा उसके पास कहां से आएगा। एक रुपये में 34 पैसे सरकार उधार लेगी। 17 पैसे सरकार के जीएसटी से हासिल होगा। 15 पैसे उसे कॉरपोरेट टैक्स के जरिए प्राप्त होगा। 15 पैसे इनकम टैक्स से, चार पैसे देश में इंपोर्ट होनेवाले सामानों पर कस्टम ड्यूटी के जरिए हासिल होगा। सात पैसे सरकार पेट्रोल डीजल पर एक्साइज ड्यूटी लगाकर हासिल करेगी। पांच पैसे नॉन टैक्स रेवेन्यू के जरिए प्राप्त होगा। एक रुपये में दो पैसे सरकार गैर-कर्ज पूंजी प्राप्तियों के जरिए पैसे जुटाएगी।

कहां खर्च होगा रुपया

एक रुपये जो सरकार को प्राप्त होगा उसमें से 20 पैसे लिए गए उधार पर ब्याज चुकाने में सरकार खर्च करेगी। 18 पैसे सरकार वसूले गए टैक्स और शुल्कों में राज्यों को उनका हिस्से के तौर पर अदा करेगी जिससे वे अपना खर्च चला सकें। 17 पैसे सरकार अपनी योजनाओं पर खर्च करेगी। 9 पैसे वित्त आयोग और अंतरण के सिफारिशों के आधार पर पैसे ट्रांसफर करेगी। केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं पर 17 पैसे खर्च करेगी। रक्षा क्षेत्र पर 8 पैसे आम लोगों को सब्सिडी देने पर भी 7 पैसे खर्च किया जाएगा। 4 पैसे सरकार पेंशन देने पर और 8 पैसे अन्य प्रकार के व्यय पर सरकार खर्च करेगी।

सस्ता

एलईडी टीवी, कपड़ा, साइकिल, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, लिथियम सेल्स, खिलौना, मोबाइल कैमरा लेंस, हीरे के आभूषण, बायोगैस से जुड़ी चीजें वगैरह-वगैरह।

महंगा

सोना, आयातित चांदी के सामान, प्लैटिनम, विदेशी किचन चिमनी, एक्स-रे मशीन, विदेशी खिलौने, छाता, सिगरेट, शराब वगैरह-वगैरह।

केंद्रीय बजट को हेमंत ने बताया आशा के विपरीत, कहा-

गरीबों की जेब काटकर पूंजीपतियों को सहूलियत : सीएम

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बुधवार को पेश केंद्रीय बजट 2023-24 पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैं एक आशावादी व्यक्ति हैं। उनके जैसे करोड़ों आदिवासी, दलित, पिछड़े, किसान, युवा, महिला और मजदूर उम्मीद लगाए हुए थे। उम्मीद था कि स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार को लेकर विशेष प्रबंध किये जाएंगे। हमें उम्मीद थी कि जीएसटी कंपनसेशन के लिए समय बढ़ाया जाएगा, लेकिन आशा के विपरीत शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ग्रामीण भारत की जीवन रेखा मनरेगा के बजट में कटौती की गई है। नौकरी, रोजगार, महंगाई आदि विषय पर बजट की चुप्पी चिंताजनक है। मुख्यमंत्री

ने कहा कि नौकरी, रोजगार, महंगाई आदि विषय पर बजट की चुप्पी चिंताजनक है। विभिन्न कृषि उत्पादों पर मिलनेवाले न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बढ़ाने पर कोई चर्चा नहीं की गई है। मुझे तो लगता है कि उन्होंने मान लिया है कि इनके घोषणा करने मात्र से ही किसानों की आय दो गुनी हो गयी है ।

बजट में झारखंड की नजर से क्या है, ढूंढने का प्रयास : मुख्यमंत्री ने कहा कि हम तो झारखंड की नजर से इसमें अपने राज्य के लिए क्या किया गया है वह ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं। देश को प्रति किलोमीटर रेल पटरी के आधार पर सबसे ज्यादा मुनाफा कमा कर देनेवाले हम हैं, ऐसे में यात्री रेल के परिचालन का दायरा बढ़ना चाहिए था, हमें नई रेल लाइन मिलनी चाहिए थी, नये ट्रेन मिलने चाहिए थे। एयरपोर्ट युग से किनका भला होगा वह हम समझते हैं।

मध्यम वर्ग को सहारा देने के लिए भी सिर्फ शिगूफा मात्र छोड़ा गया : मुख्यमंत्री ने कहा है कि मध्यम वर्ग को सहारा देने के लिए भी सिर्फ शिगूफा मात्र छोड़ा गया है। सात लाख वाली नई टैक्स नीति से लोगों ने क्या खोया क्या पाया वह बाद में समझ में आएगा। बचत को हतोत्साहित करनेवाला यह बजट गरीब और मध्यम वर्ग के भविष्य को भी असुरक्षित करनेवाला है।

खाद्य एवं जन वितरण विभाग के बजट में 30 फीसदी की कटौती

एजेंसी। नई दिल्ली

2023-24 के केंद्रीय बजट में खाद्य और सार्वजनिक वितरण के लिए बजटीय आवंटन को 30 प्रतिशत घटाकर 2,05,513 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बुधवार को पेश बजट के मुताबिक 2023-24 के लिए बजटीय अनुमान 2,05,513 करोड़ रुपये है, जो 2022-23 के संशोधित अनुमान 2,96,303 करोड़ रुपये से 30 फीसदी कम है। केंद्र ने पहले ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को बंद कर दिया है, जिसे कोरोना काल के दौरान मार्च 2020 में शुरू किया था, जिसके तहत सरकार ने 31 दिसंबर, 2022 तक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

बजट में कोई विजन नहीं : राहुल गांधी

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को पेश केंद्रीय बजट को 'मित्र काल' का बजट करार देते हुए कहा कि इस बजट में कोई दिशा नहीं है। यह दिशाहीन बजट है। उन्होंने कहा कि मित्र काल बजट में नौकरियां पैदा करने के लिए कोई विजन नहीं, महंगाई से निपटने की कोई योजना नहीं है, असमानता को दूर करने का कोई इरादा नहीं है। इस बजट के बारे में क्या कहा जाए। 42 प्रतिशत बेरोजगार लोगों के बारे में कोई चर्चा नहीं की गई है। 1 प्रतिशत सबसे अमीर 40 प्रतिशत संपत्ति के मालिक हैं, 50 प्रतिशत सबसे गरीब 64 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करते हैं, 42 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं- फिर भी, पीएम को परवाह नहीं है। यह बजट साबित करता है कि भारत के भविष्य के निर्माण के लिए सरकार के पास कोई रोडमैप नहीं है।

झारखंड बीजेपी के नेताओं ने कहा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने इस बजट को ऐतिहासिक करार दिया है। उन्होंने गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस बजट से आधारभूत संरचना मजबूत होगी।

- दीपक प्रकाश, भाजपा

झारखंड, विशेषकर आदिवासी भाइयों के लिए कई लाभकारी कदम उठाए गए हैं। अमृतकाल का यह पहला बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा।

- बाबूलाल मरांडी

केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बजट को विकासोन्मुख बताया है। गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आम आदमी का इस बजट में ख्याल रखा गया है। नोकरी पेशा लोगों को आयकर में छूट दी गई है।

- अन्नपूर्णा देवी

अंत्योदय के लिए समर्पित मोदी सरकार ने लोक लुभावन बजट से इतर जनकल्याण वाला बजट पेश किया है। लोक लुभावन बजट में केवल वादे होते हैं, जबकि मोदी सरकार के बजट में बेहतर भारत के निर्माण के स्पष्ट इरादे हैं। अमृत काल के अपने पहले बजट में मोदी सरकार ने समृद्ध व समावेशी भारत की झलक पेश की है।

- रघुवर दास

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश आम बजट देशवासियों के विकासवाला बजट है। बजट में

यह बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करेगा : शाह



एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बजट 2023 को सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली मोदी सरकार के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और गति देगा। अमित शाह ने अपने श्रृंखलाबद्ध ट्वीट्स में कहा कि मोदी सरकार द्वारा लाया गया बजट-2023 अमृतकाल की मजबूत आधारशिला रखने वाला बजट है। मुझे विश्वास है कि यह सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली मोदी सरकार के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और गति देगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कैपिटल एक्सपेंडिचर में 33 फीसदी की वृद्धि करते हुए उसे 10 लाख करोड़ रुपये करना और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

यह बजट मोदी सरकार पर जनता के गिरते विश्वास का सुबूत : खड़गे

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 2023-24 के बजट को मोदी सरकार पर जनता के लगातार गिरते विश्वास का सुबूत करार दिया है। खड़गे ने बुधवार को बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मोदी सरकार का बजट जनता का, भाजपा पर लगातार गिरते विश्वास का सबूत है। ये केवल चुनाव को ध्यान रखकर बनाया बजट है, देश को ध्यान में रखकर नहीं। इस बजट में भयंकर बेरोजगारी का हल ढूंढ़ने की कोई भी कोशिश नहीं की है। हर घर महंगाई है, आम इंसान की आफत आई है। उन्होंने कहा कि बजट में ऐसा कुछ नहीं है जिससे रोजमर्रा की वस्तुओं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

आस्था शालिग्राम में प्रभु को देखनेवालों को देश-दुनिया कब पहचानेगी भला!

हाथ जोड़े, पलक-पांवड़े बिछाए ये कौन लोग हैं...?

बीपेंद्र कुमार सिंह। गोपालगंज

मैंने अपने शहर को इतना विह्वल कभी नहीं देखा! तीन से चार लाख लोग सड़क किनारे हाथ जोड़े खड़े हैं। अयोध्या में प्रभु श्रीराम की मूर्ति बनाने के लिए नेपाल से शालिग्राम पत्थर जा रहा है और आज वह ट्रक गोपालगंज से गुजर रहा है। कोई प्रचार नहीं, कोई कुलबुलाहट नहीं, पर सारे लोग निकल आये हैं सड़क पर... युवक, बूढ़े, बच्चे... बूढ़ी स्त्रियां, घूंघट ओढ़े खड़ी दुल्हनें, बच्चियां...। स्त्रियां हाथ में जल-अक्षत लेकर सुबह से खड़ी हैं सड़क किनारे! ट्रक सामने आता है तो विह्वल होकर दौड़ पड़ती हैं उसके आगे... छलछलाई आंखों से निहार रही हैं उस पत्थर को, जिसे राम होना है। बूढ़ी महिलाएं, जो शायद शालिग्राम पत्थर के राम-लखन बनने के बाद नहीं देख सकेंगी। वे निहार लेना चाहती हैं अपने राम को... निर्जीव पत्थर में भी अपने आराध्य को देख लेने की शक्ति पाने के लिए किसी सभ्यता को आध्यात्म का उच्चतम स्तर छूना पड़ता है। हमारी इन माताओं, बहनों, भाइयों को यह सहज ही मिल गया है। जो

लड़कियां अपने वस्त्रों के कारण हमें संस्कारहीन लगती हैं, वे हाथ जोड़े खड़ी हैं। उदण्ड कहे जाने वाले लड़के उत्साह में हैं, इधर से उधर दौड़ रहे हैं। मैं भी उन्हीं के साथ दौड़ रहा हूं। इस भीड़ की कोई जाति नहीं है। लोग भूल गए हैं अमीर-गरीब का भेद, लोग भूल गए अपनी जाति-गोत्र! उन्हें बस इतना याद है कि उनके गांव से होकर उनके राम जा रहे हैं। हमारे यहां कहते हैं कि सिया को बियाह के रामजी इसी राह से गये थे। डुमरिया में उन्होंने नदी पार की थी। हम सौभाग्यशाली लोग हैं जो रामजी को दुबारा जाते देख रहे हैं। पांच सौ वर्ष की प्रतीक्षा और असंख्य पीढ़ियों की तपस्या ने हमें यह सौभाग्य दिया है। हम जी लेना चाहते हैं इस पल को... हम पा लेना चाहते हैं यह आनन्द! माझा से लेकर गोपालगंज तक, मैं इस यात्रा में दस किलोमीटर तक चला हूं, दोनों ओर लगातार भीड़ है। कोई नेता, कोई संत, कोई विचारधारा इतनी भीड़ इकट्ठा नहीं कर सकती, यह उत्साह पैदा नहीं कर सकती। सबको जोड़ देने की यह शक्ति केवल और केवल धर्म में है, मेरे राम जी में है। गोपालगंज में कुछ देर का हॉल्ट है। साथ चल रहे लोगों के भोजन की व्यवस्था है, सो घंटे भर के लिए ट्रक रुक गया है। लोग इसी समय आगे बढ़ कर पत्थर को छू लेना चाहते हैं। मैं भी भीड़ में घुसा हूं, आधे घंटे की ठेलमठेल के बाद ठाकुरजी को स्पर्श करने का सुख... अहा! कुछ अनुभव लिखे नहीं जा सकते। उसी समय ऊपर खड़ा स्वयंसेवक शालिग्राम पर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

बजट पर नेताओं के विचार

अमृतकाल बजट में कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये करने से किसानों को अत्यंत आवश्यक वित्त उपलब्ध होगा और खाद्यान्न उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। फार्म इनपुट मार्केट इंटेलिजेंस और एग्रीटेक स्टार्टअप्स के लिए समर्थन एक लाभदायक कृषि पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करेगा।

- शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय बजट में कुल कैपेक्स (पूंजीगत व्यय) परिव्यय 33 प्रतिशत बढ़ाकर 7.5 लाख करोड़ रुपये से 10 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो इसे जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के 3 प्रतिशत के सर्वकालिक उच्च स्तर पर ले जाता है।

- सुमन चौधरी, एक्यूट रेटिंग्स एंड रिसर्च के वरिष्ठ अधिकारी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2023-24 के बजट में राज्य के सूखा प्रभावित क्षेत्रों को प्राथमिकता दी है। केंद्र सरकार ने राज्य की एक बड़ी परियोजना के लिए 5,300 करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्र सरकार को राज्य की ओर से परियोजना के लिए धन मुहैया कराने के लिए धन्यवाद देता हूं।

- बासवराज बोम्मई

केंद्रीय बजट केंद्र सरकार का लेखा विवरण होना चाहिए। इसने कितना कमाया और खर्च किया। अधिकांश देशों में बजट कोई बड़ी घटना नहीं होती है। भारत में वित्त मंत्री को साल में एक बार अर्थव्यवस्था पर देश की पकड़ का प्रदर्शन करने का मौका मिलता है।

-मनीष तिवारी, कांग्रेस नेता

आगामी बजट में केंद्र सरकार को अन्य मुद्दों के अलावा, आर्थिक विकास पर वैश्विक मंदी के प्रभाव, गिरते निर्यात और भारत के चालू खाते के घाटे में वृद्धि जैसे मुद्दों को संबोधित करने पर फोकस करना चाहिए।

- पी. चिदंबरम, कांग्रेस नेता

आम बजट को पक्ष ने सराहा, तो विपक्ष ने कहा: गरीबों की हुई अनदेखी

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को संसद में वित्तीय वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश किया। बजट के प्रावधानों के अनुसार टैक्स पेयर्स को सलाना 7 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। बजट में केंद्र सरकार ने कृषि, शिक्षा, हेल्थ, स्वास्थ्य, बीमा सहित सभी क्षेत्रों का ख्याल रखा है। बजट पर गढ़वा जिले के लोगों ने मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है।

केंद्र सरकार की बजट पेश कर दिया गया है। केंद्र सरकार के बजट पर सत्ता पक्ष के लोग बचट को सराहा, तो विपक्ष ने नकारते हुए गरीबों के हित के विपरीत बताया। केंद्रीय बजट ऐतिहासिक है। भारत को सुपर इकोनॉमी बनाने वाला बजट है। खासकर टैक्स स्लैब को पांच लाख से बढ़ा कर सात लाख किया जाना मध्यम वर्ग एवं वेतनभोगीयो को काफी राहत देने वाली है।

संजय चंद्रवंशी ने बजट की सराहना करते हुए कहा की महिलाओं एवं बच्चीयों को दो लाख तक के महिला सम्मान पत्र जमा पर साढ़े सात प्रतिशत व्याज, मासिक आय स्कीम एवं सीनियर सिटीजन के जमा पर प्रोत्साहन देना, कंज्यूमर प्रोडक्ट टीवी, मोबाइल, खिलौना, इलेक्ट्रिक वाहन को सस्ता करना आदि अनेक रियायत आम जन को दी गई है। एमएसएमई सेक्टर में तीन करोड़ तक टर्न ओवर पर इनकम टैक्स में छूट प्रदान करने से स्टार्टअप को बढ़ावा मिलेगा।

रेलवे का अब तक का सबसे बड़ा बजट दिया गया है। रेलवे एवं सड़क में सुधार की काफी संभावना है इस बजट में। बजट में किसानी खेती में स्टार्टअप, युवाओं के लिए शिक्षा, गरीबो के लिए आवास, भारतीय रक्षा के सुदृढ़ करना, व्यापारियों के लिये पैन कार्ड ही मुख्य पहचान होगा। यानी हर क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने के लिये इस बजट में काफी संभवानाएं हैं। अलखनाथ पांडे भाजपा कर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य।

केन्द्र सरकार की बजट युवाओं के हित में है केंद्र सरकार ने इस बार युवाओं को ध्यान में रखते हुए बजट तैयार किया है वही छोटे उद्यमियों को भी काफी बचत में ख्याल रखा गया है साथ ही इस बार का बजट सभी वर्ग के लिए काफी फायदेमंद है विपुल धर दुबे प्रदेश अध्यक्ष योगी सेना।

इस बजट में भी झारखंड को निराशा हाथ लगी। कोरोना महामारी के भयावह त्रासदी के बावजूद भी केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट नहीं बढ़ाया। अपेक्षानुसार शिक्षा और खेल क्षेत्र भी निराशाजनक रहा। युवाओं के रोजगार सृजन के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। कोरोना काल में प्रभावित हुए निचले तबके के लोगों के सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार ने कोई खाका तैयार नहीं किया। विगत वर्ष के बजट का लक्ष्य भी अधूरा रहा, देश को आगे ले जाने के लिए केंद्र सरकार को विभेदीकरण से बचना होगा। **धीरज दुबे केंद्रीय प्रवक्ता झारखंड मुक्ति मोर्चा।**

राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना सराहनीय कदम है। युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तैयार करने के लिए 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की स्थापना भी शिक्षा को रोजगार परक बनाने की दिशा में सराहनीय है। साथ ही राष्ट्रीय इंटर्नशिप स्कीम योजना की शुरूआत स्वागत योग्य है। 3 साल में 47 लाख युवाओं को स्टाइपेंड की व्यवस्था करने की बात कही गई है जिससे बेरोजगारी को दूर कर रोजगार उत्पन्न करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। बजट का सही रूप से क्रियान्वयन होने पर बजट युवाओं के सुनहरे भविष्य के लिए सार्थक साबित होगा। **मंजू शुक्ला छात्र**

केंद्रीय बजट में इस बार युवाओं का विशेष ख्याल रखा गया है महिलाओं के लिए विशेष बचत तैयार किया गया है सरकार के इस बजट से महिला सशक्तिकरण का बढ़ावा मिलेगा। **अनुप्रिया कुमारी, महिला**

राष्ट्रीय इंटर्नशिप स्कीम योजना एवं डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना स्वागत-योग्य है। मॉडल एकलव्य आवासीय विद्यालय में 38,800 शिक्षक एवं कर्मचारियों की नियुक्ति होने से जनजातिय समुदाय के बच्चों का भविष्य संवरेगा। शिक्षा को रोजगार परक बनाने की बात बजट में है। हम युवा भी यह चाहते हैं कि जो शिक्षा हम ग्रहण करें,उसके अनुरूप हमें जल्द से जल्द रोजगार मिले। **निशांत चतुर्वेदी, छात्र नेता**

केन्द्रीय बजट पर प्रति क्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट निम्न एवं मध्यम वर्ग के किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी, एवं शिक्षा के क्षेत्र में अति घोर निराशा जनक प्रतित हो रहा है।यह बजट से पूरे देश में शिक्षित नौजवान, बेरोजगारों के रोजगार का व्यवस्था नहीं है। मजदुरों के हित में यह बजट घोर निराशा जनक है। **वीरेंद्र साह, बसपा नेता**

केन्द्र सरकार द्वारा पेश किया गया बजट आम जनता के लिए राहत भरा है। इस बजट में सरकार ने सभी वर्गों का ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। साथ ही सरकार ने बजट में महिला, युवा, बुजुर्गों, व्यवसायियों का हित में बनाया गया है। विशेष रूप से आजादी का अमृत महोत्सव को ध्यान में रखते हुए महिला एवं बालिका को सम्मान में महिला सम्मान बचत पत्र जारी करने का निर्णय लिया है वो बहुत ही सराहनीय है। बजट में रेलवे, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य का ध्यान रखा गया है। सरकार ने यात्रियों को ध्यान में रखते हुए सड़क परिवहन एवं हवाई सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया है। साथ ही आयकर की सीमा 7लाख तक बढ़ा कर मध्यमवर्गीय परिवार को राहत दिया गया है। बजट बहुत ही रोजगारपरक एवं विकासोन्मुखी है। इसके लिए प्रधानमंत्री एवं वित मंत्री का बहुत - बहुत आभार। **दीपक विश्वकर्मा अध्यक्ष आजसू पार्टी**

निराशाजनक बजट : झारखंड के लिए कुछ नहीं इस बजट में

आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए कर्नाटक में सिंचाई परियोजना के लिए 5,300 करोड़, देश के लिए कोई यूनिफॉर्म को सिंचाई पॉलिसी नहीं। यूरिया सब्सिडी में पिछले साल की तुलना में 15% (लगभग 23,000 करोड़) की भारी कमी आई है। विगत वर्षों से पूरा देश मंहगाई की मार झेल रहा है-आटा, दाल, तेल, साबुन आदि, जिनका प्रयोग आम आदमी प्रतिदिन करता है, के दाम बहुत बढ़ गये हैं। 2023 के इस बजट में गांव.. गरीब.. किसान.. बेरोजगारो को 'झुनझुना' मिला..!! **परेश तिवारी, नेता झारखंड मुक्ति मोर्चा**

गढ़वा

NEWS इन ब्रीफ

अज्ञात अपराधियों ने क्षतिग्रस्त किया जेसीबी मशीन

धुरकी। थाना क्षेत्र के कदवा उर्फ लिखनीधोरा गांव में एक सडक निर्माण में लगी जेसीबी मशीन तथा ट्रेक्टर को अज्ञात अपराधीयों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। पुलिस अपराधियों के पहचान मे जुटी है विदित हो कि धुरकी थाना क्षेत्र के कदवा उर्फ लिखनीधोरा स्कूल से गोबरदाहा पुल तक पथ निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसमे लगे जेसीबी मशीन तथा ट्रेक्टर खड़ा था जहां मंगलवार के करीब 11 बजे रात मे अज्ञात अपराधीयो ने जीसीबी मशीन का शीशा तोड़ दिया। साथ ही टायर का हवा निकाल दिया यही हाल ट्रैक्टर का भी किया वाहनो की सुरक्षा में तैनात एक बुजुर्ग चंदू पासवान से घर का दरवाजा खुलवाय तथा ठिकेदार मुंशी के बारे में पुछताछ किया। जब चंदू पासवान ने कहा कि मै यहां अकेला हूँ, तो अपराधी दरवाजा बंद करनै की बात बोल वापस चला गये। यह घटना सुबह होते ही आग की तरह फैल गया।

20 बच्चों के बीच स्वेटर का किया वितरण

मंझिआंव। गढ़वा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत करमडीह पंचायत के ग्राम सरकोनी आंगनबाड़ी केंद्र पर मुखियापति इंतखाब अहमद खां के देखरेख में 20 बच्चों के बीच दो-दो स्वेटर बितरण किया गया। मौके पर सेविका सकीना बानो, साहिया मोसरत नासरीन, वार्ड सदस्य अंजुम खां, रफी आलम खां, सोशल मीडिया प्रभारी शाहबाज खान एवं कई ग्रामीण उपस्थित थे।

विद्यालय प्रबंधन समिति व ग्रामीणों की बैठक सम्पन्न

श्री बंशीधर नगर। राजकीयकृत उच्च विद्यालय चितविश्राम में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति और ग्रामीणों की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार व जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिता पूर्ति की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने सौहार्द्र वतावरण में ग्रामीणों के साथ बातचीत की। ग्रामीणों के साथ बैठक करने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी ने अंचलाधिकारी व अंचल निरीक्षक को विद्यालय की जमीन का मापी कर सीमांकन करने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी व अंचलाधिकारी की उपस्थिति में जमीन की मापी का काम शुरू किया गया। एसडीओ ने कहा कि आपके विद्यालय की चारदीवारी का निर्माण किया जाना है आप लोग सहयोग कीजिए, जिससे विद्यालय में चारदीवारी का निर्माण हो सके।

डीसी ने मध्य रात्रि में किया सदर अस्पताल का निरीक्षण

ड्यूटी से गायब डॉक्टर सीमा पर कार्रवाई का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा। डीसी रमेश घोलप ने मंगलवार की मध्य रात्रि में सदर अस्पताल का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रेशन काउंटर चिकित्सकों की उपलब्धि विभिन्न वार्ड, समेत अन्य व्यवस्थाओं की जायजा लिया। उस दौरान प्रसव विभाग में कार्यरत चिकित्सक डॉक्टर सीमा ड्यूटी से गायब पाई गई। वही इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर राजेश कुमार सोए हुए पाए गए। जिस पर डीसी ने डॉ राजेश कुमार को कड़ी चेतावनी देते हुए कार्य प्रणाली में सुधार करने का निर्देश दिया। वही ड्यूटी से गायब चिकित्सक डॉक्टर सीमा का वेतन काटते हुए

अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने बिना ड्रेस के ड्यूटी कर रहे नर्सों को भी फटकार लगाते हुए ड्रेस में रहने का निर्देश दिया डीसी ने मध्य रात्रि में ही सिविल सर्जन और अस्पताल के उपाधीक्षक को फोन लगाकर रात्रि के समय जिला मुख्यालय नहीं छोड़ने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोबारा इस तरह की पुनरावृत्ति होने पर सीधे कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा। डीसी ने सभी वार्डों में जाकर मरीज से उन्हें रात्रि में मिलने वाले चिकित्सा सुविधा की भी जानकारी लिया। साथी अस्पताल प्रबंधक को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को रात्रि में इलाज में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। अगर रात्रि में इलाज में किसी तरह की कोताही बरतने की सूचना मिली तो संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिले उसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। प्रतिदिन अस्पतालों की निरीक्षण के लिए मजिस्ट्रेट को भी लगाया गया है। ताकि अस्पताल आने वाले मरीज को इलाज में किसी तरह की परेशानी नहीं हो।

एमओ ने पीडीएस दुकानदारों के साथ समीक्षा बैठक

डंडाई। प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चोनाराम हेंब्रम ने प्रखंड भर के डीलरों के साथ समीक्षा बैठक कि। बैठक में मुख्य रूप से 1 फरवरी से लेकर 14 फरवरी तक पीडीएस सशक्तिकरण अभियान चलाने एवं सभी राशन कार्ड धारियों का आधार सीडिंग कराने को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार कराने की बात कही। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी के दिए गए निदेशों का अक्षरसः पालन करते हुए सभी राशन कार्ड धारियों का मोबाइल एवं आधार सीडिंग कराने पर विशेष जोर दिया गया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने आधार सीडिंग कराने को लेकर प्रत्येक जन वितरण प्रणाली के दुकानदार को अपने-अपने पोषक क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदार कार्डधारियों को आधार कार्ड से जोड़े, ताकि व्यक्ति का नाम दूसरी जगह नहीं रहे।

खनन पदाधिकारी ने पाचाडुमर बालू घाट का किया निरीक्षण

केतार। जिला खनन पदाधिकारी नंद देव बैठा ने बुधवार को पाचाडुमर गांव स्थित बालू घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात खनन पदाधिकारी नंद देव बैठा ने बताया की पाचाडुमर बालू घाट संचालित करने के लिए सोन नदी से बालू डंप के लिए रास्ता, माइनिंग एरिया और डंपिंग यार्ड का स्थल का चयन के लिए स्थल का निरीक्षण किया गया। लेकिन स्थल चयन नहीं हो पाया है।उन्होंने बताया की अंचलाधिकारी से जांच रिपोर्ट मांगी गयी है,सीओ जांच रिपोर्ट सही पाये जाने पर सीटीओ लिया जायेगा। इसके बाद बालू घाट शुरू किया जायेगा। उन्होंने बताया की पुराने स्टॉक यार्ड को बंद कर नया स्टॉक यार्ड से बालू की बिक्री शुरू होगा। गौरतलब है की पुराने स्टॉक यार्ड रैयती जमीन में होने के कारण हमेशा विवादित रहा है। जिस कारण नया स्टॉक यार्ड से बालू की बिक्री कराने के लिए खनन विभाग तैयारी में लगा है। पिछले 15 दिनों से बालू घाट बंद होने से केतार प्रखंड सहित आस पास के अन्य प्रखंडों में बालू की किल्लत हो गई है।बालू की किल्लत के कारण भवन निर्माण सहित सरकारी कार्य ठप पड़ गयी है।इस मौके पर प्रोजेक्ट इंचार्ज नाजिश राणा, बीडीओ सह अंचलाधिकारी मुकेश मछुआ, अंचल अमीन नवल किशोर तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह 5 फरवरी को चंदनी में

खरौंधी(गढ़वा)। प्रखंड के चंदनी उप स्वास्थ्य केंद्र पर 5 फरवरी को झामुमो का मिलन समारोह सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसकी जानकारी झामुमो जिला कार्यसमिति सदस्य हिफाजत अंसारी तथा विनोद यादव ने दिया है। साथ ही बताया इसका मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव (छोटे राजा) तथा ताहिर अंसारी होंगे। कार्यक्रम में पार्टी मजबूती पर चर्चा किया जायेगा। इसके लिए झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की गई है। साथ ही झामुमो के कार्यकर्ताओं के द्वारा लोगों को कार्यक्रम में आने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वही पार्टी में समर्पित भाव से उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कार्यकर्ता तथा नेताओ को सम्मानित किया जायेगा। इस दौरान जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, अशोक ठाकुर, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, झामुमों प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर, राकेश उरांव, दीनानाथ बैठा, सहित कई लोग उपस्थित थे।

महादलित मुसहर परिवार के नव बच्चों का विद्यालय में कराया गया नामांकन

चिनिया। जिला उपायुक्त के निर्देश पर चिनीया प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा व अंचलाधिकारी निषाद अंजुम के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के बिलैती खैर पंचायत के रानी चेरी गांव में मुसहर परिवार के सदस्यों को सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने का प्रयास किया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा, अंचलाधिकारी निषाद अंजुम, पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक मिथिलेश कुमार सहित पुरी टीम रानी तेरी गांव मे पहुंचा। उसके बाद शिक्षा से दूर नव बच्चों को नव प्राथमिक विद्यालय अकेलवा टोला में नामांकित करवाया गया। जहां सभी बच्चों को पढ़ने के लिए पुस्तके पेन कॉपी दी गई जिसे पाकर बच्चों में काफी खुशी देखी गई। इधर इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा ने बताया कि रानीतेरी गांव के महादलित मुसहर जाति को हर सरकारी लाभ एवं सुविधा देने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। सभी मुसहर परिवारों को आवास, बिजली, राशन, पेयजल जैसे मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रखंड कार्यालय में उनकी प्रोफाइलिंग बनाई जा रही है।

बड़गड़ में भाजपा का हुआ वनभोज कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय से सटे हड़वार नदी पिकनिक स्पॉट पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया द्वारा बुधवार को वनभोज कार्यक्रम सह कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में बड़गड एवं भंडरिया प्रखंड के सभी मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए।

विभिन्न दलों से आए 71 लोगों ने थामा भाजपा का दामन

कार्यक्रम में शामिल क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया के समक्ष बड़गड़ एवं भंडरिया के सुदूरवर्ती क्षेत्र बूढ़ा पहाड़, तूमेरा, खपरी महुआ, मदगढ़ी च, सरुवत लेटाटोली बहेराखांड़, टोटकी, गूंगा गांव के रहने वाले लोगों ने विभिन्न दलों से आकर भाजपा का दामन थामा। भाजपा का दामन थामने वाले सभी लोगों का विधायक आलोक चौरसिया ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

बीडीओ ने ग्रामीणों की शिकायत पर डीलर की स्टॉक पंजी जांची

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर

प्रखंड क्षेत्र के माईधिया गांव के ग्रामीणों के शिकायत के आलोक में बीडीओ सह प्रभारी एमओ जयपाल महतो ने डीलर की दुकान, स्टॉक पंजी की जांच की। जांच के दौरान बीडीओ ने पाया कि डीलर के द्वारा लाभुकों को अगस्त, सितंबर, नवम्बर माह की पीएमजेकेवाई का राशन वितरण नही किया गया है। जबकि दुकान में सिर्फ पांच बोरा गेंहू एवं पांच बोरा चावल ही उपलब्ध था। डीलर द्वारा ई पौष मसीन का पर्ची लाभुकों को नही दिया जाता है। जांच के दौरान बीडीओ ने लाभुकों काशीनाथ मेहता, राजेंद्र मेहता, अशोक भूईयां, रामखेलावन प्रजापति, रामप्यारी मेहता, चंचला देवी, ज्ञानती देवी, पनवा देवी, अनीता देवी, चंचला देवी, निर्मला देवी, लीला देवी सहित कई लोगों से पूछ-ताछ की। जिसमे लाभुक सूदन भुइयां ने बताया कि मुझे अंगूठा नही लगाने के कारण मुझे राशन नही दिया जाता है। जबकि नवम्बर महीना में डीलर द्वारा अनावध पंजी से 55 लाभुक का राशन वितरण किया गया है। वहीं लाभुक कामोदा देवी के द्वारा बोला गया कि डीलर द्वारा मुझे प्रत्येक माह में 10 किलो की जगह 4 किलो ही राशन दिया जाता है। वहीं बीडीओ ने स्टॉक पंजी की जांच की जिस भारी अनियमिता पाया गया। बीडीओ जयपाल महतो से पूछे जाने पर बताया कि डीलर पंकज कुमारी के द्वारा अगस्त, नवम्बर, दिसम्बर माह की फ्री राश नही दिया गया है। स्टॉक पंजी में सही से अघतन नही किया गया है। मामले की जांच की जा रही है डीलर पर कार्रवाई की जाएगी।

मजाक

खरौंधी प्रखंड में बाल विकास विभाग में कई खामियां उजागर

कर्मचारी से लेकर पदाधिकारी तक करते हैं मनमानी

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी कुपोषण खत्म करने की जद्दोजहद में लगा जिले का बाल विकास विभाग खुद अपने आंगनबाड़ी केंद्रों को सुपोषित नहीं कर सका है। बावजूद इसके कई केंद्रों का संचालन सेविकाओं के घरों पर ही हो रहा है। प्रखंड में कई ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र हैं जहां बच्चे तो नामांकित हैं लेकिन बच्चों को बैठने, पढ़ने और खेलने के लिए एक भवन नहीं है। भवन के अभाव में प्रखंड के कई आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन संबंधित सेविका और सहायिका के घरों में हो रहा है। जबकि आंगनबाड़ी केंद्र सरकारी भवन या अन्य भवन में संचालित किए जाने का प्रावधान है। लेकिन विभागीय साठगांठ से नए भवन में शिफ्ट नही होना चाहती हैं।

अधूरे भवन में गाय, बैल और बकरियां बांध रहे हैं ग्रामीण

विभागीय पर्यवेक्षण और ठेकेदारो की लापरवाही के कारण आंगनबाड़ी भवन अधूरे पड़े है। उक्त अधूरे पड़े आंगनवाड़ी का भवन स्थानीय ग्रामीणों के गाय बैल बांधने का काम आ रहे हैं। जो कि निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले ही खंडहर में तब्दील भी होते जा रहा है। ताजा मामला खरौंधी प्रखंड के चंदनी पंचायत अंतगर्त कुशवादामर आंगनबाड़ी केंद्र का है। कुशवादामर प्राथमिक स्कूल के पास 6.12 लाख की लागत से बनने वाला आंगनवाड़ी केंद्र का भवन पिछले दो वर्षो से अधूरा है। गांव के सदाराम भारती उस आंगनवाड़ी केंद्र में गाय, बैल और बकरी बांधते है। इस संबंध में पूछे जाने पर आंगनबाड़ी भवन का ठेकेदार मानधन राम ने बताया आंगनबाड़ी भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कुशवादामर के पास भवन निर्माण का कार्य शुरू किया गया था। भवन की छत ढलाई तक कोई विवाद नहीं था। इसी बीच गांव के ही ग्रामीण सदाराम और उसका बेटा पिंटू भारती आकर काम को रोक दिया। उन लोगों का कहना है कि यह जो भवन बन रहा है वह भूमि उसका निजी भूमि है। जिस कारण भवन निर्माण विवादित हो गया और इस विवाद की वजह से वह निर्माण कार्य को पूर्ण नहीं करा पाए। 15 दिन पूर्व अमीन को लेकर अंचल निरीक्षक आए थे। विवाद कर रहा व्यक्ति सदाराम और उसके पुत्र पिंटू भारती को समझाया-बुझाया था। लेकिन कुछ दिन बाद उनलोग दुबारा आकार विरोध करने लगे। हालांकि उक्त जमीन झारखंड सरकार, वन विभाग अथवा विवाद कर रहे व्यक्ति का है वह तो नापी अथवा सीमांकन के बाद ही पता चल सकेगा।

एचआर वितरण में धांधली करती है सेविका, बिना जानकारी के ही कर देती है वितरण

इधर प्रखंड के आंगनबाड़ियों में संचालित योजनाओं में व्यापक गड़बड़ी की भी शिकायत मिल रही है। विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका पोषाहार वितरण में धांधली करती है और बिना किसी को जानकारी दिए ही वितरण कर देती है। उन्होंने कहा कि टीएचआर का वितरण आंगनबाड़ी विकास समिति की देखरेख में नहीं किया जा रहा है।

आंगनबाड़ी केंद्रों का धरातल पर कभी भौतिक पर्यवेक्षण नहीं करती दोनों पर्यवेक्षिका

विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव ने बताया ऐसा आंगनवाड़ी सुपरवाइजर और संबंधित आंगनवाड़ी केंद्रों के सेविकाओं की मिलीभगत से हो रहा है। प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों और केंद्रों में संचालित पोषण योजनाओं की पर्यवेक्षण के लिए जवाबदेह दोनों पर्यवेक्षिकाओं रिंकी कुमारी और सुचिता कुमारी भवनाथपुर से ही अपने डेरे में बैठकर प्रखंड के आंगनबाड़ी व केन्द्रो में संचालित योजनाओं का पर्यवेक्षन करती हैं।

नियमित रूप से लाभार्थियों को नहीं मिल रहा है पोषण योजनाओं का लाभ

खरौंधी प्रखंड में 49 आंगनबाड़ी केंद्र हैं सभी केंद्रों में 30-30 बच्चों के नामांकन का प्रावधान है। इनमें एक दो केन्द्रो जहां की आबादी ज्यादा है में 35 बच्चों का नामांकन का परमिशन है। और ज्यादा आबादी पोषक क्षेत्र वाले एक केंद्र में 40 बच्चों का भी नामांकन का परमिशन है।

पलामू वासियों के लिए कैसा रहा बजट, क्या है लोगों की प्रतिक्रिया

महीने की पहली तारीख को पलामू वासियों ने देश के बजट का स्वागत किया है। वित्त मंत्री ने लोक सभा मे जैसे ही बजट का भाषण शुरू किया तो लोगों ने टकटकी लगाकर टेलीविजन पर पलामू को मिलने वाली सौगातों के लिए लालायित दिखे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 का संसद में पेश किया। जिसमें उन्होंने माध्यम वर्ग और नौकरीपेशा के लिए खास घोषणाएं की। बजट में खेती से जुड़े सामान, चमड़ा, मोबाइल फोन चार्जर, कपड़ा जैसी चीजों के सस्ते होने की घोषणा वित्त मंत्री ने जरूर किया। बजट में वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में डिजिटल विश्वविद्यालय,5जी मोबाइल नेटवर्क का कार्य होगा। वही गांवों तक पहुंचेगी ब्रॉड बैंड की सुविधा,किसानों के लिए आर्गेनिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा । देश मे वन क्लास, वन टीवी चैनल का विकास किया जाएगा।

क्या खास रहा इस बार के बजट में

नवीन मेल संवाददाता

वित्त मंत्री ने बजट 2023-24 को देश को आत्मनिर्भर बनाने और सभी क्षेत्रों में सभी जनों को कुछ न कुछ दिया गया है। विकास दर अनुमान 7 फीसदी के आसपास रहेगा।यह अमृतकाल का पहला बजट है । सरकार का 10वां आम बजट है। कोविड के दौरान किसी को भूखा नही रखा गया। 28 माह तक 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया गया। विश्व अर्थव्यवस्था में भारत का मुख्य स्थान बना। प्रति व्यक्ति आय 1.97 लाख रुपये हुई । इपीएफओ में 7 करोड़ से ज्यादा लोग जुड़े। 14 करोड़ से ज्यादा लोगों का जनधन खाता खुला। 9.6 करोड़ घरों में एलपीजी कनेक्शन पहुंचा । यह बजट अगले 25 साल के विकास का ब्लूप्रिंट है । लक्ष्य युवाओं को अवसर देना है। महिलाओं के 81 लाख से ज्यादा स्व-सहायता समूह बने। 11.7 करोड़ घरों में शौचालय बनाए गए । पर्यटन के विकास को मिशन मोड में लाना है। हरित खेती, हरित ऊर्जा पर विशेष जोर दिया गया।

क्या कहना है पलामू के लोगों का बजट के बारे में

सीए सरस जैन ने बताया कि बजट में इनकम टैक्स में राहत देने से माध्यम लोगों को फायदा हुआ है। वहीं सीनियर सिटीजन को भी फायदा दिया गया है। जिसमें टैक्स के दायर को बढ़ाया गया है। महिलाओं के लिए छोटी बचत पर 7.50 प्रतिशत का लाभ दिया जायेगा। छोटे व्यापारियों को दो करोड़ तक के ऑडिट को बढ़ाकर तीन करोड़ तक कर दिया गया है। लोगों को टैक्स बचाने की बाध्यता को खत्म कर सरकार सभी लोगों को टैक्स के लिए प्रेरित कर रही है।

सीए जय शर्मा ने बताया कि सीए जय शर्मा ने बताया कि न्यू टैक्स रेजीम के माध्यम से मध्यवर्ग को राहत देने की कोशिश की गई है। सेक्शन 44 एडी के तहत सामान्य व्यावसायी वर्ग को राहत दिया गया है। शिक्षा के क्षेत्र के लिए बजट बढ़ा दिया गया है। कुल मिला कर बजट सपाट है। लेकिन रेलवे इंफ्रा स्ट्रक्चर के लिए काफी अच्छा है।

सीए उत्तम सिंह ने बताया कि यह 2023-24 का अंतिम बजट है जो एक सम्पूर्ण पैकेज है। इस बजट में सभी वर्ग के लोगों को लाभान्वित किया गया है। कारा धन और निवेश की दृष्टि से विभिन्न योजनाओं के तहत व्यक्तियों के साथ साथ कॉपरेट जगत को भी लाभ दिया गया है। यह बजट नये कर दाताओं को कर अनुपालन यानि प्रत्यक्ष और साथ ही अप्रत्यक्ष कारा धन के बारे में आकर्षित करेगा।

पलामू व्यवसायिक चैम्बर के दुर्गा जौहरी ने बताया कि वित्त मंत्री ने देश को आगे लेकर जाने वाला बजट पेश किये है। देश आत्मनिर्भर कैसे बने और जब देश अपना सौ साल का होगा तो देश विश्व के अग्रणी देशों में कैसे शामिल होगा। इसका झलक इस बजट में दिखा। सभी सेक्टरों में वित्त मंत्री ने विकास की योजनाओं को एक रेखा खिंची है।

वरदान ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा ने बताया कि बजट में आम आदमी को राहत दी गई है। 7 लाख तक आय पर कोई टैक्स नहीं है। महिलाओं को दो लाख रुपये पर 7.5 ब्याज मिलेगा।थोड़ी निराशा हुई है सोने, चांदी की कीमत बढ़ी है। किसानों के लोन में रेट कम किया गया है बजट में गाँव, गरीब और किसानों का खास ख्याल रखा गया है।

जेएमएम के युवा नेता सन्नी शुक्ला ने कहा कि केंद्र के बजट में ऐसा कुछ भी नहीं है। जिससे महंगाई पर काबू पाया जा सके। ऐसा लग रहा है जैसे पूंजीपतियों को कैसे फायदा पहुंचाया जाए, इसी सोच के साथ ये बजट बनाई गई है, ताकि उनसे और ज्यादा चंदा लिया जा सके। आम जनता की रसोई, रोजगार जैसे मुद्दों को गायब ही कर दिया गया है। कर्ज लेने वाले मध?य वर्ग को आयकर में कोई राहत नहीं मिला।पहले से महंगाई की मार है, खाली नोट छापना और उधार बढ़ाते जाना, यही इस सरकार की आर्थिक नीति है।

सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि यह बजट वर्तमान सरकार का अंतिम पूर्ण बजट है।अगले वर्ष जो बजट आएगा,वह पूर्णकालिक बजट नहीं होगा क्योंकि अप्रैल -मई,2024में लोकसभा चुनाव होंगे और अगला पूर्ण बजट नई सरकार पेश करेगी। इसलिए,इस बजट को 2019के आम चुनाव में किए गए वादों के मूल्याकंन के तौर पर देखा जाना चाहिए। वर्तमान बजट में शिक्षा,स्वास्थ्य ही नहीं ग्रामीण विकास का बजट कम किया गया है। रोजगार सृजन को समर्पित मनरेगा का बजट कम हुआ है। ई-श्रम पोर्टल पर 28करोड़ बेरोजगारों में से महज 47लाख को भत्ता देने की बात की गई है। 84करोड़ की गरीब आबादी और किसान सम्मान निधि के नाम पर किसान आगे भी 'मुफ्त की रेवड़ी' के लिए अभिशप्त होगी। 94करोड़ आबादी की आय पांच हजार रुपए प्रति माह से कम रहना,एक गंभीर चुनौती है। स्मार्ट सिटी योजना,स्किल इंडिया,मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं की उपलब्धि पर यह बजट मौन है।

एसबीआई बैंक के सेवानिवृत्त चीफ मैनेजर पुलिन मित्रा ने बताया कि सरकार का बजट रोजगार परक है। देश को आगे लेकर जाने में ये बजट सार्थक है। उन्होंने बताया कि लोगों के टैक्स बचाने की प्रवृत्ति को सरकार खत्म कर सभी लोगों को टैक्स देने के लिए प्रेरित कर रही है। जब लोग खर्च करेंगे तो रोजगार सहित कई विकास के कार्य होंगे। वहीं उत्पादन के क्षेत्र में भी विकास होगा। टैक्स के स्लैब बढ़ने से माध्यम वर्ग को फायदा है तो वही पुराने स्लैब को भी बरकरार रखा गया है।

शिक्षिका विनीता मिश्रा ने बताया कि युवा छात्रों के हुनर की बात सरकार ने की है। बजट मे नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रतिभा को लाने की बात कही गई है। इससे देश की शिक्षा व्यवस्था और समृद्ध होगी। शिक्षा गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए सरकार का प्रयास सराहनीय है।

अधिवक्ता अनुराग प्रसाद ने बताया कि बजट स्लैब में बदलाव होने से आम आदमी को लाभ मिला है। महिलाओं को भी बचत का लाभ मिल रहा है।

वार्ड पार्षद कमर यास्मीन ने बताया कि सदन में एक महिला वित्त मंत्री को बजट पेश करते हुए देखना अच्छा लगा। सरकार से देश भर की महिलाओं को काफी उम्मीदें हैं। महिलाओं के बचत पर सरकार लाभ दे रही है। छोटे दुकानदारों और माध्यम वर्ग को फायदा देने के लिए सरकार की योजना अच्छी है। विदेशी समान को महंगा किया है। लेकिन घरेलू गैस और घरेलू सामान को सस्ता किया जाना चाहिए था।

व्यवसायी सह समाजसेवी विमलेश पाठक ने बताया व्यवसाय को मजबूती दिलाने के लिए अच्छा फैसला लिया गया है। सरकार ने देश के व्यवसाय को मजबूती दिलाने के लिए कई अच्छे निर्णय लिए हैं। लघु एवं मध्यम क्षेत्र को प्राथमिकता दी गई है। भारत विश्व बाजार में अधिक हिस्सेदारी करे इस तरह का प्रावधान तो दिख रहा है।

केंद्रीय पुस्तकालय अध्यक्ष विजय पाठक ने बताया कि इस बार सीनियर सिटीजन को लेकर बजट में प्रावधान किया गया है। वही टैक्स में छूट देने से आम आदमी को भी लाभ मिलेगा। सरकार से उम्मीद थी कि सीनियर सिटीजन के लिए हेल्थ स्कीम आयेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

प्राचार्य परशुराम तिवारी ने कहा कि बजट में गरीबों व मध्य वर्ग को उतना दिया जाता है। जिससे उन्हें रखने की समस्या उत्पन्न न हो। बजट में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए आग्रह के साथ डिजिटल इंडिया बनाने का संकल्प की गूंज है।आदिवासी उत्थान के लिए किये गये प्रावधान सराहनीय हैं। शिक्षकों को समय के अनुरूप डालने के लिए आधुनिक टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर की सोच अच्छी पहल है। वहीं 157 नये नर्सिंग कॉलेज की योजना स्वास्थ्य के लिए उठाया गया बढ़िया पहल है। डिजिटल लाइब्रेरी का धरातल पर उतरना फायदेमंद रहेगा। कई योजनाएं सुनने में ठीक लग रही हैं, किन्तु अमल में आने पर वास्तविक स्थिति का पता चलेगा।

समाजसेवी शैलू ने बताया कि केंद्रीय बजट सभी वर्गो को राहत देगी, इस बजट से आम आदमी को कुछ लाभ मिलने कि संभावना है। साथ ही शिक्षा,चिकित्सा,रेलवे ,आदि में विशेष ध्यान दिया गया है, जो अच्छी बात है। आयकर में छूट भी राहत देने वाली है। इस बजट से देश और सभी वर्गो ,सभी क्षेत्रों को कुछ लाभ होने वाला है।

सपा नेता सह पूर्व प्रत्याशी विनोद कुमार सोनी ने कहा है कि यह बजट देश के किसान,व्यापारी, शिक्षित,बेरोजगार और कमजोर वर्ग के लिए यह बजट नहीं है। यह बजट कॉपोर्रेट जगत के लिए है। वित्त मंत्री के द्वारा आज पेश किया गया बजट गरीब मजदूर एवं मिडिल क्लास के विरोधी अडानी अंबानी के द्वारा तैयार किया गया बजट है। जिसमें किसानों की अनदेखी की गयी है। शिक्षा, स्वास्थ्य पर कोई फोकस नहीं किया गया है।

युवा उद्यमी व झामूमो के नेता अभिषेक सिंह ने आम बजट को आम आदमी के खिलाफ बताया है । वैश्विक मंदी में भी जनता को राहत न देना यह भाजपा नित केंद्र सरकार की मंशा को दशार्ता है । जनता को आज सिर्फ निराशा हाथ लगी है । टैक्स स्लैब कम करके जनता की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास किया गया है । सरकार ने शिक्षा का बजट कम करने का फैसला लिया है। साथ ही स्वास्थ्य बजट को भी कम करने का फैसला लिया है।

छात्र रंजन कुमार यादव ने केन्द्रीय आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट मध्यम वर्ग और युवा वर्ग के लोगों के लिए उत्साह वर्धक नही हैं। भारत सरकार को बेरोजगार युवाओं की फौज के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन इस आम बजट की खास बात होनी चाहिए थी। इस बजट के कुछ सार्थक और सकारात्मक बाते हो सकती हैं । परंतु आम आदमी और किसान जो इस समय महंगाई की मार झेल रहा है।

बजट के नाम जुमलेबाजी: पूर्णिमा वित्त मंत्री का बजट भाषण सरकार के पुराने वादों पर जुमलो का पर्दा डालने का प्रयास नजर आया। हमें आशा थी कि वित्त मंत्री उन घोषणाओं पर प्रकाश डालेंगी जो 2022 में पूरी होनी थी। जिसमें किसानों की आमदनी दुगनी होनी थी। हर गरीब को आवास उपलब्ध होना था। वहीं देश की गरीब जनता महंगाई से त्रस्त है । दूसरी तरफ जिस युवाओं के दम पर आज यह सरकार सत्ता में है। उनके रोजगार पर मोदी सरकार बात ही नहीं करना चाहती है और 2014 में मोदी जी का वादा था कि प्रति वर्ष 2 करोड़ युवाओं को रोजगार मिलेगा ।

दृढ़ निश्चय फाउंडेशन के निदेशक प्रशांत पाण्डेय ने बताया कि बजट 2023 में सरकार से युवाओं और गरींबों को ज्यादा उम्मीदें थी जिसपर सरकार खरा नहीं उतर पायी। गरीब और मध्यमवर्गीय लोग जहां कोरोना के समय से ही महंगाई से त्रस्त हैं वहीं सरकार हर बार उनको नजरअंदाज कर रही है । देश में जहां गैस सिलिंडर से लेकर पेट्रोल-डीजल की दामों से परेशान हैं वहीं सरकार भी इनसब को अहमियत नहीं दे रही है।

पलामू एसपी के आदेश पर जवान ने ब्लड देकर बचाई महिला की जान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू पुलिस एसपी चंदन सिन्हा की टीम लगातार पलामू जिले के गरीब असहाय लोगों की मदद करने में हर संभव प्रयासरत है। बुधवार को सदर अस्पताल में एक गरीब महिला शोभा देवी पति राजकुमार चेरो शहर थाना रेड़मा कचरवा निवासी की स्वास्थ्य सुधार के लिए ओ नेगेटिव एक यूनिट ब्लड की अति आवश्यकता थी। एक पत्रकार के माध्यम से इसकी जानकारी पलामू एसपी चंदन सिन्हा को दी गई। एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे के नेतृत्व में एक पुलिस जवान प्रकाश राज तिवारी ने सदर अस्पताल ब्लड बैंक पहुंचकर मरीज शोभा देवी को एक यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया। पलामू पुलिस की इस नेक कार्य के लिए शोभा देवी के पति राजकुमार चेरो ने धन्यवाद दिया है। बताते चलें की पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने पलामू में पदभार ग्रहण करने के साथ ही पलामू वासियों से वादा किया था कि वे किसी भी व्यक्ति की जान खून की कमी से नहीं जाने देंगे। वे अपने वचन पर आज भी कायम हैं। अभी तक उन्होंने अपने कार्यकाल में पलामू जिला के लगभग 150 लोगों को खून उपलब्ध करा कर उनको नया जीवन देने का काम किया है। यह सिर्फ उनका वादा ही नहीं रहा, बल्कि उसे धरातल पर भी उतारने का काम किया है।

श्री राम सेना के उप राज्य प्रमुख ने किया रक्तदान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। श्रीराम सेना के उप राज्य प्रमुख राजेश कुमार गुप्ता ने एक महिला मरीज शोभा देवी को रक्त दान किया। मरीज के पति राजकुमार चेरो जीएलए कॉलेज रोड के निवासी है। इस मौके पर श्रीराम सेना के वरीय पदाधिकारीगण ब्लड बैंक में उपस्थित थे। जिनमें प्रमुख रूप से राज्य प्रमुख पंकज कुमार जायसवाल ,कुंदन गुप्ता, धीरज तिवारी, दिल्लू सिंह ,अजय यादव ,संजय कुमार गुप्ता ,जितेंद्र गुप्ता उपस्थित थे। श्रीराम सेना ने आम जन से अपील किया है कि रक्तदान करना चाहिए। श्री राम सेना समाज की हर आवश्यकता पर अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाते रहेगी । समाज के किसी भी व्यक्ति को रक्त के बिना मरने नहीं दिया जायेगा।

जेएसएससी ने 12 नियुक्ति के विज्ञापन को रद्द किया

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने पिछले वर्ष बेरोजगारों को नौकरी देने के लिए निकाले गए 12 नियुक्तियों के विज्ञापन को रद्द कर दिया है। गौरतलब है कि बीते 16 दिसंबर को हाई कोर्ट के द्वारा सरकार के नियोजन नीति को रद्द करने के बाद आयोग ने यह फैसला किया है। आयोग ने सूचना के माध्यम से कहा कि नये सिरे से विज्ञापन प्रकाशित कर परीक्षा आयोजन की कार्रवाई की जायेगी।

रद्द हुई विज्ञापन : आयोग के द्वारा डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियागिता परीक्षा, प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता ,सचिवालय आशुलिपिक प्रतियोगिता,सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियागिता परीक्षा, उत्पाद सिपाही प्रतियागिता परीक्षा, औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा के विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण अधिकारी प्रतियोगिता,इण्टरमीडिएट स्तर (कम्प्यूटर ज्ञान एवं कम्प्यूटर में हिन्दी टंकण अहर्त्ता धारक पद हेतु) संयुक्त प्रतियोगिता, नगरपालिका सेवा सम्वर्ग संयुक्त प्रतियोगिता , तकनीकी / विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, मैट्रिक स्तर संयुक्त प्रतियोगिता, स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा, डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियागिता परीक्षा को रद्द किया गया है।

पलामू में होगी राज पंडित फिल्म की शूटिंग

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अनमोल मुस्कान फिल्म के बैनर तले बन रही हिन्दी फीचर फिल्म राज पंडित में मुख्य भूमिका मे नजर आयेगी मिस यूनिवर्स परी। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में इनके साथ डॉ प्रवेश दुबे रहेंगे । फिल्म के निर्देशक सुमित वर्मन करेंगे । स्क्रिप्ट राइटर शशिभूषण सिंह का है। फिल्म की शूटिंग रविवार से मेदिनीनगर मे शूट किया जायेगा । मिस यूनिवर्स परी रविवार को डालटनगंज पहुंचेंगी।

राज पंडित फिल्म मे नजर आयेंगी मिस यूनिवर्स परी

फिल्म का 80% शूटिंग डालटनगंज मे किया जायेगा । साथ ही इसमें शहर के अनुभवी कलाकारों को जोड़ा गया है जो मुख्य कलाकार के रूप मे भाग ले रहे हैं । फिल्म का लगभग शूटिंग झारखण्ड मे किया जायेगा। फिल्म की शूट पलामू मे किया जायेगा। जिससे पलामू की खास स्थल को दिखाया जा सके। जिससे प्रत्येक स्थल को विकसित किया जा सके। पलामू का गौरव व सुंदरता को निखारा व सजाया जा सके।

स्वेटर पोशाक से बच्चों में दिखती है एकरूपता : मीना

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। आंगनबाड़ी केंद्र भैरवा में बच्चों के बीच नरसिंहपुर पंचायत की मुखिया मीना देवी ने 30 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। मीना देवी ने कहा कि आंगनबाड़ी से विद्यालय तक ,मध्यान भोजन से लेकर स्कूली ड्रेस, विद्यालय कीट जैसे अन्य सुविधाएं सरकार उपलब्ध करा रही हैं! अब जरूरत है अभिभावक को अपने बच्चों पर ध्यान देने की,ससमय नियमित रूप से स्कूल भेजने की। सेवानिवृत्त शिक्षक व्यास राम चौरसिया ने अभिभावकों से अपील की है कि अपने बच्चों को नियमित आंगनबाड़ी केंद्र में भेजे। नन्हे मुन्ने बच्चे देश के भविष्य हैं। बच्चों के अंदर एक से बढ़कर एक प्रतिभा छुपी हुई है। हम सबका दायित्व है कि मिलजुलकर प्रतिभा को निखारने का काम करें। सेविका को भी चाहिए कि तन मन से बच्चों को शिक्षा के प्रति रुचि पैदा करें।अच्छी तरह से आंगनबाड़ी को संचालित करें। मौके पर सेविका, सहायिका, अभिभावक महेश चौरसिया, अशेष चौरसिया, मिथुन चौरसिया, जसवंत चौरसिया जैसे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

शादी से इंकार पर महिला ने थाना में शिकायत दर्ज कराई

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पश्चिम बंगाल पुरुलिया जिले के पारा थाना क्षेत्र अनारा गांव की रहने वाली एक महिला ने मेदिनीनगर महिला थाना में न्याय के लिए गुहार लगाई है। उसने शहर थाना क्षेत्र के गायत्री नगर संत जेवियर स्कूल पांकी रोड बारालोटा निवासी 29 वर्षीय नवल किशोर शर्मा , पिता अक्षय शर्मा पर शादी से इंनकार करने का आरोप लगाया है। इधर, युवती का कहना है कि फेसबुक से प्यार होने के बाद नवल किशोर शर्मा उससे शादी का भरोसा देकर पति-पत्नी की तरह 3 वर्षों से रहते आ रहा है। मैं उसके साथ शादी करके जीवन बिताना चाहती हूं। उसी सपने को लेकर पुरुलिया से मैं डालटनगंज आई और यहां किराए के मकान में रहने लगी। जहां युवक भी उसके साथ पति-पत्नी की तरह रहा। जब मैंने शादी करने, उसके घर जाने और परिवार वालों से मिलवाने की बात कही तो वह टालमटोल करता रहा। इधर

दो-तीन महीने से वह उसका कॉल नहीं उठा रहा है और आना जाना भी बंद कर दिया है। पता करने पर मालूम हुआ कि आगामी 15 फरवरी को उसकी शादी है। महिला 22 जनवरी से थाना का चक्कर काट रही है। अभी तक उसकी शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। थाना में आकर नवल किशोर के पिता और परिवार वाले डरा धमका रहे हैं और पुलिस चुप्पी साधे हुए है। उसने आरोपी युवक पर सख्त कार्रवाई करने की अपील की है।

सरकार के अवर सचिव ने एसपी को दिया कार्रवाई का निर्देश : पीड़ित युवती ने इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी न्याय की गुहार लगाई थी। इसके आलोक में सरकार के अवर सचिव राममूर्ति सिंह ने पलामू के पुलिस अधीक्षक को लिखित पत्र जारी कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। साथ ही कार्रवाई करने के बाद इसकी जानकारी मुख्यमंत्री सचिवालय को देने का निर्देश दिया है।

चारडीपा में विधायक भूषण बाड़ा ने किया चेकडैम निर्माण का शिलान्यास

चेकडैम से भूमिगत जलस्तर भी बढ़ेगा: विधायक

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
कुरडेग प्रखंड के कुटुमाकछार पंचायत के चारडीपा में जल संसाधन विभाग से बनने वाले चेकडैम निर्माण कार्य का विधायक भूषण बाड़ा ने शिलान्यास किया। मौके पर उन्होंने विधिवत शिलापट्ट का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि यहां चेकडैम का निर्माण हो जाने से आसपास के किसानों को सिंचाई में परेशानी नहीं होगी। साथ ही भूमिगत जलस्तर भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए चेकडैम बनाया जा रहा है। चेकडैम बन जाने से कई एकड़ जमीन में सिंचाई हो सकेगी। इससे सैकड़ों आबादी को फायदा होगा।

उन्होंने कहा कि चारडीपा नाला में चेकडैम किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे किसान सालोंभर खेती कर सकेंगे। इलाके में धान की खेती के अलावा अन्य फसलों की खेती में भी सुविधा होगी। उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण चेकडैम का निर्माण कराने का निर्देश दिया।मौके पर पाकरटांड जिप सदस्य जोसिमा खाखा,20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खलखो,20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आकाश सिंह, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संदीप नायक, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की, शिशिर मिंज, शंभू प्रसाद, नीतू प्रसाद, हर्षित मिंज, गुलशन एक्का, पंचायत अध्यक्ष जयपाल कुजूर, मनोज साय,फ्रांसिस खलखो, विनोद दास, अजय साय, दीपक जयसवाल, जेपी जयसवाल, प्रवीण खेस, जॉन्सन बेग, जॉन किंडो, बशीर अंसारी, विजय एक्का, थोमाश तिर्की, केशबो यादव, सुमिरा लकड़ा, जयमंत कुजूर, आदि भारी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

चेकडैम निर्माण से बेकार और बंजर भूमि में आएगी हरियाली: जोसिमा खाखा

पाकरटांड जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि चेकडैम निर्माण से बेकार और बंजर पड़ी भूमि में सालोंभर हरियाली आयेगी। वर्षा का जल बहकर बेकार चला जाता था। वह जल अब चेक डैम में रोककर सुखाड़ होने की स्थिति में खेतों के पटवन में काम लाया जा सकेगा।

एसएस हाई स्कूल में गेस पेपर का वितरण

सिमडेगा। एसएस हाई स्कूल सिमडेगा में पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सर के द्वारा पुलिस अंकल ट्यूटोरियल में पढ़ रहे विद्यार्थियों के बीच निशुल्क गेस पुस्तक का वितरण किया गया आपको बताते चलें कि पुलिस विभाग के द्वारा पूरे जिले के सभी थानों को मिलाकर 885 निशुल्क गेस पेपर का वितरण किया गया है इस तरह का कार्य पुलिस विभाग के द्वारा जो किया जा रहा है काफी सराहनीय है और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य को देखते हुए किया जा रहा है ताकि बच्चे मैट्रिक में अच्छे से अच्छे नंबर लाकर पास करें एवं अपने जिले का नाम रोशन करें आज आदरणीय पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को संबोधन करते हुए कहा कि जो भी बच्चे इस कोचिंग के माध्यम से अच्छे मार्क्स लायेंगे उन्हें जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रवि प्रकाश ,सब इंस्पेक्टर राज कपूर सेठ ,सब इंस्पेक्टर ज्ञानदीप कुमार , शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा, शिक्षक भूषण नायक एवं सत्यजीत कुमार उपस्थित थे।

भाजयुमो प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी ने की बैठक

सिमडेगा। आगामी चुनाव को मद्देनजर रखते हुए संगठन की मजबूती एवं विस्तार के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा, झारखंड द्वारा वरीय पदाधिकारियों का प्रत्येक जिला एवं बूथों पर विधानसभा प्रवास कार्यक्रम आयोजन हो रहा है।इसी निमित्त तामड़ा कुम्हार टोली में भाजयुमो प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सह विधानसभा प्रवास कार्यक्रम प्रभारी अमन यादव का आगमन सिमडेगा जिला में हुआ। इस दौरान अमन यादव ने प्रत्येक कार्यकताओं से जिले एवं ग्राम में चल रही केंद्र एवं राज्य की प्रत्येक योजनाओं की वर्तमान स्थितियों की जानकारी ली। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य के प्रत्येक वर्ग को ठगने का कार्य किया है। आज झारखंड की स्थिति बहुत ही भयावह हो चुकी है। जनता इस सरकार की लाचार नीतियों एवं दयनीय कानून व्यवस्था की मार झेल रहा है। मौके पर अमित अग्रव नगर अध्यक्ष करण सिंह, भाजयुमो मंत्री ओमकार केसरी, सचिन कुमार केसरी, मनीष केसरी, धनंजय बैठा, नारायण पुरी, नीतीश केसरी, राजकुमार गोप, रितिक इंदवार, छोटू गोप, सुरेंद्र ग्वाला, दीपक मांझी, मनीष तूरी, दिनेश कुमार साहू, पवन कुमार केसरी एवं संतोष साहू उपस्थित हुए।

आजसू पार्टी ने चलाया सदस्यता अभियान

सिमडेगा। सिमडेगा शहरी क्षेत्र के ठाकुर टोली वार्ड नं 02 में आजसू पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें दर्जनों कार्यकताओं ने आजसू पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया इस अभियान में सभी पुरुष सदस्यों को आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष धुपेन्द्र पाण्डे ने माला पहना कर स्वागत किया और महिलाओं को महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुनिता लकड़ा ने स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने कहा आजसू पार्टी जमीन से जुड़कर लगातार काम कर रही है ऐसे में सभी लोग आजसू पार्टी का हाथ को मजबूत करें और आने वाले चुनाव में वर्तमान सरकार को सत्ता से बाहर करने में सहयोग करें ताकि यहां का विकास हो सके।

बानो में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

बानो। बानो में आयुष विभाग द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय योग शिविर बुधवार को सम्पन्न हो गया।योग शिविर में भाग लेने वाले सभी शिक्षकों को प्रमाण पत्र दिया गया।आयुष विभाग के तत्वावधान में आयोजित पाँच दिवसीय योग शिविर प्रथम चरण सम्पन हो गया।शिविर प्रखण्ड के एस एस हाई स्कूल मैदान में आयोजित की गई थी।जिसमें प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया । शिक्षकों को योग शिक्षक बलिराम सिंह ने योग के कई विधि बताये। बलिराम सिंह ने बताया कि शिक्षकों को योग शिक्षा देने का मूल कारण बच्चों को योग से जोड़ना ,योग के प्रति बच्चों के बीच जागरुकता लाना । योग के माध्यम से कई रोगों से मुक्ति मिलेगी व योग कर शरीर को निरोग व स्वास्थ्य बनाये रखे ।सभी प्रशिछुओ के बीच बीपीओ निर्मला लिंडा ने प्रमाण पत्र वितरण किया उन्होंने कहा योग का जीवन मे अति आवश्यक है। योग करें निरोग रहे।

कुरडेग पुलिस ने चलाया वाहन जांच अनियान

कुरडेग । कुरडेग पुलिस ने बुधवार को थाना गेट के समीप पुलिस अधिक्षक के निर्देश पर वाहन जाँच अभियान चलाया ।कार्यवाहक थाना प्रभारी नरेश मरांडी के नेतृत्व में एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर थाना गेट के समीप दो पहिया , तीन पहिया और चार पहिया वाहनों को रोककर वाहन से संवन्धित आवश्यक कागजात एवं डीक्की खुलवाकर गहनता पुर्वक जाँच की गई वहीं हेलमेट नहीं लगाने वाले चालकों को फटकार लगाते हुए हेलमेट लगाकर बाइक चलाने के निर्देश दिये वहीं अधुरे कागजात रहने पर दो बाइक चालकों का चालान काटा गया उन्होंने ने बताया कि सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान जारी रहेगा दो पहिया चालक हेलमेट पहने , बिना हेलमेट दो पहिया वाहन नहीं चलाएं नहीं तो होगी कार्रवाई।

पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना को लेकर सुविधा सेमिनार आयोजित

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा (सूचना भवन) में आज दिनांक 01.02.2023 को झारखण्ड राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना, 2021 की जानकारी व सुविधा हेतु, सुविधा सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो द्वारा योजना का लाभ लेने हेतु मीडियाकर्मियों को आवश्यक जानकारी दी गई। पदाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ प्रेस/मीडिया को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्प है। इस प्रतिबद्धता के तहत झारखण्ड राज्य में अपनी सेवा देने वाले पत्रकारों के लिए झारखण्ड राज्य राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किया गया है। वर्तमान में योजना का लाभ प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को दिया जा रहा है। इसके लिए मीडियाकर्मी के पास न्यूनतम पांच वर्षों का अनुभव होना आवश्यक है। साथ ही, शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम स्नातक होना आवश्यक है जिनकी उम्र 21-60 वर्ष तक होनी चाहिए। योजना में पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जा रहा है जिसकी प्रीमियम राशि का 80 प्रतिशत अंशदान राज्य सरकार और 20 प्रतिशत अंशदान मीडियाकर्मी का है। यह स्वास्थ्य बीमा एक वर्ष के लिए होगा, प्रत्येक वर्ष इसका रिन्युअल कराना होगा। स्वास्थ्य बीमा का लाभ बीमाधारक मीडियाकर्मी के साथ उसकी पत्नी या पति और उसके दो बच्चों को मिलेगा। आश्रित बच्चों की उम्र 21 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। साथ ही, वे अविवाहित हों। झारखण्ड राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ लेने के लिए मीडियाकर्मी स्वयं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके लिए गूगल पेज पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग झारखण्ड के वेबसाईट को ओपन करना होगा। आवेदन करने के पूर्व सभी संबंधित दस्तावेजों (आवेदक का फोटो, आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता, पत्रकारिता का अनुभव प्रमाण-पत्र संबंधी, एफिडेविट, भरे हुए प्रपत्रों की कॉपी आदि) को स्कैन कर अपने पास सुरक्षित रख लेना है ताकि संबंधित दस्तावेजों को अपलोड किया जा सके। आवेदन भरे जाने से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी के लिए सूचना एवं जिला जनसंपर्क कार्यालय लोहरदगा या राज्य के हेल्पलाइन नम्बर 0651-2282458/2281522 पर संपर्क कर सकते हैं। सेमिनार में तकनीकी सहयोग एपीआरओ आशीष कुमार द्वारा दिया गया। इस मौके पर जिला जनसम्पर्क कार्यालय के कर्मीगण, विभिन्न प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों में मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

04 फरवरी से विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

लोहरदगा। माह फरवरी व मार्च 2023 में विभिन्न पंचायतों में पंचायत भवन और पशु अस्पतालों में दो दिवसीय विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर (द्वितीय चरण) का आयोजन 04 फरवरी से किया जाएगा। कैरो प्रखण्ड के गुड़ी पंचायत से इसकी शुरूआत होगी। कैरो प्रखण्ड में 04 एवं 05 फरवरी 2023 को गुड़ी पंचायत स्थित पंचायत में यह शिविर लगाया जाएगा। कैरो प्रखण्ड के बाद अन्य प्रखण्डों में दिनांक 07.02.2023 से दो दिवसीय विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 07 एवं 08 फरवरी को कुडू प्रखण्ड के कोलसिमरी पंचायत भवन, सदर प्रखण्ड लोहरदगा के हेसल पंचायत भवन, मन्हो पंचायत भवन व उगरा पंचायत भवन, सेन्हा प्रखण्ड के कण्डरा पंचायत भवन, किस्को प्रखण्ड के परहेपाट पंचायत में प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय, कैरो प्रखण्ड के नरौली पंचायत भवन, पेशरार प्रखण्ड के रोरद पंचायत भवन में उक्त शिविर लगाया जाएगा।

प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ सीओ ने की समीक्षा बैठक

नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा
अंचल कार्यालय जलडेगा में अंचल अधिकारी डॉ खगेन महतो ने झारखंड राज्य फसल राहत योजना को लेकर संबंधित कर्मियों और प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस बैठक में बीटीएम राजेश बागे, एटीएम सुजीत प्रसाद कुशवाहा, नितेश पौल एक्का, प्रखंड कृषि पदाधिकारी बृज बिहारी प्रसाद और प्रज्ञा केंद्र संचालक उपस्थित थे।बैठक में सीओ ने सभी कर्मियों और प्रज्ञा केंद्र संचालकों से झारखंड राज्य फसल राहत योजना में किसान लाभुकों को जोड़ने के लिए अधिकतम पंजीयन करने तथा आवेदन भरने को कहा। उन्हांने कहा कि किसानों को फसल राहत का अधिक से अधिक लाभ मिले। जिसको लेकर सही तरीके से जांच कर पंजीयन करना सुनिश्चित करें और पंजीयन में तेजी लाएं। जिस प्रज्ञा केंद्र में आवेदन लंबित हैं उसे एक सप्ताह के अंदर निष्पादन करने को कहा, साथ ही जिन किसानों का आवेदन आवेदन पूर्ण हो चुका है उनका केवाईसी भी अवश्य करें।उन्होंने ने कहा की झारखंड राज्य फसल राहत योजना राज्य सरकार की बहुत बड़ी महत्वकांक्षी योजना में से एक है, इसलिए इस काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

सेन्हा में घर में आगलगी बाइक सहित घर स्वाहा

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा
सेन्हा थाना क्षेत्र के गुमला लोहरदगा मुख्य मार्ग किनारे भड़गांव स्थित चौक पर किशोर कुमार महतो पिता स्वर्गीय रामकुमार प्रजापति के घर में शॉर्ट सर्किट के माध्यम से आग लग गई। आग लगने के कारण घर का पूरा सामान जलकर राख हो गया। बताया जाता है कि किशोर कुमार के घर में एक मोटरसाइकिल 6 महीना पहले खरीद के रखा हुआ था जो पूरी तरह जल गया। बताया जाता है कि आग इतना जबरदस्त था की पल भर में ही पूरा घर जल कर राख हो गया। घर में रखे लाखों रुपए की सामान अनाज कपड़ा सभी जल गया है। किशोर कुमार महतो ने बताया कि घटना के पूर्व अपनी गर्भवती पत्नी के लेकर लोहरदगा सदर अस्पताल में इलाज कराने के लिए गए हुए थे। घर में कोई नहीं रहने के कारण आग कब लगी कैसे लगी इसका स्पष्ट जानकारी किसी को नहीं है। ऐसे बताया जाता है कि बिजली में करंट होने के कारण शॉर्ट सर्किट से आग लगी हुई है। वहीं घर में आग लगने से 50 हजार रुपए नगद के अलावा जेवर 3 लाख 2 लाख का पल्सर टू 20 मोटरसाईकिल सहित 10 लाख का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। जबकि इससे ज्यादा भी नुकसान होने की बात परिजनों द्वारा बताया जा रहा है। आगलगी घटना मे अन्य कीमती सामान और जरूरत का कागजात समान जलकर राख हो गया। फिलहाल अग्निशामक दल आग बुझाने में जुटी हुई है। घर में आग लगने की सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी विजय कुमार, थाना प्रभारी धनंजय पासवान, जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की घटना स्थल पीड़ित का घर पहुंच कर मामले की जानकारी ले रहे है।

हॉकी खिलाड़ियों को खाली कराए जाने की सूचना पर भड़के विधायक भूषण बाड़ा, कहा

हॉकी के विकास में बाधा कतई बर्दाश्त नहीं

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में बने भवन से हॉकी खिलाड़ियों को खाली कराए जाने की सूचना पर विधायक भूषण बाड़ा भड़क गए। उन्होंने बुधवार की अहले सुबह स्टेडियम स्थित भवन का निरीक्षण किया। साथ ही मौके पर उपस्थित खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार से मामले की जानकारी ली। खेल पदाधिकारी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू हो चुकी है। इस निमित स्टेडियम निर्माण के लिए चयनित भूमि पर स्थित कन्या मध्य विद्यालय का भवन तोड़ा जाएगा। ऐसे में यहां पढ़ने वाले बच्चों को खुद का विद्यालय भवन बनने तक अल्बर्ट एक्का मैदान में स्थित भवन में शिफ्ट करने की योजना है। जिसके तहत यहां रह रहे हॉकी खिलाड़ियों को घर भेजा जा रहा है। जिस पर विधायक भूषण बाड़ा

भड़क गए। उन्होंने कहा कि अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सार्वजनिक स्थल है। यहां सालों भर कई कार्यक्रम एवं सार्वजनिक गतिविधियां होते रहती है। ऐसी स्थिति में यहां पर स्कूल संचालन की बात करना कहाँ तक उचित है। प्रशासन के पास बहुत सारा बिल्डिंग भवन बेकार पड़ा है। कन्या मध्य विद्यालय को ऐसे स्थानों में स्थित भवन में शिफ्ट करें, जहां पढ़ाई का माहौल हो। जहां बच्चों को पढ़ने में भी मन लगे। उन्होंने कहा कि सिमडेगा की पहचान हॉकी से मिली है। अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में स्थित भवन में रहकर दूर ग्रामीण क्षेत्र के 42 बच्चे हॉकी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यहीं रहकर अब तक दर्जनों हॉकी खिलाड़ी राज्य को मेडल दिला चुके हैं। इसके बाद भी यहां रहने वाले खिलाड़ियों को घर भेजा जाना हॉकी के विकास में बाधा पहुंचाने वाला कार्य है। हॉकी के विकास के खिलाफ काम कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही हॉकी के विकास के खिलाफ काम करने वालों पर कड़ी करवाई की जाएगी। उन्होंने तत्काल दूरभाष के माध्यम से शिक्षा पदाधिकारी से भी बात की। साथ ही कन्या मध्य विद्यालय को ऐसे स्थान में स्थित भवन में शिफ्ट करने का निर्देश दिया, जहां शिक्षा का बेहतर माहौल हो। उन्होंने कहा कि अल्बर्ट एक्का स्टेडियम जैसे सार्वजनिक कार्यक्रम स्थल में स्कूल शिफ्ट करना उचित नहीं है। विधायक ने कहा कि प्रशासन इसका समाधान निकाले। अगर जरूरत पड़ी तो मामले को लेकर खेल मंत्री एवं शिक्षा मंत्री के पास भी वे लेकर जाएंगे।

समस्या पर चर्चा

जलडेगा थाना में पुलिस और पब्लिक मीट का आयोजन

नये थाना प्रभारी को ग्रामीणों ने किया स्वागत

नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा
थाना परिसर में पुलिस पब्लिक सह जनप्रतिनिधि मीट का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी हिरालाल महतो की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में परिचय एवं थाना क्षेत्र की समस्या पर चर्चा की गई। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा नवपदस्थापित थाना प्रभारी को माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया गया। थाना प्रभारी हिरालाल महतो ने कहा कि थाना क्षेत्र के ग्रामीण कोई ऐसा काम ना करें जिससे कड़ी कार्रवाई करना पड़े, आपसी सहयोग से थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने में सहयोग करें। थाना क्षेत्र को नशामुक्त बनाने में भी सहयोग करें। मानव तस्करी, साईबर क्राइम से बचें, किसी भी अनजान व्यक्ति को किसी प्रकार का गोपनीय जानकारी ना दे। प्रभारी ने ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को आधारभूत समस्या से भी अवगत कराने को कहा। बैठक में ग्रामीणों ने थाना प्रभारी से प्रखंड में शराब, बकरा, मुर्गा मांस की खुलेआम बिक्री को रोकने और बजार हाट में लगातार गस्त करने को कहा।मौके पर एसआई बिरेंद्र शर्मा, अक्षयवर राम, एएसआई शिवचरण उरांव, संतोष कुमार, जलडेगा मुखिया बालमुनी लुगून, पतिअम्बा मुखिया बिमला देवी, लंबोई मुखिया शिशिर डांग, कोनमेरला मुखिया अनिमा तोपनो, लमडेगा मुखिया बिपिन बडिंग, बिमला देवी पंचायत समिति सदस्य, शशि सत्यभामा बडिंग उपप्रमुख, कृपालता बागे पतिअम्बा, जयंति देवी जलडेगा,

सुमंती समद, मालती देवी परबा, रोशन खड़िया कोनमेरला, अर्जून होरों कोनमेरला, ग्लोरिया कन्डुलना टाटी, ग्रामीण अमित गोयल, सुभाष साहू, प्रताप साहू, जसवंत साहू, बिनोद साहू, बजरंग गोयल, मिठू राम, अरूण नाग, विजित प्रसाद, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

लोहरदगा में पवनसुत श्री हनुमान मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
शहरी क्षेत्र के जुरिया रोड, राजा बंगला के फूलचंद अग्रवाल कॉलोनी में पवनसुत श्री हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन बुधवार को संपन्न हुआ। भूमि पूजन कार्यक्रम शुभ मुहूर्त अपराहन 3:00 बजे से शुरू हो गई। भूमि पूजन के उपरांत भव्य भंडारा तथा भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। भूमि दाता अरुण प्रसाद अग्रवाल सपत्नी व उनके पुत्र विवेक अग्रवाल व राज किशोर अग्रवाल सपत्नी एवं उनके पुत्र आशुतोष अग्रवाल यजमान के रूप में पूजन कार्यक्रम संपन्न किया। सभी पूजन कार्यक्रम यज्ञ आचार्य रमेश आचार्य व नवल किशोर मिश्रा के देखरेख व मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया। गौरतलब है कि मंदिर निर्माण के लिए अग्रवाल मुहल्ला निवासी अरुण अग्रवाल व उनके पुत्र

विवेक अग्रवाल एवं उनके भाई राजकिशोर प्रसाद व उनके पुत्र आशुतोष अग्रवाल ने भूमि उपलब्ध कराई है। जहाँ पर भव्य हनुमानजी का मंदिर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। इस मंदिर निर्माण के लिए सनातन धर्मावलंबियों से क्षमतानुसार सहयोग की भी अपील मंदिर निर्माण कमिटी की ओर से की गई है। कमिटी के सदस्यों ने बताया कि आज भूमि पूजन कार्यक्रम सभी के सहयोग से भव्य तरीके से संपन्न हो गया है। अब मंदिर निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा। सभी के सहयोग से शीघ्र ही भव्य मंदिर जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा। मंदिर निर्माण समिति ने सभी से बढ़-चढ़कर मंदिर निर्माण के लिए सहयोग की अपील किया है। मौके पर मंदिर निर्माण समिति के सदस्य धनेश्वर कांदु, राजू साहू , मुकेश साहू, नीरज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल , शशि भगत, हरिनाथ साहू , अजय महतो, संदीप मिश्रा, पंकज मिश्रा आदि मौजूद थे।

डीसी ने की जिलास्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक

नये लाभुकों को प्राथमिकता दी जाये

नवीन मेल संवाददाता। रांची
जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन रांची। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन- दलहन एवं मोटे अनाज योजना के क्रियान्वयन हेतु वार्षिक कार्य योजना 2022-23 पर विचार विमर्श एवं अनुमोदन हेतु जिलास्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारणी समिति की बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन, पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन- दलहन के वार्षिक कार्य योजना 2022 -23 के अनुमोदित प्रस्ताव के तहत वार्षिक कार्य योजना कुल 90,75,715. 00 (नब्बे लाख पचहत्तर हजार सात सौ पंद्रह रू०) मात्र पर जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारणी समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन- मोटे अनाज के वार्षिक कार्य योजना 2022 -23 के अनुमोदित प्रस्ताव को 8,46,500.00 (आठ लाख छियालीस हजार पांच सौ रु०) मात्र पर जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारणी समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। इस योजना के संबंध में उपायुक्त-सह- अध्यक्ष द्वारा निम्न निर्देश दिए गये। योजना के क्रियान्वयन में लाभुक के चयन प्रक्रिया में दोहरीकरण न करते हुए नए लाभुक को प्राथमिकता दें। चयन के क्रम में कम से कम 30% महिला कृषकों की भागीदारी सुनिश्चित करे। बीज वितरण कार्य में स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य रखी जाए। चयनित लाभुकों का पंजीकरण अवश्य करें। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन- दलहन योजनान्तर्गत राज्यादेश विलम्ब से प्राप्त होने के कारण वार्षिक कार्य योजना 2022-23 में खरीफ फसल का प्रत्यक्षण नहीं हो पाया, उन फसलों के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए गरम मूंग का प्रत्यक्षण कराएं जाने के प्रस्ताव पर जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारणी समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन- दलहन के वार्षिक कार्य योजना 2022 -23 में 20 % कंपानेंटल चेंज के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव के अलोक में जिलास्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारणी समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि कृषि यंत्र से संबंधित जिन कृषि यंत्रों को लेने के लिए कृषक इच्छुक नहीं हैं। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि कृषि यंत्र मद में भौतिक लक्ष्य उपरान्त उक्त मद अवशेष राशि से अतिरिक्त भौतिक लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त द्वारा योजना का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता के साथ करने का निर्देश दिया गया।

कुटियातू से 501 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

नवन मेल संवाददाता। नामकुम
पूजा समिति कुटियातू की ओर से संकट मोचन हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व बुधवार की सुबह 501 महिलाओं ने कलश यात्रा में शामिल हुई। यह कलश यात्रा कुटियातू स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर से सदाबहार चौक होते हुए घाघरा स्थिति स्वर्णरेखा नदी पहुंचकर पुजारी द्वारा विधि विधान के साथ से कलश में जल भरकर जयकारे साथ मंदिर पहुंचे। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में रांची के विधायक व पूर्व मंत्री सीपी सिंह व पूर्व विधायक रामकुमार पाहन शामिल हुए।इस मौके पर समिति के कंदुरु महतो, रमेश महतो, रामअवतार साह, पूर्व मुखिया शारदा टोप्पो, मुखिया निशा उरांव, ग्राम प्रधान बंदना उरांव,, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, बालू महतो, रमेश महतो, दिलीप साहू सहित अन्य लोग शामिल थे।

जी 20 की बैठक को लेकर तैयारियां शुरू

रांची। जी 20 को लेकर रांची में आगामी 01 मार्च 2023 को विदेशी मेहमानों का आगमन होना है। इसे लेकर उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में रांची क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को लेकर मुख्य बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। रांची एयरपोर्ट से होटल रेडिशन ब्लू तक के मार्ग एवं उसके आस पास साफ-सफाई का कार्य कराने का निर्देश उपायुक्त द्वारा पदाधिकारियों को दिया गया। साथ ही होटल के पास पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। विदेशी मेहमानों के पर्यटन को लेकर भी उपायुक्त ने होटल रेडिशन ब्लू से पतरातु जाने वाले रास्तों और उनके समांतर खड़ी दीवारों पर रंगरोगन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने रांची एयरपोर्ट से लेकर रेडिशन ब्लू होटल एवं पतरातु तक जाने वाली प्रमुख सड़कों की मरम्मत करने का भी निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया।

बजट प्रतिक्रिया) आजादी के बाद का स्वर्णिम बजट, हर वर्ग का रखा गया ध्यान : सीपी सिंह

नवीन मेल संवाददाता। रांची
भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। यह बजट समाज के प्रत्येक वर्ग खासकर गांव, गरीब, किसान और मध्यमवर्गीय सभी के लाभदायी और लाभकारी है। उन्होंने कहा है कि बजट में आदिवासी, दलित या ओबीसी वर्ग सभी के लिए व्यवस्था की गई है। एकलव्य विद्यालय में जहां 38000 शिक्षकों की बहाली होगी, वहीं इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाली लिथियम ऑयन बैटरियों पर सीमा शुल्क को घटाकर 13 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा मोबाइल, टेलीविजन, चिमनी विनिर्माण के लिए भी सीमा शुल्क में राहत दी गई है। वित्त मंत्री ने मोबाइल फोन विनिर्माण के लिए कुछ सामान के आयात पर सीमा शुल्क में कटौती की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि भारत का मोबाइल फोन उत्पादन 2014-15 के 5.8 करोड़ इकाई से बढ़कर पिछले वित्त वर्ष में 31 करोड़ इकाई हो गया। सीतारमण ने यह भी घोषणा की कि टीवी पैनल के ओपन सेल के पुर्जों पर सीमा शुल्क घटाकर 2.5 प्रतिशत किया जाएगा। किचन इलेक्ट्रिक चिमनी पर सीमा शुल्क 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है। बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सात प्राथमिकता निर्धारित की हैं, जिसमें समावेशी विकास, अंतिम छोर तक पहुंच, हरित विकास, युवा शक्ति, वित्तीय क्षेत्र, बुनियादी ढांचे का विकास और क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल शामिल हैं।

मैक्सिजोन के डायरेक्टर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के जज प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को लाखों निवेशकों का करोड़ों रुपये लेकर फरार होने वाली गाजियाबाद की कंपनी मैक्सिजोन टच प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर चंद्रभूषण सिंह और उनकी पत्नी प्रियंका सिंह की अग्रिम जमानत खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि कंपनी ने 22 अगस्त 2019 में गाजियाबाद से अपने बिजनेस की शुरूआत की थी। उसके एमडी भूषण सिंह और उनकी पत्नी प्रियंका सिंह हैं। कंपनी निवेशकों को 15 से 18 प्रतिशत प्रति माह उनके इन्वेस्टमेंट के आधार पर प्रॉफिट प्रदान करती थी। कहीं कंपनी से जुडे. लोगों के पर्दे के पीछे का खेल समय से पहले खुल नहीं जाये और निवेशकों का उन पर विश्वास बना रहे, इसे लेकर पिछले दो साल से निवेशकों को समय पर प्रॉफिट भी दिया गया।

एडीजी ने पांच वर्षों से लंबित मामले को लेकर की बैठक

नवीन मेल संवाददाता। रांची
राज्य के विभिन्न जिलों में पांच वर्षों से अधिक अवधि के लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर ने पुलिस मुख्यालय में बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक की। समीक्षा के दौरान पाया गया कि पांच वर्ष से लंबित मामलों का 80 प्रतिशत निष्पादन हो चुका है। सिर्फ 768 केस लंबित है। इनमें सबसे अधिक रांची, धनबाद और बोकरो में केस लंबित है। एडीजी ने मार्च तक सभी लंबित केस का निष्पादन करने का निर्देश सभी एसपी को दिया है। एडीजी ने बताया कि मार्च तक पांच वर्ष से अधिक लंबित मामलों का निष्पादन करने को कहा गया है। मार्च से चार वर्ष के लंबित मामलों का निष्पादन किया जायेगा। इससे पूर्व हुई बैठक में 3704 मामलों में 2787 (75 प्रतिशत) मामलों का निष्पादन किया जा चुका था। अब तक 2936(80 प्रतिशत) मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि पांच वर्षों और उससे पहले से लंबित मामलों के निष्पादन के लिए राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी के निदेर्शानुसार मार्गदर्शन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन वर्ष 2022 के सितम्बर माह के अन्त में किया गया। इस समिति का अध्यक्ष एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर को बनाया गया था । उपाध्यक्ष सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज को बनाया गया था।

सफलतापूर्वक बंध्याकरण ऑपरेशन

नवीन मेल संवाददाता। बुढ़मू
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू में प्रखंड के विभिन्न गांवों के 31 महिलाओं का सफलता पूर्वक बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन चिकित्सा प्रभारी पूनम कुमारी की देखरेख में की गई। बंध्याकरण, ऑपरेशन के सफल आयोजन में स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू के सीएचसी प्रभारी पूनम कुमारी, बीपीएम अनीता किरण मिंज, सुदालेन , मनोरमा, विक्रम तिर्की, अजीत कुमार , अजय सिंह, राजू कुमार, अबुल कलाम, रानी देवी, डॉक्टर कृति कुमारी सहित स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू के कई डॉक्टरो एवं स्वास्थ्य कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

लाभुकों ने की स्वयंसेवक को पंचायत से हटाने की मांग

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया
चिनिया प्रखंड के बेता पंचायत के बेसरी गांव के दर्जनों पीएम आवास लाभुकों ने स्वयंसेवक पर पैसा उगाही का आरोप लगाया है। बुधवार को बेसरी गांव में दर्जनों लाभुक इकट्ठा होकर मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि सायरा खातून नसीम अंसारी कमरुद्दीन अंसारी मुर्शीद अंसारी को पक्का मकान बता कर के इनका पीएम आवास का राशि नहीं दिया गया है, परंतु जब प्रखंड के टीम तथा जिला के टीम इनके आवास को जांच किया तो कच्चा मकान पाया गया था,फिर भी इनको पीएम आवास का राशि नहीं मिल पाया, उधर लाभुकों ने पंचायत के स्वयंसेवक उमेश यादव पर आरोप लगाया कि पंद्रह ?15000 लेकर के पीएम आवास की राशि खाते में डलवाने की बात कही थी परंतु बाद में फिर ?25000 की मांग की जाने लगी तो हम लोग नहीं दे सके, इस बात पर स्वयंसेवक द्वारा पंद्रह ?15000 वापस कर दिए गए जबकि मुर्शीद अंसारी का साढे ?5000 अभी भी स्वयंसेवक उमेश यादव के पास बाकी है। उधर मामले में स्वयंसेवक से पूछे जाने पर पैसा लेने से इनकार किया है। मौके पर पीएम आवास के लाभूक जिनका सूची में नाम शामिल है। इलियास अंसारी बसारत अंसारी, सलीम अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी, युसूफ अंसारी, जियाउल हक, ताहिर अंसारी, रमजान अंसारी, नसीम अंसारी, आफताब आलम, मंजूर आलम, मोहम्मद नूर मोहम्मद, मोहम्मद इफ्तिखार अंसारी, खुर्शीद अंसारी, अनीस अंसारी, सफदर अंसारी, सहित 40 लोगों का जॉब कार्ड मिसमैच के नाम पर उनके पीएम आवास में पैसे नहीं भेजे जा रहे हैं।

दो माह से राशन नहीं मिलने से लाभुकों ने बीडीओ से की शिकायत

नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव
प्रखंड क्षेत्र के रेसुआ गांव के राशन डीलर शिव शंकर राम पर नवम्बर, दिसम्बर एवं जनवरी माह का राशन गमन करने का आरोप दुबेतहले गांव के राशन कार्ड धारियों द्वारा लगाया गया है। इस सम्बंध में दो दर्जन से अधिक कार्ड धारी महिला पुरूष प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे और शिकायत पत्र देते हुए बकाया राशन दिलाने की मांग की। इस संबंध में बीडीओ से शिकायत करते हुए आशा देवी,लक्ष्मी देवी, सुनीता देवी, उर्मिला देवी, कांति देवी, किरण देवी, अनिल राम, कृष्णा पासवान ,शिव राम एवं दसई रजवार सहित दो दर्जन से अधिक लाभुकों ने कहा कि डीलर शिवशंकर राम ने उन्हें नवम्बर, दिसम्बर एवं जनवरी माह का राशन नही दिया है। लाभुकों ने बीडीओ को बताया कि इसकी शिकायत वे सीओ सह प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता से भी किये थे, इसके बाद उनके द्वारा भी डीलर को फटकार लगाते हुए राशन देने का निर्देश दिया गया था लेकिन डीलर ने इसे अनसुना कर दिया और किसी को भी राशन नही दिया। लाभुकों ने कहा कि उन्हें सरकार से मिले धोती साड़ी भी नहीं दी गई है। वहीं लाभुकों ने आरोप लगाते हुए कहा कि डीलर के द्वारा पहले से ही प्रति किलो2रु लेकर ही राशन दिया जाता है, इसमे भी तीस किलो राशन में दो किलो काटकर दिया जाता है।लाभुकों ने दिए गए आवेदन पत्र में कहा है कि केंद्र सरकार से मिलने वाले फ्री राशन में भी दस रुपए लिए जाते हैं। मौके पर उपस्थित बीडीओ नीतीश कुमार भास्कर ने लाभुकों की शिकायत को ध्यान से सुना और जांच कर डीलर के खिलाफ कार्रवाई करने का आस्वासन दिया। इधर सहायक गोदाम मैनेजर मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि शिवशंकर राम द्वारा नवम्बर, दिसम्बर का राशन उठाव कर लिया गया है।जबकि जनवरी माह का राशन लेट होने के कारण28जनवरी से उठाव होना सुरु हुआ है।

समारोह बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का 7वां दीक्षांत समारोह आज

1100 से अधिक लोगों को मिलेगी पीएचडी की डिग्री

नवीन मेल संवाददाता। रांची
दो फरवरी को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में कुल 1139 विद्यार्थी ग्रेजुएशन, मास्टर्स और पीएचडी की डिग्री प्राप्त करेंगे। विश्वविद्यालय में नवस्थापित सात कृषि, बागवानी, मात्स्यिकी, दुग्ध प्रौद्योगिकी और कृषि अभियंत्रण महाविद्यालयों के छात्र दीक्षांत समारोह में पहली बार भाग लेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेश बैस होंगे तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक दीक्षांत भाषण देंगे। कुल 24 छात्र-छात्रों को गोल्ड मेडल मिलेगा जिसमें तीन विद्यार्थियों को अपने सत्र में किसी भी पाठ्यक्रम में सर्वोच्च ओवरआल ग्रेड पॉइंट एवरेज (ओजीपीए) हासिल करने के लिए चांसलर्स यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल प्रदान किया जायेगा क उनके नाम हैं- वर्ष 2019 के लिए स्वप्निल (8.976ओजीपीए), आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग, रांची कृषि महाविद्यालय, वर्ष 2020 के लिए एम देवेंदर (8.928 ओजीपीए), कीट विज्ञान विभाग, रांची कृषि महाविद्यालय तथा वर्ष 2021के लिए काजल कुमारी (9.056 ओजीपीए), बी एफ एससी, मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय, गुमला क कुल 26 छात्र-छात्रों को पीएच डी डिग्री तथा 226 को मास्टर्स डिग्री प्रदान की जाएगीक विभिन्न विषयों और संकायों में स्नातक डिग्री प्राप्त करनेवाले विद्यार्थियों की संख्या 887 है। बुद्धवार को मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए बीएयू के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने यह जानकारी दी ककुलपति ने बताया कि कृषक समुदाय को कृषि, पशुपालन, वानिकी, जैवप्रौद्योगिकी, खाद्य प्रसंस्करण, मत्स्यपालन, डेयरी प्रौद्योगिकी, कृषि यंत्रीकरण आदि की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 3 से 5 फरवरी तक एक एग्रोटेक किसान मेला का आयोजन विश्वविद्यालय के कांके स्थित मुख्य प्रांगण में किया जा रहा है। मेला में राज्य के किसान, विकास पदाधिकारी, खाद, बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि यन्त्र आदि के निमार्ता-बिक्रेता, बैंक, वित्तीय संस्थान, स्वयंसेवी संस्थायें और आइसीएआर के शोध संस्थान भाग लेंगे। विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों के अलावा प्रतिभागी संस्थाएं कुल 143 स्टालों पर अपनी प्रौद्योगिकी, सेवाओं और उत्पादों को प्रदर्शित करेंगी क इस वर्ष मेला का थीम 'कृषि आधुनिकीकरण द्वारा आय में वृद्धि' रखा गया है।

कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा
बीर बुद्धू भगत भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
E-mail Id- lohardagadaho@gmail.com

आम सूचना

माह– फरवरी 2023 में विभिन्न पंचायतों के पंचायत भवनों एवं पशु अस्पतालों में "दो दिवसीय विशेष पशुस्वास्थ शिविर" (द्वितीय चरण) आयोजन हेतू सूची एवं कार्यक्रम विवरण तिथिवार :–

क्र. स.	प्रखण्ड	पंचायत	षिविर आयोजन की तिथि	शिविर स्थल का नाम	उत्तरदायी पदाधिकारी का नाम/पदनाम
1	कुडू	कोलसिमरी,	07.02.2023 एवं 08.02.2023	पंचायत भवन, कोलसिमरी	डा0 शकुन्तला सुरेन, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कुडू लोहरदगा 9934038731/9431361554
2		जिंगी	09.02.2023 एवं 10.02.2023	पंचायत भवन, जिंगी	
3		लावागांई,	13.02.2023 एवं 14.02.2023	पंचायत भवन, लावागांई	
4		पण्डरा,	15.02.2023 एवं 16.02.2023	पंचायत भवन, पण्डरा,	
5		जीमा	17.02.2023 एवं 18.02.2023	पंचायत भवन, जीमा	
6		चंदलासो	20.02.2023 एवं 21.02.2023	चंदलासो पंचायत भवन	
7		उडुमूडू	22.02.2023 एवं 23.02.2023	पंचायत भवन, उडुमूडू	
8		टाटी	24.02.2023 एवं 25.02.2023	पंचायत भवन, टाटी	
9		ककड़गढ़	27.02.2023 एवं 28.02.2023	रानी टोंगरी	
10	कुडू	सलगी	09.02.2023 एवं 10.02.2023	पंचायत भवन, सलगी	डॉ0 रोहित कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कण्डरा 9709095993/ 8809426652
11		सुन्दरू	13.02.2023 एवं 14.02.2023	पंचायत भवन, सुन्दरू	
12		बड़की चौंपी	16.02.2023 एवं 17.02.2023	प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, चौंपी	
13		चीरी,	20.02.2023 एवं 21.02.2023	पंचायत भवन, चीरी	
14	लोहरदगा	हेसल	07.02.2023 एवं 08.02.2023	पंचायत भवन, हेसल	डा0 अभिषेक उराँव, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा 9431528212
15		जुरिया	10.02.2023 एवं 11.02.2023	पंचायत भवन, जुरिया	
16		तिगरा	13.02.2023 एवं 14.02.2023	पंचायत भवन, तिगरा	
17		रामपुर,	15.02.2023 एवं 16.02.2023	प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, रामपूर	
18		भटखिजरी	17.02.2023 एवं 18.02.2023	पंचायत भवन, भटखिजरी	
19		बाघा,	20.02.2023 एवं 21.02.2023	पंचायत भवन, बाघा	
20		हिरही,	22.02.2023 एवं 23.02.2023	पंचायत भवन, हिरही	
21		अरकोसा	24.02.2023 एवं 25.02.2023	पंचायत भवन, अरकोसा	
22	लोहरदगा	मनहो,	07.02.2023 एवं 08.02.2023	पंचायत भवन, मनहो	डा0 वीरा संयुक्ता नैन्सी खलखो पशु शल्य चिकित्सक, लोहरदगा 8340468437/ 9430390984
23		हरमू,	10.02.2023 एवं 11.02.2023	पंचायत भवन, हरमू	
24		जोरी	13.02.2023 एवं 14.02.2023	पंचायत भवन, जोरी	
25		निगनी	16.02.2023 एवं 17.02.2023	पंचायत भवन, निगनी	
26	सेन्हा	उगरा	07.02.2023 एवं 08.02.2023	पंचायत भवन, उगरा	डॉ0 मनोज कुमार प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सेन्हा 7004141738
27		अरू,	10.02.2023 एवं 11.02.2023	पंचायत भवन, अरू	
28		मुर्की तोरार	13.02.2023 एवं 14.02.2023	पंचायत भवन, मुर्की तोरार	
29		झालजमीरा,	16.02.2023 एवं 17.02.2023	पंचायत भवन, झालजमीरा	
30		डांडु	20.02.2023 एवं 21.02.2023	पंचायत भवन, डांडु	
31		बदला	23.02.2022 एवं 24.02.2023	पंचायत भवन, बदला	
32	सेन्हा	कण्डरा	07.02.2023 एवं 08.02.2023	पंचायत भवन, कण्डरा	डॉ0 रोहित कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कण्डरा 9709095993/ 8809426652
33		भडगाँव	22.02.2023 एवं 23.02.2023	पंचायत भवन, भडगाँव	
34		सेरेंगहातू तोरार	24.02.2023 एवं 25.02.2023	पंचायत भवन, सेरेंहातू तोरार	
35		अलौदी	27.02.2023 एवं 28.02.2023	पंचायत भवन, अलौदी	
36	भण्डरा	भौरो,	08.02.2023 एंव 09.02.2023	पंचायत भवन, भौंरो	डा0 अंजिला श्रद्धा तृप्ति कुजूर भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, भण्डरा 8974749989
37		बड़गाँई	10.02.2022 एवं 11.02.2022	प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, चट्टी	
38		अकासी	13.02.2023 एवं 14.02.2023	पंचायत भवन, अकासी	
39		भीठा	16.02.2023 एवं 17.02.2023	पंचायत भवन, भीठा	
40		मरामानो	20.02.2023 एवं 21.02.2023	पंचायत भवन, मरामानो	
41	भण्डरा	जमगाई	08.02.2023 एंव 09.02.2023	पंचायत भवन, जमगाई	डा0 मनोज कुमार, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, भण्डरा 7903325460
42		गड़रप्पो	10.02.2023 एवं 11.02.2023	पंचायत भवन, गडरप्पो	
43		भण्डरा	13.02.2023 एवं 14.02.2023	प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, भण्डरा,	
44		उदरंगी	16.02.2023 एवं 17.02.2023	पंचायत भवन, उदरंगी	
45	किस्को	परहेपाठ	07.02.2023 एवं 08.02.2023	प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, किस्को	डा0 सत्यजय केरकेट्टा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, खरचा 9430190718
46		बेटहट,	10.02.2023 एवं 11.02.2023	पंचायत भवन, बेटहट	
47		अरेया	13.02.2023 एवं 14.02.2023	पंचायत भवन, अरेया	
48		देवदरीया	16.02.2023 एवं 17.02.2023	प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, खरचा	डा0 सत्यजय केरकेट्टा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, खरचा 9430190718
49		पाखर	20.02.2023 एवं 21.02.2023	पंचायत भवन, पाखर	
50		नारी नवाडीह	22.02.2023 एवं 23.02.2023	पंचायत भवन, नारी नवाडीह	
51		खरकी	24.02.2023 एवं 25.02.2023	पंचायत भवन, खरकी	
52	किस्को	हिसरी	13.02.2023 एवं 14.02.2023	पंचायत भवन, हिसरी	डा0 बिरसा उराँव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पतरातू 7488660969/ 9798078205
53		बगडू	15.02.2023 एवं 16.02.2023	प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, पतरातू	
54	कैरो	गुडी	04.02.2023 एवं 05.02.2023	पंचायत भवन गुडी	डॉ0 अनिल कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कैरो 8210921284
55		नरौली,	07.02.2023 एवं 08.02.2023	पंचायत भवन, नरौली	
56		गजनी,	10.02.2023 एवं 11.02.2023	पंचायत भवन, गजनी	
57		सढ़ाबे,	13.02.2023 एवं 14.02.2023	पंचायत भवन, सढ़ाबे	
58		हनहट,	15.02.2023 एवं 16.02.2023	पंचायत भवन हनहट	
59	पेशरार	रोरद	07.02.2023 एवं 08.02.2023	पंचायत भवन, रोरद	डा0 बिरसा उराँव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पतरातू 7488660969/ 9798078205
60		पेशरार	09.02.2023 एवं 10.02.2023	पंचायत भवन, पेशरार	
61		हेसाग	20.02.2023 एवं 21.02.2023	पंचायत भवन, हेसाग	
62		तुईमू	23.02.2023 एवं 24.02.2022	पंचायत भवन, तुईमू	
63	पेशरार	सिरम	26.02.2023 एवं 27.02.2023	पंचायत भवन, सिरम	डा0 सत्यजय केरकेट्टा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, खरचा 9430190718

नोटः–
1. लोहरदगा जिलान्तर्गत संबंधित पदाधिकारी सभी पंचायतों के स्थानीय जनप्रतिनिधि / मुखियागणों को आमंत्रित करेंगे।
2. सभी पशुपालकों से अनुरोध है कि शिविर में अपने पशुओं में FMD, LSD एंव बाछियों में Brucellosis का टीकाकरण करायेंगे।

जिला पशुपालन पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 288943 Lohardaga(22-23)D

ज्ञान की बात

धर्म न मात्र ग्रहण में है न मात्र त्याग में। धर्म तो सात्विक त्याग तथा सात्विक ग्रहण-दोनों में है। ग्रहण में न्याय की रक्षा है, अथवा त्याग में। ग्रहण जनहित में है अथवा त्याग में। कर्तव्य की पूर्ति ग्रहण में होती है अथवा त्याग में। महत्वपूर्ण न ग्रहण है, न त्याग। महत्वपूर्ण तो उसका कारण और उसका परिणाम है।

- ठाकुरजी

भारत जोड़ो यात्रा व झारखंड

भारत जोड़ो यात्रा का पिछले दिनों समापन हो गया है। वैसी स्थिति में कुछ सवाल आम लोगों के जेहन में आज भी कैद हैं। मसलन क्या सचमुच भारत टूटा हुआ था। जिसे जोड़ने की बात की जा रही है। बहरहाल 7 सितंबर 2022 से कन्याकुमारी से शुरू हुई कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा 12 राज्यों और 02 केन्द्र शासित प्रदेशों से होते हुए 4080 किमी की दूरी तय कर जम्मू कश्मीर पहुंची, जहां इस यात्रा का औपचारिक रूप से समापन हुआ। मजेदार बात यह कि इस ऐतिहासिक यात्रा के समापन का गवाह झारखंड भी बना। गौर करने की बात है कि प्रारंभ और समापन की कड़ी को जोड़ कर देखें तो कहानी और कुछ बनती दिखती है। वैसी स्थिति में हम यह कह सकते हैं कि जनाधार और छवि को लेकर हमारे राजनेता तरह-तरह के हथकंडे अपनाते रहते हैं। इसलिए राजनीति में मोल भाव,बार्गेनिंग तथा हॉर्स ट्रेडिंग जैसे शब्द घुलमिल गये हैं कि अटपटी बातें भी कभी-कभी औचित्यपूर्ण लगने लगती हैं और उचित संदर्भ भी चौंकाने वाले लगते हैं। वजह ढूंढने की आदत भी समाप्त होने जा रही हैं। उधर हम देख ही चुके हैं कि किस प्रकार झारखंड के नेता भारत जोड़ो यात्रा का हवाला यात्रा से लौटने के बाद दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में इस चौराहे पर ठहर कर बहुत कुछ सोचने की जरूरत है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा है कि एक धर्म को दूसरे धर्म से, एक जाति को दूसरी जाति से, एक भाषा से दूसरे राज्य से, एक राज्य को दूसरे राज्य से लड़ाया जा रहा है। वहीं कांग्रेस विधायक दल के नेता और झारखंड के मंत्री आमलगीर आलम ने कहा कि आज हमारी विविधता खतरे में है, विभाजनकारी ताकतें हमारी विविधता को देश के खिलाफ इस्तेमाल कर रहे हैं। अब सवाल उठता है कि क्या सचमुच ऐसा कुछ हो रहा है। अगर हो रहा है तो अविलंब रोक लगनी चाहिए। लेकिन ऐसा कुछ नहीं है तो ऐसे बयानों से बचने की जरूरत है। कारण जनता बहुत समझदार हो गयी है। बयानबाजी व भाषण जिसकी जमीन पर दिखती है,वही फसल काटता है। चुनाव की जमीन भुरभुरा करने के लिए काम करने की जरूरत है। जिसका जनाधार काम से बना है,उसे बहुत कुछ करने की जरूरत नहीं है। 2024 की राजनीतिक जमीन का असर भारत जोड़ो यात्रा से नहीं जोड़ा जा सकता। उसके कई कारण हैं। पहला कारण झारखंड में यह है कि कांग्रेस की जमीन यहां से खिसक गयी है। दूसरी खास वजह यह भी राज्य की कांग्रेस कई खेमों में विभक्त है। ऐसे में कांग्रेस नेतृत्व इस गंभीर प्रश्न का उत्तर ढूंढने का प्रयास करे। ऐसा करने से हो सकता है भारत जोड़ो यात्रा से लौटे नेताओं को सुकून का अनुभव हो।

चुनाव की जमीन भुरभुरा करने के लिए काम करने की जरूरत है। जिसका जनाधार काम से बना है,उसे बहुत कुछ करने की जरूरत नहीं है। 2024 की राजनीतिक जमीन का असर भारत जोड़ो यात्रा से नहीं जोड़ा जा सकता।

भारतीय विदेश नीति में आक्रमकता जरूरी !

डॉ. अनिल कुमार निगम

विदेश में खालिस्तान समर्थित समूहों की बढ़ती गतिविधियां भारत की एकता, अखंडता और शांति व्यवस्था के लिए संकट बनती जा रही हैं। अमेरिका और ब्रिटेन के बाद कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान समर्थित खालिस्तान समूहों द्वारा भारत के खिलाफ षड़यंत्र तेज हो गया है। ऑस्ट्रेलिया में जिस तरीके से खालिस्तान समर्थकों ने भारतीयों पर हमला किया और राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया, वह हर भारतीय की आन, बान और शान पर न केवल हमला है बल्कि यह भारत की अस्मिता पर आघात है। दिल्ली में सिख फॉर जस्टिस रेफरेंडम 2020 और खालिस्तान के देश विरोधी स्लोगन लगाने के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल कुछ संदिग्धों की पहचान भी की है। लेकिन सुरसा की मुंह की तरह बढ़ रही इस समस्या के प्रति केंद्र सरकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक गंभीर और आक्रामक होने की आवश्यकता है। विदित है कि ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तान समर्थकों का उत्पात लगातार बढ़ता जा रहा है। खालिस्तान समर्थक समूहों द्वारा ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में राष्ट्रीय ध्वज लेकर जा रहे भारतीयों पर हमला करने का एक वीडियो सामने आया है। खालिस्तान समर्थक अपना खुद का झंडा हाथ में लिए हैं। वे राष्ट्रीय ध्वज लिए लोगों पर हमला कर देते हैं और भारत के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान भी करते हैं। मौके पर ऑस्ट्रेलिया की पुलिस भी खड़ी है और वह उत्पात मचाते लोगों को शांत कराने की कोशिश कर रही है। इस हमले में पांच लोग घायल हुए। एक युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। ध्यातत्व है कि पहले भी ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानी समर्थकों का उत्पात देखने को मिला है। ऑस्ट्रेलिया में एक पखवाड़े के अंदर तीन बार हिंदू मंदिरों पर हमला हुआ। खालिस्तानियों ने तीन मंदिरों को निशाना बनाकर तोड़फोड़ की थी और उनकी दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे थे। उन्होंने खालिस्तान के समर्थन में उत्तेजक बातें भी दीवारों पर लिखी थीं। यह घटना भारत के लिए तो चिंताजनक है ही, आस्ट्रेलिया की सरकार के लिए भी एक चुनौती है जिसने कुछ दिन पहले खालिस्तानी तत्वों को काबू करने को लेकर एक अहम सुरक्षा बैठक की थी। ऑस्ट्रेलिया में काफी समय से खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों को समर्थन मिल रहा है। सोशल मीडिया पर उनकी असामाजिक गतिविधियां जोरों पर चल रही हैं। एएनआई की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि विवादित पोस्टर सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से प्रसारित हो रहे हैं। इस तरह के पोस्टर पर सतवंत सिंह और केहर सिंह की तस्वीरें लगी हैं। सतवंत सिंह वही सुरक्षा कर्मी था जिसने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की थी। जबकि केहर सिंह को उनकी हत्या की साजिश के आरोप में फांसी की सजा दी गई थी। कनाडा में भी भारत विरोधी गतिविधियां काफी बढ़ गई हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय और कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने इन घटनाओं को कनाडा प्रशासन के सामने उठाया और उनसे इन अपराधों में उचित कार्रवाई की मांग की है। हालांकि भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों को अब तक समुचित सजा नहीं मिली है। यही कारण है कि विदेश मंत्रालय ने भारतीयों के लिए एक एडवाइजरी भी जारी की। इसमें कनाडा में रहने वाले भारतीयों को वहां बढ़ रही सांप्रदायिक हिंसा और भारत विरोधी गतिविधियों के लिए चेताया गया। यही नहीं, अमेरिका में पाकिस्तान समर्थित खालिस्तानी अलगाववादी समूहों द्वारा भारत विरोधी गतिविधियां चल रही हैं जिस पर भारत ने भी चिंता व्यक्त की है। भारत के हिंदू नेताओं और बड़े राजनेताओं की टारगेट किलिंग की साजिश की खबरें भी आई हैं। खुफिया एजेंसियों के अनुसार इस तरह की साजिश में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। ज्ञात हुआ है कि आईएसआई ने खालिस्तानी आतंकियों और पंजाब से फरार होकर विदेश में बैठे अपराधी तत्वों के जरिये पंजाब में हिंदू नेताओं को मारने की साजिश रची है। वास्तविकता तो यह है कि लगभग एक साल से खालिस्तान आंदोलन फिर से चर्चा में आ गया है। पंजाब ने आतंकवाद का अत्यंत डरावना और काला दौर देखा है। वर्ष 1980 और 90 के दशक में पंजाब का प्रशासन और आम जनजीवन बुरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया था। सुबह घर से निकला व्यक्ति शाम को घर वापस आयेगा भी, इसकी कोई गारंटी नहीं होती थी। पंजाब केसरी अखबार के संपादक लाला जगत नारायण और उनके पुत्र रमेश समेत हजारों लोगों की हत्या कर दी गई थी। सरकार बहुत ही मशक्कत के बाद पंजाब को आतंकवाद से मुक्त करा सकी थी। दिल्ली में सिख फॉर जस्टिस रेफरेंडम 2020 और खालिस्तान के समर्थनमें नारे लगाने के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल कुछ संदिग्धों की पहचान की है।

खालिस्तान समर्थक समूहों द्वारा ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में राष्ट्रीय ध्वज लेकर जा रहे भारतीयों पर हमला करने का एक वीडियो सामने आया है। खालिस्तान समर्थक अपना खुद का झंडा हाथ में लिए हैं। वे राष्ट्रीय ध्वज लिए लोगों पर हमला कर देते हैं।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आईए सुनें संतोषी माता की कहानी

एक बूढ़ी औरत थी। उसका एक ही बेटा था। बेटे की शादी के बाद बुढ़िया बहू से घर के सारे काम करवाती थी लेकिन उसे सही खाना नहीं देती थी। लड़के ने यह सब देखा लेकिन माँ से कुछ कह नहीं पाया। बहुत सोच-विचार के बाद एक दिन लड़के ने माँ से कहाझ्र माँ, मैं विदेश जा रहा हूँ। माँ ने बेटे को जाने का आदेश दिया। इसके बाद वह अपनी पत्नी के पास गया और बोला- मैं विदेश जा रहा हूं, कोई निशानी दो। इतना कहकर वह पति के चरणों में गिर पड़ी और रोने लगी। इसने गोबर से लथपथ हाथों से पति के जूतों पर छाप छोड़ी। बेटे की मौत के बाद सास-ससुर के अत्याचार और बढ़ गए। एक दिन बहू उदास होकर मंदिर गई, वहां कई महिलाएं पूजा कर रही थीं।उन्होंने महिलाओं से व्रत के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि हम संतोषी माता का व्रत कर रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि यह सभी प्रकार के कष्टों का नाश करती है महिलाओं ने बताया कि शुक्रवार के दिन स्नान करके एक बर्तन में शुद्ध जल लें, गुड़ और चने का प्रसाद लें और सच्चे मन से मां की पूजा करें। खट्टा भूलकर भी न खाएं और न ही किसी को दें। एक बार भोजन करने के बाद व्रत की रस्में सुनकर अब वह हर शुक्रवार को संयम से व्रत रखने लगी। कुछ दिनों बाद माँ की कृपा से पति का पत्र आया, कुछ दिनों बाद धन भी आ गया। उसने प्रसन्न मन से फिर से उपवास किया और मंदिर में जाकर अन्य महिलाओं से कहा झ्र माता संतोषी की कृपा से हमें पति का पत्र और पैसा मिला है। अन्य सभी महिलाओं ने भी श्रद्धा के साथ उपवास करना शुरू कर दिया।

(क्रमशः)

भारतीय बजट शानदार आवंटन ईमानदार

मुकुंद

अमृतकाल के पहले केंद्रीय बजट की लगभग सभी ने तारीफ की है। आमतौर पर बजट पेश होने के बाद हाय-तौबा मचाने वाले शांत हैं। इस खामोशी के मायने हैं कि बजट शानदार है। इसमें हर क्षेत्र को ईमानदार आवंटन किया गया है। तभी तो केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण के समापन पर मेजें थपथपाई गईं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रारंभिक प्रतिक्रिया में कहा है कि देश के विकास को इस बजट से नई ऊर्जा मिलेगी। प्रधानमंत्री ने साहसिक बजट के लिए वित्तमंत्री को बधाई दी है। उन्होंने कहा अमृत काल का पहला बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा। ये बजट वंचितों को वरीयता देता है। ये बजट आज की आकांक्षी समाज, गांव, गरीब, किसान, मध्यम वर्ग सभी के सपनों को पूरा करेगा। संभवतः यह पहला ऐसा बजट है जिस पर विपक्ष के घाघ नेता भी कटाक्ष करने से बच रहे हैं। इसका सीधा अर्थ है कि बजट में ऐसा बहुत कुछ है, जो देश के मध्यम वर्ग ही नहीं, हर वर्ग के लिए फायदेमंद है। वैसे भी बजट में सात लाख रुपये तक की आय में कर को शून्य किया गया है। अपनी तल्ख टिप्पणियों के लिए प्रख्यात कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने संभवतः इसीलिए कहा है कि बजट में कुछ चीजें अच्छी हैं। मैं इसे पूरी तरह नकारात्मक नहीं कहूंगा, लेकिन अभी कई सवाल उठेंगे। बजट में मनरेगा का जिक्र नहीं है। थरूर ने कहा सरकार मजदूरों के लिए क्या करने जा रही है? बेरोजगारी और महंगाई पर नियंत्रण के लिए क्या करने जा रही है इस पर जिक्र नहीं है। इस बजट पर समाजवादी पार्टी डिंपल यादव ने जरूर असहज करने वाली टिप्पणी की है। वह इसे चुनावी बजट ठहराती हैं। उन्होंने कहा है इसमें किसानों के लिए कुछ नहीं है। रेलवे को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है। आधी से ज्यादा आबादी गांव में बसती है। उनके लिए कुछ नहीं किया गया है। आर्थिक मोर्चे पर डिंपल यादव की यह टिप्पणी समान विचारधारा वाले दलों के अन्य नेताओं की प्रतिक्रिया से मेल नहीं खाती। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल मानते हैं कि अमृतकाल का पहला बजट क्रांतिकारी है। यह समाज के हर वर्ग को राहत देने वाला है। विशेषकर मध्यम वर्ग को आयकर में राहत दी गई है। नया टैक्स स्लैब राहत देने वाला है। युवा, महिला और वरिष्ठ नागरिक सभी को केंद्र ने राहत प्रदान की है। लालू यादव की पार्टी राजद के सांसद मनोझ झा इसमें रोजगार के लिए गोल-गोल बातें की गई हैं। इस खास लोगों ने खास लोगों के लिए तैयार किया है। केंद्रीयमंत्री स्मृति ईरानी ने कहा है बजट से विपक्ष भले ही नाराज हो, पर समूचा भारत प्रफुल्लित है। डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की घोषणा क्रांतिकारी कदम है। नारी शक्ति सशक्त राष्ट्र का निर्माण कैसे कर सकती है इसका प्रतिबिंब इस बजट में है। इसे आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय मंत्री वीके सिंह का कहते हैं कि इस बजट में अगले 25 सालों के लिए भारत कैसे आगे बढ़े, उसकी नींव रखी गई है। दूसरे मंत्री प्रह्लाद पटेल का नजरिया विश्वास से लबरेज है। वह इसे अमृतकाल में सरकार का रोडमैप बताते हैं। बड़ी बात यह कहते हैं कि हम दुनिया में अपनी अर्थव्यवस्था को 10वें से पांचवें स्थान पर ले आए इससे बेहतर और कुछ नहीं हो सकता। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने ना-नुकुर करते हुए खुलेदिल से इसकी तारीफ की है। उन्होंने कहा कि बजट का बड़ा हिस्सा राष्ट्रपति के अभिभाषण और आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट की पुनरावृत्ति है। टैक्स में किसी भी तरह की कटौती का स्वागत है। लोगों के हाथ में पैसा देना अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का सबसे अच्छा तरीका है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला भी खुश हैं। उन्होंने कहा है कि सुखद यह है कि बजट में मध्यम वर्ग को मदद दी गई है। सबको कुछ न कुछ दिया गया है। डेढ़ घंटे तक हमने बजट सुना है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का मानना है कि यह प्रगति, उन्नति और नई गति का बजट है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है केंद्रीय बजट किसानों, महिलाओं, हाशिये पर पड़े वर्गों एवं मध्यम वर्ग को सहायता प्रदान करने की प्राथमिकता के साथ विकास एवं कल्याण पर केंद्रित है। बजट के प्रस्तावों से देश को कुछ वर्षों के भीतर ही पांच ट्रिलियन (पांच हजार अरब) डॉलर की अर्थव्यवस्था और विश्व की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी।

इस बजट पर समाजवादी पार्टी डिंपल यादव ने जरूर असहज करने वाली टिप्पणी की है। उन्होंने कहा है इसमें किसानों के लिए कुछ नहीं है। रेलवे को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है।

बजट चर्चा

फोटो की दुनिया



ट्वीट-ट्वीट

Hemant Soren
@HemantSorenJMM

माननीय गृह मंत्री जी यहां आकर बोले कि बाबूलाल जी ने उनसे कहा सरकार गिरा दो। तो उन्होंने कहा ऐसे कोई सरकार नहीं गिरा सकता।
यहां के नेता षड्यंत्र में लगे रहते हैं। लेकिन उन्हें पता नहीं है कि इस सरकार का मुखिया चारों तरफ देख रहा है, जैसे वह षड्यंत्र करेंगे वैसे ही वह पकडे जाएंगे।

फेसबुक वॉल से

भारतबोध कराता है स्वदेशी पर्यटन

डॉ. सौरभ मालवीय

पर्यटन देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाता है। इससे सरकार को राजस्व और विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है। इसके कारण विकास कार्यों को भी बढ़ावा मिलता है। भारत एक विशाल देश है। यहां के विभिन्न राज्यों की भिन्न-भिन्न संस्कृतियां हैं। सबकी अपनी परम्पराएं हैं। इसके साथ ही यहां प्राकृतिक सौंदर्य से ओतप्रोत पर्यटन स्थल हैं। यहां पर ऐतिहासिक स्थल हैं। यहां पर असंख्य धार्मिक स्थल भी हैं। हम 25 जनवरी को पर्यटन दिवस मना चुके हैं। साल 1948 में इसकी शुरूआत ही थी। इसके पश्चात एक पर्यटन यातायात समिति भी गठित की गई। इस समिति के गठन के तीन वर्ष पश्चात 1951 में कोलकाता और चेन्नई में पर्यटन दिवस के क्षेत्रीय कार्यालयों में वृद्धि होती गई। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में पर्यटन कार्यालय बनाये गये। वर्ष 1998 में पर्यटन और संचार मंत्री के नेतृत्व में एक पर्यटन विभाग बनाया गया। इसका उद्देश्य भारतीय पर्यटन को प्रोत्साहित करना है। पर्यटन स्थलों के कारण लाखों लोगों को आजीविका प्राप्त होती है। धार्मिक पर्यटनः भारत में प्रत्येक वर्ष लाखों पर्यटक आते हैं। इनमें धार्मिक पर्यटक भी सम्मिलित हैं। धार्मिक पर्यटक से अभिप्राय उन पर्यटकों से है, जो यहां के तीर्थ स्थानों के दर्शनों के लिए आते हैं। भारत तीर्थों का देश है। यहां बहुत से तीर्थ स्थान हैं। हिन्दू धर्म में अनेक प्रकार के तीर्थों का वर्णन मिलता है। इन तीर्थों में 12 ज्योतिर्लिंग भी सम्मिलत है। इनका अत्यंत महत्त्व है। गुजरात के सौराष्ट्र में स्थित सोमनाथ ज्योतिर्लिंग पृथ्वी का प्रथम ज्योतिर्लिंग माना जाता है। मान्यता है कि यहां पर देवताओं ने एक पवित्र कुंड का निर्माण किया था। इसे सोमकुंड कहा जाता है। यह भी मान्यता है कि इस कुंड में स्नान करने से व्यक्ति के समस्त पापों का नाश हो जाता है। इसलिए इसे पापनाशक कुंड कहा जाता है। आंध्र प्रदेश में कृष्णा नदी के तट पर श्रीशैल नामक पर्वत पर मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग है। इस ज्योतिर्लिंग में भगवान शिव और माता पार्वती की संयुक्त रूप से दिव्य ज्योतियां विद्यमान हैं। मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग है। यह एकमात्र दक्षिणमुखी ज्योतिर्लिंग है। यहां प्रतिदिन चिता की भस्म से महादेव का श्रंगार होता है तथा आरती होती है। यह आरती विश्वभर में प्रसिद्ध है, क्योंकि यह जलती चिता की भस्म से की जाती है। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग है। यह नर्मदा नदी के मध्य मन्धाता अथवा शिवपुरी नामक द्वीप पर स्थित है। यहां ॐ का आकार बनता है। इसलिए इसे ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग कहा जाता है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में हिमालय की केदार नामक चोटी पर केदारनाथ ज्योतिर्लिंग है। कहा जाता है कि इसका निर्माण पांडवों ने करवाया था। महाराष्ट्र के पुणे जिले में सह्याद्रि नामक पर्वत पर भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग है। यहां से भीमा नदी निकलती है। यहां का शिवलिंग बहुत मोटा है। इसलिए इसे मोटेश्वर महादेव भी कहा जाता है। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में बाबा विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग है। मान्यता है कि यह मंदिर शिव और पार्वती का आदि स्थान है। महाराष्ट्र के नासिक जिले के ग्राम त्रयंबक में त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग है। इसके समीप ब्रह्मागिरि नामक पर्वत है, जो गोदावरी नदी का उद्गम स्थल है। यहां त्रिदेव अर्थात ब्रह्मा, विष्णुप एवं महेश विराजमान हैं, जो इसकी सबसे बड़ी विशेषता है। अन्यष सभी ज्यो तिलिंगों में केवल भगवान शिव ही विराजमान हैं। झारखंड के संथाल परगना में वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग है। शिव का एक नाम वैद्यनाथ भी है, इसलिए इसे वैद्यनाथ धाम भी कहा जाता है। पुराणों में शिव के इस धाम को चिताभूमि का नाम दिया गया है। गुजरात के बड़ौदा क्षेत्र में नागेश्वर ज्योतिर्लिंग है। नागेश्वर का अर्थ है नागों का ईश्वर तथा शिव को नागों का देवता माना जाता है। तमिलनाडु के रामनाथम नामक स्थान पर रामेश्वरम् ज्योतिर्लिंग है। इसे सेतुबंध तीर्थ भी कहा जाता है। मान्यता है कि लंका पर चढ़ाई करने से पूर्व श्रीराम ने इसकी स्थापना की थी। इसलिए इसे रामेश्वरम कहा जाता है। महाराष्ट्र के दौलताबाद के समीप घुश्मेश्वर ज्योतिर्लिंग है। इस स्थान को शिवालय भी कहा जाता है। इस मंदिर का निर्माण अहिल्याबाई होल्कर ने करवाया था। हिन्दू धर्म में चार धामों की यात्रा को भी अत्यंत पुण्यदायक माना जाता है। इनमें उत्तराखंड का बद्रीनाथ धाम, गुजरात का द्वारका धाम, ओडिशा का जगन्नाथ पुरी तथा तमिलनाडु का रामेश्वरम धाम सम्मिलित है।

महाराष्ट्र के पुणे जिले में सह्याद्रि नामक पर्वत पर भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग है। यहां का शिवलिंग बहुत मोटा है। इसलिए इसे मोटेश्वर महादेव भी कहा जाता है। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में बाबा विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग है।

पर्यटन

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर :** 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय** : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय :** रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

बजट 2023 : टैक्स में राहत मिलने से प्रसन्न हैं लोग

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को संसद में वित्तीय वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश किया। बजट के प्रावधानों के अनुसार टैक्स पेयर्स को सलाना 7 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। बजट में केंद्र सरकार ने कृषि, शिक्षा, हेल्थ, स्वास्थ्य, बीमा सहित सभी क्षेत्रों का ख्याल रखा है। बजट पर चंदवा, बरवाडीह, कुंदा (चतरा) में लोगों ने मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को लोकसभा में आम बजट पेश किया है। केंद्रीय बजट पर राजनीतिक दलों समेत अन्य लोगों ने मिली जुली प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कुछ लोगों ने बजट को खूब सराहा है तो वहीं कुछ लोगों ने बजट में आम आदमी के लिए कुछ नहीं होने की बात कहकर इसकी आलोचना की है। लोगो ने कहा कि एक ओर जहां कुछ लोगों को राहत मिली है तो कहीं जेब पर भी बोझ बढ़ा है। यह बजट दूरगामी है लंबे समय तक इससे लोगों को लाभ मिलेगा। बजट पर **'नवीन मेल संवाददाता'** ने अलग-अलग लोगों से बात की है।

अमित गुप्ता : भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय बजट में हर वर्ग को कुछ ना कुछ मिला है इनकम टैक्स में छूट दी गई है भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी साथ ही इस बजट का दूरगामी परिणाम देखने को मिलेगा।

असगर खान : कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने कहा कि बजट में आम आदमी के लिए कुछ नहीं है, बजट में मंहगाई कम करने को लेकर कोई कार्य नहीं किया गया है, बेरोजगारी की बात नहीं है, आम बजट से लोगों को निराशा हाथ लगी है।

मो इजहार : झामुमो नेता मो इजहार ने कहा कि यह बजट 2024 चुनाव को देखते हुए बनाया गया है, बजट में किसानों की बात नहीं कि गई है। किसानों के एमएसपी की बात नहीं कि गई है, रेलवे को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है।भारत की आधी आबादी गांव में बसती है लेकिन उनके लिए कुछ नहीं किया गया है, कुल मिलाकर बजट निराशाजनक रहा।

अयुब खान : माकपा नेता अयुब खान ने कहा कि बजट में गरीब मजदूरों के लिए कुछ नहीं है बजट सिर्फ कॉरपोरेट जगत को देखते हुए बनाया गया है।

मनु कुमार गुप्ता : समाजसेवी मनु गुप्ता ने कहा कि आम बजट व्यवसाइयों को ध्यान में रखकर बनाया गया है गरीब व मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं है। जो युवा वर्षों से बेरोजगार नौकरी की आस में बैठे हैं उन्हें निराशा हाथ लगी है।

राजेंद्र यादव : सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव ने कहा कि यह अमृतकाल का बजट है बजट संतोषजनक है हर सेक्टर को खुश करने की कोशिश की गई है, बुनियादी ढांचे में एयरपोर्ट, रेल समेत अन्य चीजों पर जो घोषणा हुई है वह स्वागतयोग्य है।

बरवाडीह। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को लोकसभा में आम बजट पेश किया। केंद्रीय बजट पर राजनीतिक दलों समेत अन्य लोगों ने मिली जुली प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कुछ लोगों ने बजट को खूब सराहा है तो वहीं कुछ लोगों ने बजट में आम आदमी के लिए कुछ नहीं होने की बात कहकर इसकी आलोचना की। लोगों ने कहा कि एक ओर जहां कुछ लोगों को राहत मिली है तो कहीं जेब पर भी बोझ बढ़ा है। यह बजट दूरगामी है लंबे समय तक इससे लोगों को लाभ मिलेगा।

हर्षवर्धन सिंह नन्हू : भाजपा मंडल अध्यक्ष नन्हू सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट में हर वर्ग को कुछ ना कुछ मिला है इनकम टैक्स में छूट दी गई है भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी साथ ही इस बजट का दूरगामी परिणाम देखने को मिलेगा।

अली हसन अंसारी : राजद नेता अली हसन अंसारी ने कहा कि यह बजट 2024 चुनाव को देखते हुए बनाया गया है, बजट में किसानों की हित की बात नहीं कि गई है किसानों के एमएसपी की बात नहीं कि गई है, रेलवे को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है। भारत की आधी आबादी गांव में बसती है लेकिन उनके लिए कुछ नहीं किया गया है, कुल मिलाकर बजट निराशाजनक है।

प्रिंस राज गुप्ता : कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य प्रिंस राज गुप्ता ने कहा कि बजट में आम आदमी के लिए कुछ नहीं है, बजट में मंहगाई कम करने को लेकर कोई कार्य नहीं किया गया है, बेरोजगारी की बात नहीं है, आम बजट से लोगों को निराशा हाथ लगी है।

संतोषी शेखर : जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने पेश किए गए आम बजट को संतुलित बताते हुए इसे सभी वर्ग के लिए राहत वाला बजट बताया। श्री मति शेखर ने टैक्स सलेब में दिए गए छूट की सराहना किया।

अनिल कुमार सिंह : सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कुमार सिंह ने आम बजट को आम लोगो के लिए छलावा बताया। बजट में गरीब व मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं है। जो युवा वर्ग वर्षों से बेरोजगार नौकरी की आस में बैठे हैं उन्हें निराशा हाथ लगी है।

कन्हाई प्रसाद : सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने कहा कि यह अमृतकाल का बजट है। उन्होंने बजट को संतोषजनक और हर वर्ग के लोगो को खुश करने की कोशिश की गई बताया है। बुनियादी ढांचे में एयरपोर्ट, रेल समेत अन्य चीजों पर जो घोषणा हुई है वह स्वागतयोग्य है।

NEWS इन ब्रीफ

जस्टिस ऑन व्हील्स वैन रवाना

लातेहार। नालसा व झालसा के निर्देश पर संचालित जस्टिस ऑन व्हील्स कार्यक्रम के तहत चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता वैन को प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अखिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री कुमार ने उपस्थित लोगों को वैन की उपयोगिता की जानकारी देते हुए कहा कि दूर दराज के लोगों तक कानूनी सहायता पहुचाना इसका पहला उद्देश्य है। मौके पर फैमिली कोर्ट जज राजीव आनंद, प्रथम जिला व सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार दास, द्वितीय अमित कुमार, तृतीय संजीव झा, सीजेएम मो. अब्दुल नसीर, एसीजेएम शशि भूषण शर्मा, डीएलएसए सेक्रेटरी स्वाति विजय उपाध्याय,एसडीजेएम मिथिलेश कुमार, प्रभारी न्यायाधीश राहुल कुमार, अधिवक्ता संघ के निवर्तमान अध्यक्ष राजमणि प्रसाद, उपाध्यक्ष पंकज कुमार, एपीपी ए के दास, सदस्य पीएलए डॉ मुरारी झा, शकील अखतर, आदि शामिल थे।

भाभी को लेकर देवर फरार, थाना पहुंचा मामला

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के बारिसाखी गांव में एक देवर ने अपनी भाभी को ही लेकर फरार हो गया। इस दौरान गांव के जितेंद्र कुमार पंडित ने थाना को सूचना देकर न्याय की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि जितेंद्र कुमार पंडित के चचेरे भाई महेंद्र कुमार पंडित अपनी भाभी गीता देवी को लेकर पिछले 26 जनवरी को ही फरार हो गया। इसका विवाह जितेंद्र कुमार पंडित के साथ वर्ष 2012 में हुआ था। बारिसाखी के किरण प्रजापति के पुत्र महेंद्र कुमार पंडित व गीता देवी के बीच पिछले दो ढाई साल से प्रेम प्रसंग चलते आ रहा था। 26 जनवरी सरस्वती पूजा के दिन दोनों फरार हो गए। गीता अपने साथ अपने पति का आधार कार्ड, बैंक पासबुक, 40000 रुपया नगद,14 भर चांदी के जेवरात लेकर गयी है।

ट्रैक्टर से बैटरी की चोरी

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर थाना क्षेत्र के किरकिरा गांव निवासी मो. एनुल के महिंद्रा ट्रैक्टर से बैट्री की चोरी अज्ञात चोरों ने कर ली। जिसे भुक्तभोगी का 18 दजार का नुकशान हो गया। चोरी की घटना बीते मंगलवार देर रात की है। इस दौरान मो. एनुल ने बताया कि घर के बगल में ट्रैक्टर खड़ा था और खाना खाकर सो गए थे। बुधवार की सुबह देखा तो ट्रैक्टर में बैट्रिक नही है। जिसे ले काफी खोजबीन किया परन्तु नहीं मिला। समाचार लिखे जाने तक भुक्तभोगी थाने में आवेदन नहीं दिया है।

चंदवा में अवैध कोयले से लदा हुआ पिकअप वाहन जब्त

अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले कोयला तस्कर

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा

पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस ने अवैध कोयला लदा एक न्यू पिकअप वाहन को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।वहीँ अंधेरे का फायदा उठाकर इसमें शामिल तस्कर भागने में सफल रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक महोदय को गुप्त सूचना मिली थी कि एक पिकअप वाहन

में अवैध कोयला लोड कर अन्यत्र ले जाया जा रहा है सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहरसी-गनियारी पथ पर छापेमारी कर अवैध कोयला लदा एक पिकअप वाहन को पकड़ा गया है वहीं रात्रि का फायदा उठाकर अपराधी मौके से भागने में सफल रहे।जब्त वाहन में नंबर प्लेट अंकित नहीं है। इस मामले में चंदवा थाना कांड संख्या 24/2023 धारा 414/34 क्ढउ एंव 30( ) कोल माइंस एक्ट अंकित किया गया है। छापामारी दल में पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता,पुअनि जमील अंसारी और सैट 202 की टीम शामिल थे।

समारोह आयोजित कर शिक्षक को दी गयी विदाई

कुंदा(चतरा)। कुंदा प्रखंड के मरगड़ा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुटिल में बुधवार को सामारोह आयोजित कर सेवानिवृत शिक्षक इंदुशेखर पांडेय को भावपूर्ण विदाई दी गई। सामारोह की अध्यक्षता शिक्षक सर्वेश गणेश रविदास एवं अजित दिवाकर ने किया। वही समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया उपेन्द्र पासवान उपस्थित थे। इस दौरान सेवानिवृत शिक्षक पांडेय के कार्यकाल की सराहना किया एवं शॉल उढाक र व उपहार देकर विदाई दी। इसके साथ ही कई शिक्षकों ने भी माला पहनाकर व उपहार दिए। वही नाम आंखों से विदाई देते हुवे चरण छुकर आशिर्वाद लिया। इस अवसर पर छात्राओ ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

आम बजट 2023-24 का सांसद सुनील सिंह ने किया स्वागत

कुंदा(चतरा)। बुधवार को देश का आम बजट 2023-24 केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा संसद में पेश किया गया। वहीं चतरा लोकसभा सांसद सुनील कुमार सिंह ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते हुए कहा है की आज पेश किया गया केंद्रीय आम बजट वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर भारत समृद्ध भारत समर्थ भारत एवं संपन्न भारत का निर्माण करने योग्य है। जिसमें आशा आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ ही विश्व को भी एक राह दिखाने वाला बजट होगा। यह आम बजट भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के साथ-साथ वैश्विक मंच पर खदान ऊर्जा से लेकर अत्याधुनिक तकनीक के आपूर्तिकर्ता के तौर पर पहचान देने का काम करेगा। आम बजट आकांक्षी समाज के लिए दूरदर्शी समावेशी, गांव गरीब, किसान बुजुर्ग, महिलाओं, युवाओं, ओबीसी, एससी, एसटी तथा मध्यम वर्ग के सपनों को पूरा करने वाला बजट है।

अज्ञात अपराधियों ने प्रदीप पासवान के घर में की फायरिंग

घर में फायरिंग होने से दहशत में गांव का माहौल

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

सदर थाना क्षेत्र के नावागढ़ गांव के बंगला चौक स्थित मंगलवार की रात अज्ञात अपराधियों के द्वारा प्रदीप पासवान के घर में अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जिससे नावागढ़ गांव निवासी प्रदीप पासवान के परिवार के लोग बाल-बाल बच गए।इधर अपराधियों के द्वारा प्रदीप पासवान के घर के बाहर का दरवाजा को खटखटाया और दरवाजा नहीं खुलने पर बाहर लगे पानी नल को भी तोड़फोड़ कर दी गई। इधर गोली चलने की आवाज सुनकर गांव के लोगों के द्वारा प्रदीप पासवान घर पहुंचकर जानकारी लेकर उनसे मिलकर कुशलक्षेम पूछा। वही घटना के बाद घटनास्थल पर गोली का खोखा बरामद हुआ है। जिससे गांव के लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है। वहीं घटना की जानकारी

स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना लातेहार थाना पुलिस को दे दी गई है। इधर बताया जा रहा है कि प्रदीप पासवान मजदूर को बाहर ले जाकर काम दिलाता था। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि अपराधियों के द्वारा घर पर गोली चलाने थी सूचना मिली है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। इस कांड में जो भी अपराधी शामिल होंगे वह पुलिस के गिरफ्त में जल्द होंगे। समाचार लिखे जाने तक पुलिस प्रशासन घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी।

व्यवहार न्यायालय सभागार में बैंकों की विशेष बैठक

चतरा। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वधान में एवं राकेश कुमार सिंह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष के निदेर्शानुसार सचिव प्रज्ञा बाजपेई ने बुधवार को व्यवहार न्यायालय सभागार में बैंकों की विशेष बैठक की। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में विभिन्न बैंकों के नांन परफार्मिंग ऐसेट्स संबंधित ऋण के लगभग 24739 रूपए के मामले हैं। ऋण धारियों की सुविधा के लिए उन्हीं के क्षेत्र में स्थाई लोक अदालत के शिविर लगाने का निर्देश बैंकों को दिया गया, ताकि ऋणधारी अपना ऋण खाता को निष्पादित कर अपने ऋण को मुक्त कर सके। अग्रणी जिला अधिकारी देवव्रत शर्मा ने सभी शाखा को निर्देश किया की आज से ही स्थाई लोक अदालत की विशेष बैठक आयोजित की जाएगी, जिससे बैंकों के एनपीए खाते का निपटारा शीघ्र होगा।

30 वें वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ प्रारंभ

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार के 30 वें वार्षिकोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम एक फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। प्रातः नौ बजे कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ की गयी। मौके पर मुख्य यजमान के रूप में सुधीर प्रसाद व उनकी पत्नी उपिस्थत थे। जबकि वैदिक मंत्रोच्चारण पंडित त्रिभुवन पांडेय, रामानुज उपाध्याय व राजेश पाठक के द्वारा किया गया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकली और थाना चौक व मेन रोड होते हुए काली मंदिर मोड़ पहुंची। इसके बाद कलश यात्रा मेन रोड व मानस पथ होते हुए चटनाहीस्थित औरंगा नदी तट पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशो में जल भरा गया। इसके बाद कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंची। यहां आरती कर माता का प्रसाद वितरित किया गया।

ये लोग रहे उपस्थित

कलश यात्रा में नगर पंचायत

अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, विशाल कुमार, श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति के संरक्षण अभिनंदन प्रसाद, अमरेश प्रसाद, दशरथ प्रसाद, रामधनी प्रसाद, मुरारी प्रसाद, पंकज तिवारी, डा प्रभात कुमार, विनोद प्रसाद, लवकुश प्रसाद शौंडिक, बिंदेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद, शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, कार्यकारिणी प्रमुख राजीव कुमार, कुक्कू व सह प्रमुख उज्ज्वल कुमार, सतीष कुमार, आकाश कुमार टोनू, दीपक विश्वकर्मा, प्रदीप प्रसाद, संतोष कुमार दुबे, विजेंद्र दास, चंदन अग्रवाल, वीरेंद्र प्रसाद, रंजीत कुमार, दीपू कुमार, विशाल चंद्र साहू, गया प्रसाद, सुनील प्रसाद शौंडिक, मोहन प्रसाद, जीतेंद्र प्रसाद पिंटू, रंजीत कुमार, गोलू पाठक, रंधीर प्रजापति, नितिन यादव आदि उपस्थित थे। सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति ने बताया कि दो फरवरी को दुर्गा सप्तशति पाठ एवं तीन फरवरी को भंडारा व भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा। उन्होने सभी कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की है।

माता की प्रतिमा निकाली गयी

श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 30 वें वार्षिकोत्सव के मौके पर निकाली गयी कलश यात्रा में माता वैष्णव दुर्गा की प्रतिमा निकाली गयी। काफी संख्या में लोगों ने माता की प्रतिमा का दर्शन किया और अपने व अपने परिवार की सुख शांति की कामना की।

निकाली गयी झांकी

कलश यात्रा में सोनभद्र, उत्तर प्रदेश के कलाकारों के द्वारा झांकी निकाली गयी। झांकी में हनुमान, राधा-कृष्ण, मां दुर्गा एवं काली की आकर्षक झांकी निकाली गयी। कलश यात्रा के दौरान जुबली चौक, थाना चौक व बाइपास चौक समेंत कई जगहों पर झांकी के कलाकारो ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। हनुमान के नृत्य को काफी सराहा गया।

बैठक झारखंड विस के प्रश्न व ध्यानाकर्षण समिति ने की जिले में संचालित योजनाओं की समीक्षा

योग्य बच्चियों को योजना का लाभ दिलाया जाए

सभी योग्य लाभुकों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने का दिया संबंधितों को निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

झारखंड विधान सभा के प्रश्न एवं ध्यानाकर्षन समिति की जिला स्तरीय बैठक चतरा परिसदन में विधायक गांडेय डॉ. सरफराज अहमद एवं समिति के सदस्य विधायक खिजरी राजेश कच्छप द्वारा की गई। जिसमें मुख्य रूप से पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, नगर परिषद, कल्याण विभाग, सामिक सुरक्षा, समाज कल्याण समेत अन्य विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा कर

आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल के कार्यपालक अभियंता अविक अंबाला ने बताया कि हर घर नल योजना का कार्य प्रगति पर है जो 2024 तक पूर्ण कल लिया जायेगा। जल कि आपूर्ति 53 हजार हाउस होल्ड को सप्लाई दिया जा रहा है जो शत प्रतिशत लक्ष्य तय समय सीमा के अंदर पूर्ण कर लिया जाएगा। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अन्तर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाएं यथा प्री-मैट्रिक छात्रवृति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति से लाभान्वित किए गए छात्र-छात्राओं की विस्तृत जानकारी लेते हुए सभी योग्य छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करने का निदेश दिया गया। समिति ने कहा की समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना, किशोरियों के स्वास्थ्य एवं वैयक्तिक स्वच्छता के लिए सहायता एवं किशोरियों को अपने जीवन के संबंध में स्वतंत्र निर्णय लेने के लिए सक्षम बनाना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। इसलिए सभी योग्य बच्चियों को इस योजना से लाभान्वित किया जाय। साथ ही उपस्थित संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं को समय सीमा के अंदर पूर्ण करते हुए आम लोगों को योजनाओं से लाभान्ति किया जाय। बैठक से पूर्व झारखण्ड विधान सभा के प्रश्न एवं ध्यानाकर्षन समिति के अध्यक्ष विधायक गांडेय एवं समिति के सदस्य विधायक खिजरी का परिसदन आगमन पर उपायुक्त अबु इमरान ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। बैठक में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधिर कुमार दास, निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का समेत सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

बिरहोर परिवार के ब्रह्मभोज कार्यक्रम के लिए आर्थिक सहायता मिली

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ

बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत झावर पंचायत के विरोध टोला निवासी स्व. लल्लू बिरहोर का निधन हो गया था। जिसका भोज कार्यक्रम के लिए जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव के पहल पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ललिता बाखला पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर पीड़ित परिवार को इस दुख की घड़ी में ढाढ़स बंधवाया और खाद्य सामग्री एवं 5000 नगद सहायता दी गई। वहीं बालूमाथ अंचला अधिकारी के द्वारा कंबल भी दिया गया। इस दौरान बीडीओ ने बिरहोर परिवार को हर संभव मदद करने की आश्वासन दी। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे जेएमएम प्रखंड सचिव परमेश्वर गंझु, पंचायत सेवक ब्रह्मदेव राम, लक्ष्मण यादव, आशीष रंजन एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

जयपाल को शीर्ष पद के लिए किया गया नामित

न्यूयॉर्क। भारतीय-अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल को आव्रजन पर अमेरिकी सदन न्यायपालिका समिति के पैनल का रैंकिंग सदस्य नामित किया गया है, जिससे वह उपसमिति के लिए नेतृत्व की भूमिका निभाने वाली पहली अप्रवासी बन गई हैं। 57 वर्षीय जयपाल अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में वाशिंगटन के 7वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करती हैं।

फिलीपींस में आया 6.1 तीव्रता का भूकंप

मनीला। दक्षिणी फिलीपींस में बुधवार को 6.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे किसी तरह के नुकसान या किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले यूएस जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने कहा था कि फिलीपींस के मोनकायो में 10:44:45 (जीएमटी) पर 6.0 की तीव्रता वाला भूकंप 4 किमी एसएसडब्ल्यू को झटका लगा।

एलजी ने 6 फरवरी को मेयर चुनाव कराने की दी मंजूरी

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के मेयर के चुनाव के लिए तारीख तय हो गई है। एक आधिकारिक बयान में बुधवार को कहा गया है कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 6 फरवरी को मेयर का चुनाव कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव के लिए 3 फरवरी, 4 फरवरी और 6 फरवरी का प्रस्ताव दिया था।

दक्षिण कोरिया नई 'हाई-पावर' बैलिस्टिक मिसाइल का कर सकता है परीक्षण

सोल। एक मीडिया रिपोर्ट में एक सूचित स्रोत का हवाला देते हुए कहा गया है कि दक्षिण कोरिया निकट भविष्य में एक नई 'उच्च-शक्ति' बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण-लॉन्च करने की सोच रहा है। योनहाप न्यूज ने बुधवार को बताया कि देश मिसाइल के विकास पर काम कर रहा है, जिसे ह्यूनमू-5 के नाम से जाना जाता है, जो इसकी निवारक क्षमताओं की एक प्रमुख संपत्ति है।

राम की अयोध्या ने भी दिया विकास का साथ, मिले निवेश के प्रस्ताव

अयोध्या में आयोजित हुई इन्वेस्टर्स समिट

44,997 रोजगार का होगा सृजन

214 निवेशकों ने एमओयू पर किए हस्ताक्षर

19,042.82 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले

एमएसएमई में 527.20 करोड़, यूपीसीडा में 845 करोड़ रुपये, पर्यटन में 6176.15 करोड़ रुपये व विकास प्राधिकरण से जुड़े 4037 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले

नवीन मेल नेटवर्क। अयोध्या

योगी सरकार में अयोध्या का विकास देश ही नहीं, बल्कि दुनिया में भी जाने जाना लगा है। अयोध्या में 500 वर्ष की प्रतीक्षा के बाद जहां भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है, वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यातायात, कानून व्यवस्था के साथ-साथ संपूर्ण जिले का विकास हो रहा है। पर्यटन के दृष्टिकोण से सबसे समृद्धशाली शहर में बड़े स्तर पर निवेशकों ने भी रूचि दिखाई है। निवेशकों को सरकार की नई औद्योगिक नीतियों को बताने व निवेशकों की समस्याओं के समाधान के लिए बुधवार को अयोध्या में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया। यहां 19,042 .82 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव प्राप्त हुआ, जिससे 44997 रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

बुधवार को आयुक्त कार्यालय के गांधी सभाकक्ष में जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया। औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन व एनआरआई मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इन्वेस्टर्स समिट में लगभग 214 निवेशकों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। उपायुक्त उद्योग अमरेश कुमार पांडेय ने एमएसएमई नीति- 2022 व 10 से 12 फरवरी तक होने वाली इन्वेस्टर्स समिट के बारे में बताया।

अयोध्या में एमएसएमई क्षेत्र में 527.20 करोड़, यूपीसीडा में 845 करोड़ रुपये, पर्यटन में 6176.15 करोड़ रुपये व विकास प्राधिकरण से जुड़े 4037 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यहां कुल कुल 19 विभागों से जुड़े 19,042.82 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिससे 44,997 रोजगार का सृजन होगा। समिट में मंत्री ने निवेशकों, उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र भी दिया। आईआईए के जिलाध्यक्ष एसपी सिंह, लघु उद्योग भारती के जिला इकाई के अध्यक्ष अविनाश चंद्रा ने भी निवेश व विकास से जुड़े सुझाव दिए।

निवेश के प्राप्त हुए प्रस्ताव, मिलेंगे रोजगार : एमएसएमई व एक्सपोर्ट प्रमोशन के लिए 61 निवेशों पर प्रस्ताव मिले। इससे 4391 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। पर्यटन के लिहाज से 60 निवेशों पर एमओयू हुए। इनमें 6176.15 करोड़ के जरिए 16276 युवाओं के लिए रोजगार मुहैया कराए जाएंगे। आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े 3 प्रस्तावों 111 करोड़ का निवेश होगा, इसके जरिए 750 युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा।

औद्योगिक विकास के अनुकूल वातावरण का दिलाया विश्वास

मुख्य अतिथि नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने अयोध्या में 19,042.82 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त होने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने सरकार से मिल रहीं सुविधाएं को सहजता से उपलब्ध कराने का आश्वासन भी निवेशकों को दिया। कार्यक्रम में रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, जिलाधिकारी नीतीश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव आदि ने जनपद में औद्योगिक विकास के अनुकुल वातावरण के सृजन का आश्वासन दिया।

सभी विभागों की ओर से दिया गया प्रजेंटेशन

विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रोत्साहन से सम्बन्धित नीतियों यथा टेक्सटाइल पॉलिसी - 2022, एमएसएमई नीति-2022, आईआईईपी पालिसी-2022 पर्यटन नीति-2022 तथा बैंक द्वारा संचालित वित्तीय योजनाओं का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया गया। यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक केएन श्रीवास्तव व उद्योग के उपायुक्त अमरेश कुमार पांडेय आदि ने अपने-अपने विभागों में चल रहीं योजनाओं से भी निवेशकों को अवगत कराया।

बुलेट ट्रेन की रफ्तार से आगे बढ़ रहा सिद्धार्थनगर : योगी आदित्यनाथ

नवीन मेल नेटवर्क। सिद्धार्थनगर

कभी भारत को वैश्विक पहचान देनेवाले इस जिले को तीन दशक तक उपेक्षित रखा गया। हालात ये थे कि इंसेफेलाइटिस की जानलेवा बीमारी और युवाओं के पलायन के लिए इस जनपद को पहचाना जाने लगा था। आज सामूहिक प्रयासों से यहां की तस्वीर बदल रही है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए निवेशकों ने यहां 8 हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव रखा है, जब ये निवेश धरातल पर उतरेगा तो इस जनपद का कायाकल्प हो जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिद्धार्थनगर महोत्सव के समापन कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आज ये जिला मीटरगेज नहीं, बल्कि बुलेट ट्रेन की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। वहीं उन्होंने बजट 2023 को दुनिया का नेतृत्व करने वाला बजट बताया।

इंसेफेलाइटिस और पलायन के रूप में बन चुकी थी सिद्धार्थनगर की पहचान

जिला मुख्यालय पर आयोजित पांच दिवसीय सिद्धार्थनगर महोत्सव के समापन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 1988 में अपने गठन के बाद से लगभग तीन दशक तक इस जनपद को लगातार उपेक्षा का दंश झेलता पड़ा है। ये जिला विकास से कोसों दूर था, नौजवान यहां से पलायन करता था और इंसेफेलाइटिस जैसी जानलेवा बीमारी के कारण हर वर्ष मौतें होती थीं। जिस जनपद ने वैश्विक मंच पर भारत को कभी एक पहचान दी थी, उसके सामने स्वयं की पहचान बनाने का संकट खड़ा हो गया था। पूरी दुनिया के अंदर करुणा और मैत्री के प्रतीक भगवान बुद्ध ने यहीं पर अपने बचपन और युवा अवस्था के 29 वर्ष व्यतीत किये थे। पूरी दुनिया के लोग इस जनपद के प्रति बहुत आदर और सम्मान व्यक्त करते हैं। तीन दशकों तक बीमारी और पलायन इसकी पहचान बन चुकी थी। मगर सामूहिक प्रयासों के चलते आज इंसेफेलाइटिस जैसी जानलेवा बीमारी यहां से लगभग समाप्त हो चुकी है।

भारत सरकार का बजट दुनिया को नेतृत्व देनेवाला

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का भारत सरकार का बजट दुनिया को नेतृत्व देनेवाले बजट के रूप में देश की संसद में प्रस्तुत हुआ है। भारत दुनिया की एक बड़ी ताकत और सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है और यूपी देश के विकास का ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में अग्रसर है। ऐसे में सिद्धार्थनगर भला पीछे कैसे रह सकता है। आज ये जिला आकांक्षात्मक जनपद से ऊपर उठ चुका है। नीति आयोग के पैरामीटर से ऊपर उठकर सिद्धार्थनगर मीटर गेज की रफ्तार से नहीं बल्कि बुलेट ट्रेन की स्पीड से आगे बढ़ रहा है।

स्वास्थ्य सुविधा का केंद्र बनेगा मेडिकल कॉलेज

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए सिद्धार्थ नगर में 8 हजार करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव मिला है। जब ये निवेश यहां धरातल पर उतरेगा तब ये जिला अकाक्षांत्मक नहीं, बल्कि विकसित जिले के रूप में उभरकर सामने आएगा। साथ ही वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज कार्यक्रम के अंतर्गत यहां बने मेडिकल कॉलेज को यहीं की माटी के लाल माधव प्रसाद त्रिपाठी के नाम पर रखा गया है।

विशिष्ट व्यक्तियों को सीएम योगी ने किया सम्मानित

समापन कार्यक्रम के दौरान काला नमक चावल के विकास, संवर्धन, निर्यात और प्रोत्साहन के लिए विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इनमें अभिषेक सिंह, श्रीधर पांडेय, विजय कुमार मिश्र को मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं, काला नमक चावल लोगो प्रतियोगिता के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ लोगो डिजाइन के लिए दसवीं के छात्र मोहन को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

कोरिया में जापान से चुराई गई बौद्ध मूर्ति के खिलाफ फैसला

एजेंसी। डेजॉन

दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने बुधवार को एक बौद्ध मंदिर के खिलाफ एक सिविल प्रक्रिया में फैसला सुनाया, जिसमें दावा किया गया था कि 14वीं शताब्दी की एक मूर्ति सदियों पहले जापान ले जाई गई थी और एक दशक पहले चोरी करके वापस लाई गई थी। योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि गोरियो राजवंश (918-1392) की 50.5 सेंटीमीटर ऊंची बौद्ध प्रतिमा उन दो कांस्य प्रतिमाओं में से एक थी, जिन्हें कोरियाई चोरों ने अक्टूबर 2012 में नागासाकी प्रान्त के त्सुशिमा में कन्नन मंदिर से चुराया था। इसके स्वामित्व का दावा करते

हुए सियोल से 98 किमी दक्षिण-पश्चिम में सिओसान में बुसेक मंदिर ने राज्य के खिलाफ मुकदमा दायर किया, वर्तमान में डेजॉन के केंद्रीय शहर में राष्ट्रीय सांस्कृतिक विरासत अनुसंधान संस्थान में संग्रहीत मूर्ति की वापसी की मांग की। 2017 में पहले फैसले में एक जिला अदालत ने फैसला सुनाया कि जापान ने मूर्ति को 'असामान्य' तरीके से हटा लिया है, मूर्ति को बुसेक मंदिर में वापस करने का आदेश दिया है।

गोवा की अदालत में सेंधमारी, कैश चोरी

पणजी। गोवा की राजधानी शहर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अदालत के साक्ष्य कक्ष में एक चोर कथित तौर पर घुस गया और नकदी लेकर फरार हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। घटनास्थल का निरीक्षण करने वाले उत्तरी गोवा के पुलिस अधीक्षक निधिन वलसन ने कहा, हमारे पास कुछ सुराग हैं। हम इस पर काम कर रहे हैं। हम आरोपी के मकसद का पता लगा रहे हैं। उन्होंने कहाः ऐसा लगता है कि अदालत के कामकाज से अच्छी तरह वाकिफ कोई व्यक्ति इसमें शामिल है। कोई जबरन प्रवेश नहीं था। सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि यह कल (मंगलवार) शाम को हुआ था।

FILMY हलचल

मैं अलग-अलग रोल करना चाहती हूं : कृति सेनन

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन हाई-कंटेंट और हाई-एंटरटेनमेंट फिल्मों के बीच बैलेंस मेंटेन करना पसंद करती हैं और इस साल उनकी पाइपलाइन में फिल्में भी यही साबित करती हैं। 2023 में दर्शक उनसे क्या उम्मीद कर सकते हैं, इस बारे में बात करते हुए, कृति ने कहा : दर्शक शायद मेरे कई रूपों को देखने की प्रतीक्षा कर सकते हैं, जिसमें ग्लैमरस से लेकर पारिवारिक मनोरंजन कहानियां शामिल हैं। उन्होंने कहा : मैं शाहिद कपूर के साथ एक प्रेम कहानी भी कर रही हूं। हम पहली बार पर्दे पर साथ काम कर रहे हैं, इसलिए आप नई केमिस्ट्री देखेंगे।

रितेश की रील और टिकटॉक बनाने की आदत पर जेनेलिया ने साझा किए विचार

मुंबई। अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख ने हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि उनको रितेश की टिकटॉक और रील बनाने की आदत पसंद नहीं है। लेकिन, समय के साथ उन्हें खुद रील बनाना पसंद आने लगा। वायरल रीलों के बारे में बात करते हुए, जेनेलिया ने कहा : जब हमने पहली बार कंटेंट बनाना शुरू किया तो यह टिकटॉक के लिए था। महामारी के दौरान जब रितेश ने इन्हें बनाना शुरू किया तो यह वास्तव में मुझे पसंद नहीं था। पर बाद में मुझे इसमें मजा आने लगा। आज मुझे लगता है कि मेरे आधे ऑडिशन इसी के जरिए दिए हैं। रितेश ने अपने निर्देशन को लेकर बात करते हुए कहा : मुझे लगा कि लोग मुझ पर हंसेंगे।

सामंथा व वरुण करेंगे अभिनय

मुंबई। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु वरुण धवन के साथ 'सिटाडेल' ब्रह्मांड की भारतीय किस्त, प्राइम वीडियो और रूसो ब्रदर्स की एजीबीओ की वैश्विक-इवेंट श्रृंखला में अभिनय करेंगे। यह सामंथा के लिए घर वापसी है। सामंथा ने कहा : जब प्राइम वीडियो और राज एंड डीके ने इस परियोजना के साथ मुझसे संपर्क किया, तो मैंने इसे दिल की धड़कन लेने का फैसला किया! द फैमिली मैन पर इस टीम के साथ काम करने के बाद, यह मेरे लिए घर वापसी जैसा है। उन्होंने कहा : सिटाडेल ब्रह्मांड, दुनियाभर में प्रस्तुतियों के बीच परस्पर जुड़ी हुई कहानी, और सबसे महत्वपूर्ण, भारतीय किस्त की पटकथा ने मुझे वास्तव में उत्साहित किया। मैं रूसो ब्रदर्स के एजीबीओ द्वारा परिकल्पित इस शानदार ब्रह्मांड का हिस्सा बनने के लिए रोमांचित हूं। अभिनेत्री ने कहा कि वह इस परियोजना पर पहली बार वरुण धवन के साथ काम करने की भी इच्छुक हैं।

विक्रमादित्य मोटवाने की फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी अनन्या पांडे

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे एक साइबर-थ्रिलर फिल्म के लिए तैयार हैं। शीर्षक वाली फिल्म का निर्देशन फिल्म निर्माता विक्रमादित्य मोटवानी द्वारा किया जा रहा है, जिन्हें 'लुटेरा', 'उड़ान', 'भावेश जोशी सुपरहीरो' और 'एके बनाम एके' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। फिल्म के बारे में बात करते हुए अनन्या ने कहा : जब विक्रमादित्य मोटवानी ने इस कहानी के साथ मुझसे संपर्क किया, तो मुझे पता था कि मुझे इसका हिस्सा बनना है। एक फिल्म निर्माता के रूप में, जब तक मुझे याद है और मुझे लगता है, वह मेरी इच्छा सूची में रहे हैं। अपने करियर की शुरुआत में उनके साथ काम करने का मौका पाकर वाकई खुशकिस्मत हूं। विक्रमादित्य इस फिल्म के प्रमुख हैं, उन्होंने कहा : यह आधुनिक समय की अपील के साथ एक थ्रिलर है और हमारे समय के लिए बहुत प्रासंगिक है।

बयानबाजी कारण बताओ नोटिस का राजद के विधायक ने दिया जवाब

राजद के घोषित एजेंडे को उठा रहा हूं

पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दिकी को भेजा पांच पन्नों का जवाब

नवीन मेल नेटवर्क। पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ बयानबाजी को लेकर राजद की ओर से भेजे गये कारण बताओ नोटिस का जवाब पार्टी के विधायक और पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह ने दे दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दिकी को भेजे गए पांच पन्नों के जवाब में सुधाकर सिंह ने नीतीश कुमार के साथ-साथ राजद नेतृत्व की पोल खोलकर रख दिया है।

उन्होंने कहा है कि मैं उन्हीं मुद्दों को उठा रहा हूं जो राजद का घोषित एजेंडा रहा है। लेकिन पार्टी के कई और नेता बहुत कुछ बोल रहे हैं। अकेले मुझे शोकॉज नोटिस भेजना ए-टू-जेड की नीति नहीं है। सुधाकर सिंह ने कहा है कि उन्हें मंत्री बनने की कोई इच्छा नहीं थी, पार्टी नेतृत्व ने मेरी अनिच्छा के बावजूद मुझे मंत्री बनाया था। सुधाकर सिंह ने कहा कि हमने मंडी कानून को लेकर सवाल उठाया। यह तो राजद के एजेंडे में है। जब हमने सवाल उठाया तो पार्टी मेरे साथ खड़ी नहीं हुई। आखिर किस राजनीतिक दबाव में ऐसा किया गया? उन्होंने कहा है कि किस तरह से राजद शुरू से ही नीतीश कुमार के मंडी कानून का विरोध करता रहा है। आज वही बात जब मैं कर रहा हूं तो पार्टी को एतराज किस बात का है। सुधाकर सिंह ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में नीतीश कुमार की नीतियों के खिलाफ नहीं बोलने का कोई प्रस्ताव पास नहीं हुआ था। उन्होंने अपने जवाब में कहा है कि भेजे गए नोटिस में इस बात का उल्लेख किया गया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संदर्भ में मेरे द्वारा की गई टिप्पणी से राजद के राष्ट्रीय अधिवेशन में पारित प्रस्ताव का उल्लंघन हुआ है। हालांकि, मेरे किस बयान से इस निष्कर्ष पर पहुंचा गया नोटिस में इसका जिक्र नहीं है। यह बात न सिर्फ त्रुटिपूर्ण है बल्कि निराधार भी है। साथ ही प्रथम दृष्टया तार्किक प्रतीत नहीं होता है। नीतीश कुमार जदयू के नेता हैं। राजद के राष्ट्रीय अधिवेशन में पारित प्रस्ताव में राजद के किसी भी कार्यकर्ता को अन्य दल के कार्यकर्ताओं पर टिप्पणी करने के लिए न तो मना किया गया और ना ही रोक लगाई गई थी।

पुलिस की बारात

दस्यु सरगनाओं और अपराधी सरगनाओं की जन्मकुंडली

पुलिस की बारात! राज्य सभा सांसद और यूपी के पूर्व डीजीपी रहे बृजलाल की लिखित अपराध कथाओं से लैश एक पुस्तक भर नहीं है। दर असल यह बढ़ते गैंगवॉर,गड़गड़ाती बंदूक की गोलियां और बिछती अनगिनत लाशों पर अंकुश पाने की पुलिस की चुनौती का पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी है। यह अलग बात है कि पुस्तक में क्रमवार लिखे गए डकैतों और गैंगवार की कथाओं में लेखक ने उसकी पठनीयाकर्षण को बनाए रखने के लिए उनकी आपराधिक गतिविधियों के एक एक पल का विवरण बिल्कुल चलचित्र की भांति की है। अर्थात जैसे कोई मनपसंद फिल्म देख रहे दर्शक को इंटरवल भी रास नहीं आता,यानी उसे जरा भी विराम भारी लगता है ठीक वैसे ही इस पुस्तक को पढ़ने की शुरूआत करने से होता है। पुस्तक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और चंबल के बीहड़ों के आतंक और भय का पर्याय बने ढेर सारे डकैतों के जीवन शैली और दर्दनाक अंत की कथा कुल 12 अध्यायों में समाहित है। सभी से संबंधित एक से एक जानकारी पूरे विस्तार से लेकिन पुस्तक का शीर्षक 'पुलिस की बारात' में लेखक ने जैसा लिखा उससे यह साबित होता है कि एक पुलिस अफसर का खून जब खौलता है तो उसकी परिणति दुर्दांत अपराधी तेजपाल गूजर के अंत के रूप में होती है।

तेजपाल गूजर के अंत की कथा वाकई रोमांचक तो है ही, पुलिस अफसर बृजलाल और उनकी पूरी टीम की जान जोखिम में पड़ जाने का भयावह मंजर भी है। मेरठ के पुलिस लाइन के क्वाटर में दिव्यांग सिपाही महेंद्र त्यागी की साइलेंट मौत से व्यथित पुलिस अफसर बृजलाल ने एक माह के भीतर सिपाही की हत्या के असली हत्यारे को मौत के घाट उतारने के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए किस तरह एक मुस्लिम बारात का स्वांग रचा और सटीक मुखबिरी से सीधे अपने शिकार के निकट पंहुच कर उसकी इहलीला समाप्त कर दी। पुस्तक में हत्या की नियत से दिव्यांग सिपाही त्यागी तक तेजपाल गूजर के पंहुचने का जो सिलसिले वार विवरण है वह पाठकों को पुस्तक के इस अध्याय को पढ़ते वक्त पलक तक न झपकने के लिए मजबूर करती है।

पुस्तक के पहले अध्यायरपश्चिमी उत्तर प्रदेश का गैंगवॉररमें विकास और अपराध की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए लेखक ने बड़ी बेबाकी से लिखा है कि 1042 वर्ग किलोमीटर नोएडा के गठन के बाद जब गूजरों की ऊसर बांगर जमीनें अधिग्रहित की गई तो यहां दो तरह की जीवनशैली उत्पन्न हुई। एक वे जो मुआवजे की भारी भरकम रकम पाकर दिल्ली या अन्यत्र कहीं जा बसे और शांतिपूर्ण जीवन को आत्मसात कर लिया, दूसरे वे जो अधिक धनवान बनने के फेर में अपराध का रास्ता चुन लिए। इस अध्याय में लेखक का मानना है कि नोएडा से जहां विकास के सूर्य का उदय हुआ वहीं गैंगवार ने भी रफ्तार पकड़ी। आगे चलकर गैंगवार के तमाम सदस्यों को राजनीतिक संरक्षण भी मिला। कुछ चुनाव में भी दांव लगाए तो कोई जिलापंचायत अध्यक्ष बनकर लालबत्ती भी हासिल कर ली और मारे भी गए। पुस्तक में नोएडा के गठन के बाद उपजे गैंगवार में दर्जन भर से अधिक हत्याओं का सिलसिलेवार जिक्र बहुत सटीक और तथ्यात्मक ढंग से किया गया है।

चंबल में महिला डकैतों पर सिलसिलेवार जानकारी भी इस पुस्तक में है। लेकिन डाकू पुतली बाई के बाद बतौर डकैत जो शोहरत डाकू फूलन देवी को हासिल हुई वैसी किसी अन्य महिला डकैत को नहीं मिली। बैंडिट क्वीन फिल्म में फूलन देवी को जैसा साबित किया गया है,असल जिंदगी में फूलन वैसी नहीं थी। बेहमयी में ठाकुरों की कथित प्रताड़ना से ऊबकर फूलन डाकू बनी,इस झूठ का भी पदार्फाश अध्याय पांच के रफूलन देवीर शीर्षक में किया गया है। प्रारंभ से मनबढ़ स्वभाव की फूलन के डकैत बनने की पूरी कथा में यह अचंभित करता है कि नाबालिग फूलन की शादी उससे दो गुने उम्र के व्यक्ति से की गई जो उसके साथ बलात्कार करता था। दरअसल पति की प्रताड़ना ने ही उसके डकैत जीवन की पटकथा लिखी जो डकैत बिक्रम मल्लाह की रखैल होते हुए डाकू लाला राम श्रीराम आदि के शोषण का शिकार होती रही। इसी क्रम में एक वक्त ऐसा भी आया जब चंबल के बीहड़ों में उसे महिला डकैत कुसमा नाइन ने ही नंगा करके घुमाया था। फूलन के चचेरे भाई ने जमीनों की लालच में फूलन और कुछ अन्य के खिलाफ डकैती का पहला मुकदमा दर्ज कराया था। डकैत जीवन में फूलन के कई अध्याय है। वह स्वयं गैंग की लीडर भी बनीं और कालांतर में चंबल के तमाम डकैत समूहों की सदस्य भी रही। दुर्दांत डकैत नामधारी फूलन संसद की सदस्य भी बनीं और सांसद रहते हुए शेर सिंह राणा द्वारा मारी भी गई।



पुस्तक के 6ठवें अध्याय में फूलन के हत्यारे शेर सिंह राणा पर भी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई है। फूलन देवी ने सांसद होने के बाद काफी धन अर्जित कर ली थी। फूलन के जीवन में एक नाम सामने आया था उम्मेद सिंह! इसे फूलन के पति के नाम से जाना गया लेकिन पुस्तक में फूलन की मां के हवाले से कहा गया कि वह फूलन के दौलत का पति था। फूलन का हत्यारा उत्तराखंड का रहने वाला था। उसका दुस्साहस देखिए कि एक सांसद की हत्या कर उसने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हत्या की वजह बेहमयी में ठाकुरों की हत्या बताया। पुलिस ने वहीं से उसे गिरफ्तार भी कर लिया। डकैत और उसके उन्मूलन पर अपने अनुभवों को साझा करते हुए लेखक पुलिस अफसर ने रोंगटे खड़े कर देने वाली जानकारी दी है। पुस्तक में नोएडा और दिल्ली की सबसे बड़ी सब्जी और फल मंडी को भी गैंगवार का बड़ा कारण मानते हुए यह जानकारी भी है कि कैसे पूर्वांचल के माफियाओं के तार यहां तक जुड़े। अपराध और अपराधी के खात्मा में लेखक यानी एक शीर्ष पुलिस अफसर की अपने समकक्ष अफसरों से गोपनीयता बरतते हुए जूनियर और कांस्टेबल स्तर के अधीनस्थों का सहयोग लेने या टीम में शामिल करने की रणनीति की निश्चित ही कुछ खास वजह होगी।

मुख्यतः डकैत और गैंगवार पर आधारित इस पुस्तक में बतौर लेखक पुलिस अफसर की वह दुर्भावना लेश मात्र भी नहीं झलकती जो स्वभावतया पुलिस और अपराधी के बीच पनपी हुई होती है। लेखक को जहां भी लगा कि फलां अपराधी मजबूरी में जरायम की दुनिया में आ गया,इसका भी वर्णन बहुत ही मार्मिक ढंग से की गई है। घनश्याम उर्फ घूंसा बाबा, आपरेशन राजू घोसी, माफिया देवेंद्र चौधरी, घनश्याम केवट , दस्यु ठाकुर मुरारी सिंह और आगरा का मुड कटवा गुलाम नबी उर्फ टोटा पर विस्तृत जानकारी से लैस इस पुस्तक को उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और एनसीआर के अपराधी गिरोहों के अलावा चंबल के दस्यु गिरोहों की जन्मकुंडली भी कह सकते हैं।

❖ **यशोदा श्रीवास्तव**

लेखक : बृजलाल, रिटायर्ड आईपीएस, सांसद राज्यसभा

पृष्ठ एक के शेष

चेहरे पर मुस्कान लानेवाला..

पर भी गया है। वह देश में ई-न्याय प्रणाली को और सुदृढ़ करने को लेकर कृतसंकल्पित हैं। पिछली बार भी उन्होंने इसके लिए ठीक-ठाक धनराशि आवंटित की थी। इस बार उन्होंने 7000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया है।

अब देश 5जी के युग में प्रवेश कर चुका है तो वित्तमंत्री ने भी लगे हाथ 100 ऐसे 5जी प्रयोगशालाओं के निर्माण की घोषणा कर दी, जो आने वाले वक्त में आम लोगों की जरूरतों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। इसके साथ ही डिजिलॉकर में अभी तक जितने भी दस्तावेज जमा कराए जा रहे थे, उनकी संख्या में भी बढ़ोत्तरी का फैसला किया गया है। आनेवाले अप्रैल माह से इसे लागू कर दिया जाएगा। जो एमएसएमई फेल कर चुके हैं, जिन्हें घाटा हुआ है, उन पर मरहम लगाते हुए वित्तमंत्री ने उनके लिए रिफंड की भी व्यवस्था की बात कही है। उन्होंने लैब में हीरे बनाने की भी बात कही है। ग्रीन हाइड्रोजन को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने 19700 करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया है तो एनर्जी सिक्योरिटी के लिए 35000 करोड़ रुपये देने की बात कही है। इसके अलावा 47 लाख युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी, कौशल विकास प्रशिक्षण के तहत और उन्हें लगातार तीन साल तक भत्ता भी मिलेगा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए बचत सीमा पहले 15 लाख रुपये थी। अब उसे बढ़ाकर सीधे दोगुना कर दिया गया है। अर्थात 30 लाख रुपये। वित्तमंत्री ने एक्साइज ड्यूटी को 13 प्रतिशत कर दिया है। इससे देसी मोबाइल, टीवी, साइकिल और खिलौने जैसे उत्पाद सस्ते हो जाएंगे। इसके उलट जो विदेशी चिमनी बनाने वाली कंपनियां हैं, उन्हें हतोत्साहित करने के लिए एक्साइज ड्यूटी को बढ़ा दिया गया है। यानी, अब विदेशी चिमनियां महंगी हो जाएंगी।

कुल मिलाकर, यह एक ऐसा बजट था, जिसकी प्रत्याशा हर किसी को थी। बेशक इस देश में मात्र दो प्रतिशत लोग ही आयकर देते हैं, लेकिन इन दो प्रतिशत लोगों को जो छूट वित्तमंत्री ने दी है, वह आनेवाले लोकसभा चुनाव में अपना हक निभा सकता है। इस बजट में हर किसी के लिए बहुत कुछ है। इनकम टैक्स सरचार्ज को घटाकर 25 प्रतिशत पर ले आना उन लोगों के लिए बड़ी राहत की बात है, जो ज्यादा टैक्स देते-देते परेशान थे। पहले यह सरचार्ज 37 प्रतिशत था। इस बजट में भविष्य की योजनाओं को लेकर भी ध्यान रखा गया है और वर्तमान की चुनौतियों से भी लोगों को निकालने का एक उपक्रम किया गया है। कुल मिलाकर यह बजट लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाने वाला है।

सर्दियों में रोजाना खाएं गाजर

गाजर को सर्दियों का सुपरफूड कहा जाता है। ये ना सिर्फ खाने में टेस्टी लगता है ब्लकि कई तरह के पोषत तत्वों से भी भरपूर होती है। आधे कप गाजर में 25 कैलोरी, 6 ग्राम काबोर्हाइड्रेट, 2 ग्राम फाइबर, 3 ग्राम शुगर और 0.5 ग्राम आयरन जैसे सभी जरुरी विटामिन और मिनरल्स होते हैं। गाजर में एक मजबूत एंटीऑक्सीडेंट भी पाया जाता है जो बहुत लाभदायक होता है।

आंखों के लिए है फायदेमंद

गाजर आंखों के लिए बहुत अच्छी मानी जाती है। इसमें बीटा-कैरोटीन भरपूर मात्रा में होता है जो शरीर में जाकर विटामिन ए में बदल जाता है। ये विटामिन आंखों को स्वस्थ रखने में मदद करता है। ये बीटा-कैरोटीन तेज धूप से आंखों को नुकसान से बचाती है और मोतियाबिंद और आंखों की अन्य समस्याओं की संभावना को कम करती है। पीली गाजर में ल्यूटिन होता है। स्टडीज के मुताबिक उम्र से संबंधित आंखों की दिक्कत को रोकता है।

कैंसर का खतरा होता है कम

गाजर कैंसर की संभावना को कम करती है। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सिडेंट आपके शरीर में हानिकारक फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करते हैं। गाजर में दो मुख्य प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट कैरोटीनॉयड और एंथोसायनिन होते हैं। कैंसर से लड़ने के लिए ये एंटीऑक्सिडेंट बहुत जरुरी है। कैरीटीनॉयड की वजह से गाजर का रंग नारंगी और पीला होता है, जबकि एंथोसायनिन से इनका लाल और बैंगनी होता है।

दिल के लिए फायदेमंद

गाजर दिल के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इनके एंटीऑक्सिडेंट दिल के भी फायदेमंद है। इसके अलावा गाजर में मौजूद पोटेशियम ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने में मदद करती है।

फरवरी माह में मनाएं ये खास व्रत व त्योहार

हिंदू पंचांग के अनुसार माघ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को जया एकादशी कहा जाता है। इस साल जया एकादशी फरवरी माह के पहले दिन अर्थात एक फरवरी को है। जया एकादशी को बेहद ही पवित्र माना गया है। इस साल फरवरी के महीने की शुरूआत बेहद ही खास दिन के साथ हो रही है। इस बार फरवरी के माह के पहले दिन जया एकादशी मनाई जाएगी। इतना ही नहीं, फरवरी महीने में अन्य भी कई खास व्रत व त्योहार हैं, जिनका अपना एक अलग महत्व है। महाशिवरात्रि से लेकर सोमवती अमावस्या तक, भक्तगण इस माह अपने आराध्य की भक्ति में लीन नजर आएंगे।

जया एकादशी- 1 फरवरी 2023 (बुधवार) : हिंदू पंचांग के अनुसार माघ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को जया एकादशी कहा जाता है। इस साल जया एकादशी फरवरी माह के पहले दिन अर्थात एक फरवरी को है। जया एकादशी को बेहद ही पवित्र माना गया है। इस दिन भगवान विष्णु का पूजन किया जाता है और व्रत रखा जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन अगर व्रत रखा जाता है, तो इससे व्यक्ति के सभी पापों का नाश होता है। इतना ही नहीं, इससे व्यक्ति को कभी भी पिशाच या प्रेत योनि में नहीं जाना पड़ता। मृत्यु के बाद उसके मोक्ष का मार्ग खुलता है।

प्रदोष व्रत- 2 फरवरी 2023 (गुरुवार) : प्रदोष व्रत विशेष रूप से महादेव शिव और पार्वती के लिए रखा जाता है। इस खास दिन पर शिव-पार्वती के पूजन की परंपरा है। इस साल प्रदोष व्रत 2 फरवरी को है। ऐसा माना जाता है कि अगर इस दिन व्यक्ति अगर पूरे मन व भक्ति से पूजन करता है तो इससे ना केवल उनका दांपत्य जीवन बेहद खुशहाल होता है।

माघ पूर्णिमा, गुरु रविदास जयंती, ललिता जयंती-5 फरवरी 2023 (रविवार) : 5 फरवरी का दिन कई मायनों में खास है। इस दिन ना केवल माघ पूर्णिमा है, बल्कि ललिता जयंती भी मनाई जाएगी। सनातन परंपरा में माना जाता है कि माघ पूर्णिमा के दिन पवित्र स्नान करने से व्यक्ति को बहुत लाभ मिलता है। साथ ही, माघ के महीने में दान करने से भी व्यक्ति को बहुत अधिक पुण्य मिलता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन अगर मां ललिता देवी का पूजन किया जाता है तो इससे व्यक्ति के जीवन में हमेशा ही सुख शांति एवं समृद्धि बनी रहती है।

द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी- 9 फरवरी 2023 (गुरुवार) : संकष्टी चतुर्थी का विशेष दिन प्रथमपूज्य गणपति को समर्पित होता है। इस खास दिन भगवान गणेश का पूजन किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि संकष्टी चतुर्थी के दिन विघ्नहर्ता गणेश का पूजन करने से व्यक्ति के जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और उनके जीवन में सुख व समृद्धि आती है।

यशोदा जयंती- 12 फरवरी 2023 (रविवार) : श्रीकृष्ण भक्तों के लिए यशोदा जयंती का दिन बेहद ही विशेष होता है। यह खास दिन श्रीकृष्ण की पालनहारी मां यशोदा की जयंती है। यह दिन मां और पुत्र के संबंधों को मजबूत करता है।

कुंभ संक्रांति, शबरी जयंती, कालाष्टमी-13 फरवरी 2023 (सोमवार) : ग्रहों की चाल का असर व्यक्ति के जीवन पर अपना गहरा प्रभाव डालती हैं। सूर्य हर महीने अपनी राशि बदलते हैं। फरवरी माह में सूर्य देव एक राशि से कुंभ राशि में प्रवेश करते हैं। इसे कुंभ संक्रांति कहा जाता है।

महाशिवरात्रि- 18 फरवरी 2023 (शनिवार) : महाशिवरात्रि का यह त्योहार बेहद ही विशेष है। इसे शिव और शक्ति के मिलन का दिन माना जाता है। इस खास दिन भगवान शिव की बारात निकली थी और माता पार्वती और भगवान शिव के विवाह के बंधन में बंधे थे।

सोमवती अमावस्या- 20 फरवरी 2023 (सोमवार) : इस साल 20 फरवरी के दिन सोमवती अमावस्या मनाई जाएगी। यह दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु की कामना करती हैं। वे पीपल की पूजा करती है और उनके लिए व्रत रखती हैं। बता दें कि सोमवार के दिन पड़ने वाली अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहा जाता है। यह सालभर में सिर्फ एक या दो बार ही आती है। इस विशेष दिन पर पवित्र नदियों में स्नान करने से पितरों की आत्मा को भी शांति मिलती है।

फुलेरा दूज- 21 फरवरी 2023 (मंगलवार) : फुलेरा दूज फाल्गुन माह की द्वितीया को मनायी जाती है। इसे होली आगमन के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। इस दिन को इसलिए भी खास माना जाता है, क्योंकि यह एक विवाह के लिए अबूझ मुहूर्त है। जिसका सीधा अर्थ है कि अगर किसी जोड़े के विवाह के लिए सटीक मुहूर्त नहीं मिल रहा है तो वे इस दिन विवाह कर सकते हैं। ऐसी मान्यता है कि फुलेरा दूज के विशेष दिन पर राधा-कृष्ण का ब्रह्म विवाह हुआ था।

❖ **मिताली जैन**

सूडोकु नवताल- 6598

★☆☆☆☆ सरल

2	9			5				4
4			2		7		8	
	1	6		8				3
8		5		9				7
3	6			2			1	9
1				3		5		2
5				7		6	3	
	3		1		8			5
9				6			2	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6597 का हल

7	8	1	6	9	4	2	5	3
2	6	4	5	3	6	1	7	9
5	3	9	1	2	7	4	6	8
9	5	8	7	4	1	3	2	6
1	2	3	9	5	6	7	8	4
4	7	6	3	8	2	9	1	5
3	9	7	2	6	5	8	4	1
6	4	2	8	1	9	5	3	7
8	1	5	4	7	3	6	9	2

दैनिक पंचांग

02 फरवरी 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मकर में	कुंभ	07.21 बजे से
चंद्र	मिथुन में	मीन	08.54 बजे से
मंगल	वृष में	मेष	10.25 बजे से
बुध	धनु में	वृष	12.05 बजे से
गुरु	मीन में	मिथुन	14.03 बजे से
शुक्र	कुंभ में	कर्क	16.16 बजे से
शनि	कुंभ में	सिंह	18.33 बजे से
राहु	मेष में	कन्या	20.44 बजे से
केतु	तुला में	तुला	22.55 बजे से
राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक		वृश्चिक	01.10 ब.से
		धनु	03.26 बजे से
		मकर	05.31 बजे से

गुरुवार 2023 वर्ष का 33 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944 **मास** माघ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वादशी 16.27 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** आर्द्रा 06.18 बजे प्रात: को समाप्त। **योग** वैधृति 12.12 बजे को समाप्त। **करण** बालव 16.27 बजे तदनन्तर कौलव 05.42 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 11.1 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 16° 57' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871512 **जूलियन दिन** 2459977.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** रज्जब **तारीख** 10 **विशेष** प्रदोष व्रत।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
शुभ	05.54 से	07.22 बजे तक	अमृत	05.40 से	07.11 बजे तक
रोग	07.22 से	08.51 बजे तक	चर	07.11 से	08.43 बजे तक
उद्वेग	08.51 से	10.19 बजे तक	रोग	08.43 से	10.15 बजे तक
चर	10.19 से	11.47 बजे तक	काल	10.15 से	11.47 बजे तक
लाभ	11.47 से	01.15 बजे तक	लाभ	11.47 से	01.19 बजे तक
अमृत	01.15 से	02.43 बजे तक	उद्वेग	01.19 से	02.51 बजे तक
काल	02.43 से	04.11 बजे तक	शुभ	02.51 से	04.23 बजे तक
शुभ	04.11 से	05.40 बजे तक	अमृत	04.23 से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 7662



बाएँ से दाएँ

1.लालसा,मांग-3
3.मोटरगाड़ी-4
6.दरवाजे पर दी गई थाप-3
7.मां की माता-2
8.पार्थिव देह-2
10.संजय दत्त,जैकी श्रॉफ, माधुरी की फिल्म-5
12.स्वदेश,जन्मभूमि-3
15.पाबंदी,रोक-3
17.आश्चर्यचकित होना-5
20.नासिका-2
22.आनेवाला दिन-2
23.समतल-3
24.शमशीर, कृपाण -4
25.फिजूल,व्यर्थ-3

ऊपर से नीचे

2.दुर्जन,बेइमान-5
3.जिसके सिर पर बल न हो,गंजा-3
4.साहूकार,व्यापारी-4
5.जांच,परीक्षण-3
7.मां के पिता-2
9.लाश-2
11.तरुणी,किशोरी-3
13.कार्यविधि-3
14.बेइज्जत होना-2-3
15.हाथी साधने वाला -4
16.मेहंदी-2
18.ताकत,जोर-2
19.अभिनेत्री-3
21.कमी-3

शब्द पहेली -7661 का हल

प	र	व	र	दि	गा	र		
	च		ह		ड़ी		अ	
आ	ना		मा	ल	वा		दा	म
रा		म	न		न	ल		न
म	ही	न				ल	की	र
दे		न	स		ह	क		ख
ह	त्या		र	न	र		का	ना
	ग		ह		द		फि	
		व	द	ना	म	क	र	ना

आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। बिजनेस में अच्छा फायदा होगा, लेकिन अपने काम पर ध्यान लगाना मुश्किल हो सकता है।

वृष राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कुछ सुखद समाचार मिलने की उम्मीद हैं। व्यावसायिक स्तर पर अपनी ओर से भरसक प्रयास करें, सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिये व्यस्तताओं भरा हो सकता है। अपनी सेहत के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। व्यवसायी किसी नई परियोजना पर काम शुरू कर सकते हैं। कार्यस्थल पर आपका प्रदर्शन बेहतर रहेगा।

कर्क राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। पुराने विवादों से निजात मिल सकती है। समझदारी से उठाया गया एक छोटा सा कदम दुश्मनी को दोस्ती में बदल सकता है।

सिंह राशि : आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। आप अपने आस-पास सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगे। कार्यस्थल पर आप बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

कन्या राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। धन कमाने के नए स्त्रोत मिल सकते हैं। मेहनत के चलते कारोबार में अच्छा लाभ होगा। हालांकि, खर्चों में भी वृद्धि रहेगी।

तुला राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कैरियर के लिहाज से कोई निर्णय लेना पड़ सकता है, सोच-समझकर लिया गया फैसला आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अंहकार और अति आत्मविश्वास से बचने की जरूरत है। कार्यों में सफलता मिलेगी और कैरियर को उम्मीदों के पंख लग सकते हैं।

धनु राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। नयी ऊर्जा का प्रवाह आपको निजी एवं व्यवसायिक स्तर पर नए कार्यों से जुड? के लिये प्रेरित कर सकता है। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा, जिससे आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

मकर राशि : आज के दिन आप अपनी भावनाओं में सकारात्मक परिवर्तन महसूस करेंगे। यह परिवर्तन खुशियों से भरपूर रहने के आसार हैं। कामकाजी व्यस्तताओं के बीच परिजनों के साथ समय व्यतीत कर सकेंगे।

कुंभ राशि : आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। हर काम में आसानी से सफलता मिलेगी। अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में इस्तेमाल करना फायदेमंद रहेगा। कामकाज की दृष्टि से लक्ष्यों तक आसानी से पहुंच सकते हैं।

मीन राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। धन संबंधी परेशानियों से निजात मिलेगी। कारोबार में अच्छा मुनाफा मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। कोई उलझा हुआ पारिवारिक मसला सुलझ सकता है।

NEWS इन ब्रीफ

भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे पहलवान नरसिंह

जाग्रेब। क्रोएशियाई राजधानी में शुरू हो रहे साल के पहले कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला, जाग्रेब ओपन में शीर्ष भारतीय पहलवानों की अनुपस्थिति में पहलवान नरसिंह यादव भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे। अग्रणी भारतीय पहलवान बजरंग पुनिया और रवि कुमार दहिया टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे। टोक्यो ओलंपिक के दो पदक विजेताओं के साथ उल्लेखनीय भारतीय एथलीट जो क्रोएशिया में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे।

वीजा मुद्दों के कारण उस्मान ख्वाजा के भारत आगमन में देरी

सिडनी। टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा की भारत यात्रा में देरी हो रही है, क्योंकि वह अभी भी भारत सरकार से वीजा का इंतजार कर रहे हैं। खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ नौ फरवरी से नागपुर में शुरू होनेवाले पहले टेस्ट से पहले मंगलवार और बुधवार को दो अलग-अलग विमानों से भारत के लिए रवाना हुए।

चीनी रेफरी फीफा क्लब विश्व कप के उद्घाटन मैच में करेंगे अंपायरिंग

ज्यूरिख। फीफा ने घोषणा की है कि चीनी मैच अधिकारी मा निंग, झोउ फेई, झांग चेंग और फू मिंग, मोरक्को में होनेवाले फीफा क्लब विश्व कप के उद्घाटन मैच में अंपायरिंग करेंगे। मा, मिस्र के अल अहली काहिरा और न्यूजीलैंड के ऑकलैंड सिटी के बीच बुधवार के मैच में रेफरी होंगे, जबकि झोउ और झांग सहायक रेफरी के रूप में काम करेंगे।

चोट के कारण मेंडी टीम से बाहर

मैड्रिड। रियल मैड्रिड के फेरलैंड मेंडी को टीम से दो महीने के लिए बाहर किया जा सकता है, क्योंकि ला लीगा क्लब ने पुष्टि की है कि उन्हें मांसपेशियों में चोट लगी है। क्लब की वेबसाइट के मुताबिक, हमारे खिलाड़ी फेरलैंड मेंडी के रियल मैड्रिड मेडिकल सर्विसेज द्वारा आज किए गए परीक्षण के बाद पता चला है कि उनके बाएं पैर की मांसपेशी में चोट लगी है। उनकी रिकवरी पर नजर रखी जाएगी।

श्रीलंका ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की

कोलंबो। दक्षिण अफ्रीका में 10 से 26 फरवरी तक होनेवाले आगामी आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के लिए नियमित कप्तान चमारी अथापथ्थू श्रीलंका की 15 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगी। अथापथ्थू की अगुआई वाली टीम में हरफनमौला हसीनी परेरा नहीं होंगी।

सैम करन पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना

दुबई। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज सैम करन पर ब्लोमफोंटेन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार 29 जनवरी को खेले गए दूसरे वनडे के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आचार संहिता के स्तर 1 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है।

बजट 2023-24 : खेल क्षेत्र को मिला रिकॉर्ड 3397 करोड़ रुपये

खेल क्षेत्र के लिए इतिहास में अबतक की सबसे अधिक राशि आवंटित

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को देश का आम बजट पेश करते हुए खेल क्षेत्र के लिए इतिहास में अबतक की सबसे अधिक राशि आवंटित की। रिकॉर्ड छलांग के साथ खेल क्षेत्र के विकास के लिए केंद्रीय बजट में 3397.32 करोड़ रुपये की राशि आवंटिन की गई। खेल क्षेत्र में यह बजट इसी साल होनेवाले एशियाई खेलों और 2024 पेरिस ओलंपिक से पहले एक बड़े प्रोत्साहन के रूप में आया है। पिछले वित्तीय वर्ष में खेल बजट 2757.02 करोड़ रुपये का था। टारगेट ओलंपिक पोडियम (टॉप) योजना के माध्यम से एथलीटों के प्रशिक्षण में भी बड़ा बढ़ावा मिला है। भारतीय खेल प्राधिकरण को इस साल के खेल बजट में 785.52 करोड़ रुपये का सहयोग मिला है। इस बीच खेलो इंडिया को खेल बजट में सबसे ज्यादा 1045 करोड़ रुपये का आवंटन मिला है। बाकी राशि राष्ट्रीय खेल महासंघ (325 करोड़ रुपये), राष्ट्रीय सेवा योजना (325 करोड़ रुपये) और राष्ट्रीय खेल विकास कोष (15 करोड़ रुपये) के लिए रखी गई है।

नकद पुरस्कार योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया में बदलाव

नई दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीतनेवाले पदक विजेताओं और उनके कोचों के लिए नकद पुरस्कार योजना के तहत आवेदन करने की प्रक्रिया में बदलाव किया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि नकद पुरस्कार योजना में सुधार लाने के लिए प्रक्रिया को संशोधित किया गया है। आवेदकों को 30 अप्रैल, 2023 तक नकद पुरस्कार योजना के तहत आवेदन करने का एकमुश्त मौका दिया गया है।

टी-20 में भारत की सबसे बड़ी जीत

न्यूजीलैंड को 168 रन से हराया

गिल ने ठोका शतक, पांड्या ने लिए चार विकेट

234 रन के जवाब में कीवी टीम 66 रन पर हो गई ऑलआउट

एजेंसी। अहमदाबाद

टीम इंडिया ने तीसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 168 रन से हराकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। अहमदाबाद में हुए सीरीज के आखिरी मुकाबले में भारत ने शुभमन गिल (नाबाद 126 रन) के इस फॉर्मेट में पहले शतक की बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 234 रन बनाए। जवाब में कीवी टीम 12.1 ओवर में 66 रन के स्कोर पर ऑलराउट हो गई। हार्दिक पंड्या ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए।

पांड्या ने ब्लेयर टिकनर एक रन, लोकी फर्ग्युसन शून्य, ग्लेन फिलिप्स 2 रन और फिन एलेन 3 रन के विकेट लिए। यह टी-20 क्रिकेट में रन के लिहाज से भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत और न्यूजीलैंड की सबसे बड़ी हार है। भारत का पिछला रिकॉर्ड 143 रन से जीत का था। टीम इंडिया ने 2018 में आयरलैंड को 143 रन से हराया। वहीं, न्यूजीलैंड की टीम इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ 2010 में 103 रन से हारी थी।

टी-20 में किसी टेस्ट टीम की दूसरी सबसे बड़ी जीत : भारत ने टी-20 इंटरनेशनल में किसी टेस्ट टीम की दूसरी सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया। पहले स्थान पर श्रीलंका की टीम है। श्रीलंका ने 2007 में केन्या को 172 रन से हराया था। अगर टेस्ट न खेलने वाली टीमों के रिकॉर्ड भी शामिल करें तो टी-20 इंटरनेशनल में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड चेक रिपब्लिक के नाम है। चेक टीम ने 2019 में तुर्किये को 257 रन से हराया था।

गिल ने तोड़ा कोहली का रिकॉर्ड

सीरीज के पहले दो मुकाबलों में फ्लॉप रहे गिल ने इस पारी में 63 गेंदों पर 126 रन की पारी खेली। उन्होंने 12 चौके और 7 छक्के जमाए। राहुल त्रिपाठी ने 44, कप्तान हार्दिक पंड्या ने 30 और सूर्यकुमार यादव ने 24 रन बनाए। गिल टी-20 इंटरनेशनल में भारत के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा। विराट ने पिछले साल अफगानिस्तान के खिलाफ 122 रनों की पारी खेली थी। गिल ने हार्दिक पंड्या के साथ चौथे विकेट के लिए 40 गेंदों पर 103 रन की साझेदारी की। डेरिल मिचेल, माइकल ब्रेसवेल, ब्लेयर टिकनर और ईश सोढ़ी को एक-एक विकेट मिला।

रूस, बेलारूस के खिलाफ जारी रहेगा प्रतिबंध

जिनेवा। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने रूसी ओलंपिक समिति (आरओसी) के अध्यक्ष स्टानिस्लाव पॉज्न्याकोव की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें रूसी और बेलारूसी राज्य और सरकारों के खिलाफ प्रतिबंधों पर अपने रुख की पुष्टि की गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने आईओसी के एक प्रवक्ता के हवाले से कहा : रूसी और बेलारूसी राज्य और सरकारों के खिलाफ प्रतिबंधों से समझौता नहीं किया जा सकता है। प्रवक्ता ने आगे कहा : 9 दिसम्बर 2022 को हाल ही में हुई ओलंपिक शिखर सम्मेलन की बैठक में उनकी सर्वसम्मति से पुष्टि की गई है। यहां रूस या बेलारूस में आईएफ और एनओसी द्वारा कोई अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन या समर्थन नहीं किया गया।

प्रवक्ता ने आगे कहा : इन देशों का कोई भी झंडा, गान, रंग या कोई अन्य पहचान किसी भी खेल आयोजन या बैठक में प्रदर्शित नहीं किया जा रहा है, जिसमें संपूर्ण स्थल भी शामिल है। साथ ही किसी भी अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन या बैठक के लिए किसी भी रूसी और बेलारूसी सरकार या राज्य के अधिकारी को आमंत्रित या मान्यता प्राप्त नहीं होना चाहिए। पॉज्न्याकोव ने पिछले हफ्ते आईओसी द्वारा रूसी एथलीटों को अपनी प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति देने के कदम का स्वागत किया, क्योंकि आईओसी ने कहा कि सख्त परिस्थितियों में प्रतियोगिता में एथलीटों की भागीदारी के लिए एक मार्ग का पता लगाया जाना चाहिए।

भारत के पूर्व फुटबॉलर परिमल डे का निधन

एजेंसी। कोलकाता

भारत के पूर्व फुटबॉलर परिमल डे का लंबी बीमारी के बाद बुधवार को यहां 81 साल की उम्र में निधन हो गया। 4 मई, 1941 को जन्मे डे को 2019 में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा बंग भूषण की उपाधि से सम्मानित किया गया था। 1960 के दशक में डे ने भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किए। उन्होंने कुआलालंपुर में 1966 मडेर्का कप में कोरिया गणराज्य के खिलाफ मैच का एक मात्र गोलकर भारत को कांस्य पदक दिलाया। घरेलू स्तर पर उन्होंने अपनी टीम को 1962, 1969 में दो बार संतोष ट्रॉफी जिताने का गौरव प्राप्त हुआ।

पूर्वी बंगाल के लिए फारवर्ड के रूप में खेलते हुए उन्होंने 84 गोल किए और 1968 में क्लब की कप्तानी भी की। डे ने 1966, 1970 और 1973 में तीन बार कलकत्ता फुटबॉल लीग और आईएफए शील्ड जीतने का गौरव हासिल किया और बीएनआर (1966) और ईरानी पक्ष पीएएस क्लब (1970) के खिलाफ आईएफए शील्ड फाइनल में गोल कर भारतीय फुटबॉल लोककथाओं में अपना नाम दर्ज कराया। 1966 का सीएफएल डे के लिए एक बड़ा टूर्नामेंट था, क्योंकि उन्होंने पहले नौ मैचों में से प्रत्येक में गोल किया था। इनके अलावा, उन्होंने डूरंड कप (1967, 1970), रोवर्स कप (1967, 1969, 1973) में भी अपनी टीम को जिताया।

एआईएफएफ ने जताया शोक

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर परिमल डे के निधन पर शोक व्यक्त किया है, जिनका बुधवार को कोलकाता में 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने अपने शोक संदेश में कहा : भारत के पूर्व स्टार परिमल डे का निधन भारतीय फुटबॉल के लिए एक बड़ी क्षति है। जांगला-दा, जैसा कि हम उन्हें जानते थे, 1960 के दशक के सर्वश्रेष्ठ योजनाकारों में से एक थे, प्रशंसकों के दिलों और दिमाग में अभी भी हैं। मेरी संवेदना उनके परिवार और दोस्तों के लिए हैं। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरन ने कहा : परिमल डे के निधन से पूरी भारतीय फुटबॉल बिरादरी बेहद सदमे में है। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदना है। उनकी आत्मा को शांति मिले।

अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ नहीं होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

पर्याप्त सबूत नहीं होने के कारण मिली राहत

बर्लिन। न्यूयॉर्क

वर्ष 2020 यूएस ओपन चैम्पियन और जर्मन टेनिस स्टार अलेक्जेंडर ज्वेरेव को उनकी पूर्व प्रेमिका द्वारा लगाए गए घरेलू दुर्व्यवहार के आरोपों में किसी भी अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं। ज्वेरेव की पूर्व प्रेमिका ओलेआ शारिपोवा द्वारा घरेलू शोषण के आरोपों के बाद अक्टूबर 2021 में एटीपी द्वारा जांच शुरू की गई थी। यह जांच द लेक फॉरेस्ट ग्रुप (एलएफजी) द्वारा की गई थी, जिसका नेतृत्व संस्थापक और मुख्य कार्यकारी जी माइकल वर्डेन और जेनिफर मैकोवजक ने किया था। जांच ने शारिपोवा और ज्वेरेव दोनों के ऑडियो और तस्वीरों सहित सबमिशन की समीक्षा की। इसमें तीसरे पक्ष के फोरेंसिक विशेषज्ञ के माध्यम से ज्वेरेव के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकाली गई सामग्री शामिल थी। एलएफजी ने सोशल मीडिया सहित तीसरे पक्ष के गवाहों और सार्वजनिक रिकॉर्ड द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की भी समीक्षा की और अपनी पूरी रिपोर्ट एटीपी को सौंपी।

जिम्बाब्वे की तरफ से खेलेंगे पूर्व इंग्लिश बल्लेबाज बैलेंस

हरारे। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज गैरी बैलेंस को वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे की टीम के लिए चुना गया है। इसी के साथ वह अपने मूल देश के लिए अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं। छह साल के अंतराल के बाद जिम्बाब्वे के खिलाड़ी गैरी बैलेंस फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला में टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हैं। इस बीच, क्रेग एर्विन रिटायर्ड हर्ट सीन विलियम्स की जगह लेंगे, जो अपनी उंगली के फ्रैक्चर के कारण बुलावायो में टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे।



खेलो इंडिया | महाराष्ट्र की 14 वर्षीय वेटलिफ्टर आकांक्षा व्यवहारे तैयार

14 साल की उम्र में किए हैं बड़े कारनामे

एजेंसी। इंदौर

आकांक्षा व्यवहारे की उम्र सिर्फ 14 साल है लेकिन उनके कारनामे बहुत बड़े हैं। अपने वेट कैटेगरी में कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम करने के बाद टॉप्स डेवलपमेंट लिस्ट में नाम दर्ज करा चुकीं आकांक्षा पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स में खेलने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुकीं आकांक्षा इस प्लेटफार्म का पहली बार उपयोग करने को लेकर काफी उत्साहित और रोमांचित हैं। भारत की ओलंपिक पदकधारी वेटलिफ्टर मीराबाई चानू की राह पर चलने की इच्छा रखने वाली मनमाड़ में अभ्यास करती हैं। आकांक्षा अपने देश के लिए पदक जीतना चाहती हैं। आकांक्षा ने कहा : मैं मीराबाई चानू की तरह बनना चाहती हूं। इस मुकाम पर पहुंचने के लिए उन्होंने बहुत मेहनत की है। उन्होंने कई सारे त्याग किए हैं और इसी कारण वह आज इस मुकाम पर हैं।

खेलो इंडिया के लिए साई रिजनल सेंटर औरंगाबाद में प्रैक्टिस कर रहीं आकांक्षा ने बताया कि अपनी प्रेरणास्रोत मीराबाई से वह एक बार मिली हैं और उन्हें काफी अच्छा लगा था। आकांक्षा ने कहा : इंटरनेशनल के लिए जाते वक्त मेरी एक बार उनसे मुलाकात हुई है। उन्होंने कहा था कि तुम अच्छा कर रही है। इसी तरह मेहनत करती रहो। सिर्फ और सिर्फ अपने खेल पर ध्यान लगाओ। आकांक्षा ने छोटी सी उमर में ढेर सारी सफलता हासिल की है। मार्च 2022 में आकांक्षा ने ओडिशा नेशनल्स में हिस्सा लिया था और इसमें उन्होंने 40 किग्रा कैटेगरी में 6 नेशनल रिकॉर्ड बनाए थे और गोल्ड जीता था। फिर अगस्त 2022 में आकांक्षा ने पटियाला में आयोजित नेशनल्स में हिस्सा लिया था। उसमें 40 किग्रा कैटेगरी में उन्हें गोल्ड मिला था। 2022 में ही आकांक्षा ने मेक्सिको में आयोजित इंटरनेशनल इवेंट में ओवरआल सिल्वर जीता था। स्नैच में मेरा गोल्ड था। वहां मैंने स्नैच में नेशनल रिकॉर्ड बनाया था। फिर मैंने एशियन यूथ एंड जूनियर चैंपियनशिप में ब्रांज मेडल जीता था। उस समय मैंने क्लीन एंड जर्क में 70 किग्रा का नेशनल रिकॉर्ड बनाया था।

बढ़ गई हैं आकांक्षा की जिम्मेदारियां

बीते साल टाप्स में आनेवाली आकांक्षा मानती हैं कि इस सूची में आने के बाद उनकी जिम्मेदारियां बढ़ गई हैं। उन्होंने कहाः मेरा भी पहला खेलो इंडिया है, लेकिन मैं इंटरनेशनल और नेशनल में कई बार खेल चुकी हूं। पहली बार खेलते हुए थोड़ी दिक्कत होती है। कई बार खिलाड़ी अच्छा नहीं कर पाते या कैटेगरी चेंज करने के कारण एडजस्ट नहीं कर पाते लेकिन इससे परेशान होने की जरूरत नहीं है। अपना बेस्ट देने का प्रयास करें। तमिलनाडु में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप में पहली बार 45 किग्रा कटेगरी में खेलने वाली आकांक्षा के मुताबिक खेलो इंडिया इंटरनेशनल स्तर का प्लेटफॉर्म लगता है।